स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
2 दिसंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 105 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गावस्कर बोले कोहली के शतकों का रिकार्ड उनके बेजोड़ कद को दिखाता है



## सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी चाहिए : मोदी



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हैं कि कैसे परफॉर्म किया जाए। उन्होंने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं। पीएम ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।

# एसआईआर पर संसद में हंगामा



**नई दिल्ली।** 12 राज्यों में जारी चुनाव आयोग के एसआईआर पर आज संसद में खूब हंगामा हुआ। शोरगुल के बीच राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सुचारू

- राज्यसभा में जबर्दस्त शोरगुल, लोकसभा स्थगित

कार्यवाही चलने देने की अपील की। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार राज्यों में हो रही बीएलओ की मौत के बावजूद इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा पर अड़ा है। वहीं विपक्ष के हंगामे के बीच मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा से पारित हो गया। लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के बीच फिर से शुरू हुई। मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने एसआईआर के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के बाद राज्यसभा सदस्यों ने सभापति की अनुमति से प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। गुजरात से निर्वाचित भाजपा सांसद बाबूभाई देसाई ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा, विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए...चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट ना कटे...हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं...उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में जो दिखाई दे रहा है, वो यह है कि भाजपा की रणनीति है कि जिन बूथों पर विपक्ष जीता है, उन बूथों पर सबसे ज्यादा वोट काटे जाएं।

## प्रधानमंत्री सबसे बड़े ड्रामेबाज : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है।

- कहा- असल मुद्दों पर चर्चा करें

## लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मोदी के बयान पर जवाब देते हुए, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक कुत्ता लेकर संसद परिसर में पहुंच गईं। इस घटना पर बीजेपी सांसदों ने कड़ा विरोध जताया है। रेणुका चौधरी से जब पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा- सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं। इसमें क्या हर्ज है? उन्होंने कहा, ये छोटा और बिल्कुल नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है। काटने वाले और डसने वाले संसद में, कुत्ते नहीं। उनके इस कदम पर बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने नाराजगी जताई। संसद की सिक्योरिटी कंसर्न को लेकर कांग्रेस सांसद ने कहा, कौन सा प्रोटोकाल। कहीं कोई कानून बना है क्या। मैं रास्ते में आ रही थी। वहां स्कूटर और कार वाले का टक्कर हुआ। उसके आगे ये छोटा पिल्ला निकलकर सामने आ गया। ये चारों तरफ सड़क पर घूम रहा था। मैंने सोचा ये पहिए के नीचे आ जाएगा।

# ‘दिल्ली समेत अन्य हवाई अड्डों पर हुआ था साइबर हमला’

**नई दिल्ली।** नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी।

- संसद में सरकार ने जीपीएस स्पूफिंग की बात कबूल

दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर साइबर हमला हुआ था, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले



विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने संसद में एक आंकड़ा पेश किया था। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच 465 जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र (अमृतसर और जम्मू) में दर्ज की गईं। वहीं अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में 4.3 लाख जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2023 की तुलना में 62 प्रतिशत अधिक हैं।

### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

## नवंबर में 1.70 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज नवंबर में हुए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं। नवंबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.70 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। सालाना आधार पर इसमें 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी नवंबर 2024 में सरकार ने 1.69 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का संग्रह किया था। वहीं पिछले महीन अक्टूबर के मुकाबले नवंबर का कलेक्शन 26 हजार करोड़ रुपए घटा है।

अक्टूबर में सालाना 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.96 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में जुटाए गए थे।

# सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच

- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- राज्य सरकारें जांच एजेंसी की मदद करें
- कहा- ये तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम

की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट



मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे आयरन हैंड से निपटने लायक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया था। दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई (पूर्व सीजेआई) को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में खुद से एक्शन लिया था।

## मुंबई में भी ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू

**मुंबई।** बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की भी सांसें फूल रही हैं। ऐसे में सरकार

- प्रदूषण वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर रोक

ने मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके साथ ही मुंबई भी दिल्ली के साथ उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और जीपीएस- ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

# दिल्ली विस्फोट : कश्मीर-लखनऊ में आठ जगहों पर एनआईए की रेड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली/लखनऊ।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट

- आतंकी शाहीन और ड्रोन हमलों की प्लानिंग करने वाले बिलाल के घर तलाशी की

मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। लखनऊ में दिल्ली ब्लास्ट की मास्टरमाइंड डॉ. शाहीन सईद के घर सोमवार सुबह ह्वढ्ढ की टीम पहुंची। एनआईए टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। डॉ. शाहीन का घर लखनऊ के लालबाग में है। यहां उसके पिता सईद अंसारी रहते हैं। घर जांच के दौरान बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। उधर लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो गया। एनआईए की टीम अंदर गई उसके पिता सईद अंसारी से काफी देर तक बातचीत की। बताया जा रहा था कि एनआईए की टीम अपने साथ डॉ. शाहीन को भी लेकर लखनऊ आई थी, लेकिन ऐसा नहीं है। शाहीन के पिता सईद अंसारी का कहना है कि उन्हें अब भी भरोसा नहीं होता कि उनकी बेटी किसी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल हो सकती है। दोबारा छापेमारी के बाद परिवार में तनाव और बढ़ गया है। गौरतलब है कि डॉ. शाहीन के परिवार से पूछताछ का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले यूपी एसटीएफ, दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी शाहीन के घर पर जानकारी जुटा चुकी हैं। मुख्य आरोपी मुज्जमिल से निकाह की बात सामने आने के बाद से ही एजेंसियां शाहीन की भूमिका को लेकर सतर्क हो गई थीं। एजेंसी के अनुसार, एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई।

### पुंछ में वीपीएन सेवाएं बंद

पुंछ जिले में सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सभी वीपीएन सेवाएं दो महीने के लिए बंद कर दी हैं। आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में बढ़ी सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। अधिकारियों के मुताबिक, वीपीएन के जरिए जानकारी बाहर जाने और संदिग्ध गतिविधियों के बढ़ने का खतरा था। इसलिए पूरे जिले में वीपीएन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दरअसल वीपीएन एक ऐसा एप या सर्विस होती है जो आपके मोबाइल/कंप्यूटर की इंटरनेट लोकेशन और पहचान छिपा देती है। जब आप वीपीएन ऑन करते हैं, तो आपका इंटरनेट किसी दूसरे देश या दूसरी जगह से चलता हुआ लगता है।

### अल फलाह के मालिक को 14 दिनों की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जावेद सिद्दीकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जावेद सिद्दीकी, जिन्हें अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियों ने कुछ आरोपों के चलते जावेद को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जावेद सिद्दीकी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि अब उन्हें जेल में रहना होगा और इस दौरान जांच एजेंसी पूछताछ करेगी।

अल फलाह यूनिवर्सिटी का मालिक जावेद अहमद सिद्दीकी (61) तीन वर्ष जेल में बंद रह चुका है। वह पहले चिट फंड का काम करता था। उसके बाद उसने लोगों को पैसे नहीं दिए थे। उसके खिलाफ 14 से 15 प्राथमिकी दर्ज हुई थीं। माना जा रहा है कि उसने इन पैसों से यूनिवर्सिटी को खड़ा करने में लगाया। हालांकि बाद में उसने सभी लोगों का पैसा लौटा दिया। वह सभी केसों से बरी हो गया था।

## कोलकाता में बीएलओ का जोरदार प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

# सात समंदर पार से आए लाखों ‘फ्लेमिंगो’ पक्षी

**कच्छ (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ के रण में ठंड की दस्तक के साथ ही सायबेरिया, ईरान और यूरोप से विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। ठंड की शुरुआत में ही यहां 1 लाख से अधिक

- गुजरात में कच्छ का रण हुआ गुलाबी
- इस बार रिकॉर्ड 3 लाख पहुंच सकती है इनकी संख्या

फ्लेमिंगो का जमावड़ा हो चुका है। गुलाबी पंखों वाले फ्लेमिंगों की इस भीड़ से कच्छ का रण का नजारा भी गुलाबी हो गया है।पूर्वी कच्छ वन विभाग के मुख्य अधिकारी आयुष वर्मा ने बताया कि अभी तो इन विदेशी मेहमानों के आगमन का सिलसिला शुरू ही हुई है। दिसंबर के अंत तक इनकी संख्या तीन लाख तक पहुंच सकती है, जो कि पूरे कच्छ का सबसे अनोखा नजारा होगा।



**कच्छ को कहा जाता है फ्लेमिंगो सिटी**

साइबेरिया, ईरान और यूरोप के ठंडे प्रदेशों से फ्लेमिंगो कच्छ के रण में हर साल सर्दियां बिताने आते हैं। इनके साथ पेंटास्टॉर्क, सफेद और गुलाबी रंग के लेसर व ग्रेटर सहित कई विदेशी पक्षी भी आते हैं। इन्हें देखने के लिए विदेशी मेहमान भी कच्छ आते हैं। गुजरात का रण ऑफ कच्छ खासतौर पर फ्लेमिंगो पक्षियों के प्रजनन स्थल के लिए मशहूर है। इसीलिए इसे फ्लेमिंगो सिटी भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान लाखों की संख्या में गुलाबी पंखों वालों फ्लेमिंगो इस दलदली क्षेत्र को गुलाबी रंग से भर देते हैं।

# अध्ययन : खून के अणुओं से कम होगी उम्र बढ़ने की रफ्तार

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने खून में पाई जाने वाली एक कम-पहचानी बैक्टीरिया प्रजाति से बने नए एंटी-एजिंग यौगिक खोजे हैं। यह खोज

- अधिक जवां दिखेगी त्वचा

भविष्य में नई स्किन-रिजुवनेशन थेरेपी यानी त्वचा को फिर से जवां करने के तरीकों की राह दिखा सकती है। इन यौगिकों को इंडोल मेटाबोलाइट्स कहा जाता है। इन यौगिकों लैब में तैयार त्वचा कोशिकाओं में सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और कोलाजेन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि को कम किया। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह भविष्य की स्किन थेरेपी का अप्रत्याशित स्रोत बन सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि शरीर खुद ऐसे अणु बनाता है जिनमें प्राकृतिक एंटी-एजिंग क्षमता होती है। खून में रहने वाले एक बैक्टीरिया के बनाए गए ये तीन शक्तिशाली अणु मानव त्वचा कोशिकाओं में सूजन और कोशिकाओं के नुकसान को कम करने में सक्षम पाए गए। यह शोध अध्ययन अमेरिकन केमिकल सोसायटी और अमेरिकन सोसायटी ऑफ फार्माकोग्नॉसी के जर्नल ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स में छपा है। इनमें से तीन इंडोल, जिनमें दो नए थे, ने तनावग्रस्त कोशिकाओं में प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों को कम किया, जबकि बगैर इलाज वाली कोशिकाओं में यह अधिक था। इन्हीं यौगिकों ने दो सूजन बढ़ाने वाले प्रोटीन और एक कोलाजेन तोड़ने वाले प्रोटीन के स्तर भी कम किए। इन शुरुआती परिणामों के आधार पर, वैज्ञानिकों का कहना है कि ये नए इंडोल मेटाबोलाइट भविष्य में ऐसे इलाज विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम करें।

### खून में रहने वाले बैक्टीरिया खोल सकते हैं सेहत के राज

वैज्ञानिकों को अभी भी यह कम समझ है कि खून में घूमने वाले बैक्टीरिया के उप-उत्पाद (मेटाबोलाइट्स) इंसानी सेहत पर कैसे असर डालते हैं। इनमें से इंडोल यौगिक खास तौर से अहम हैं क्योंकि यह बुढ़ापा रोधी, सूजन रोधी और सूक्ष्मजीव रोधी प्रभाव वाले गुण रखता है। वैज्ञानिकों ने 2015 में ऐसा ही एक खून में रहने वाला बैक्टीरिया खोजा जो ये यौगिक बनाता है और उसका नाम पैराकोकस सैंगुइनिस रखा गया। इस विचार को समझने के लिए टीम ने पैराकोकस सैंगुइनिस को तीन दिन तक बड़ी मात्रा में उगाया और इसमें बने सभी मेटाबोलाइट्स (एक पदार्थ जो चयापचय में बनता है या उसके लिए जरूरी है) को निकाला।

# पर्यटन परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण



**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को बनरसिया कला स्थित देवदह स्तूप और आसपास चल रही पर्यटन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले देवदह स्तूप के उत्खनन कार्य का जायजा लिया। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी ने बताया कि राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा 88 एकड़ भूमि को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। मुख्य स्तूप की खुदाई में शुंग, कुषाण और मौर्य काल के अवशेष मिले हैं। प्रमुख पुरातात्विक खोजों में गुप्तकालीन मृदभांड, मनके, ताम्र सिक्के तथा समुद्रगुप्त कालीन दंडधारी प्रकार का स्वर्ण सिक्का शामिल है। कुषाणकालीन अवशेषों में पक्की ईंटों की आवासीय संरचनाएं, रिंगवेल, तांबे के सिक्के, मिट्टी के उपकरण और स्टोरेज जार मिले हैं। प्रथम चरण के निष्कर्ष उत्साहजनक पाए जाने के कारण दूसरे चरण का उत्खनन शीघ्र शुरू किया जाएगा। साथ ही चहारदीवारी, पाथवे निर्माण और उत्खनित संरचनाओं के अनुरक्षण कार्य भी प्रस्तावित हैं। दूसरे चरण से पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वे कराया जाना है, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित विपश्यना केंद्र का अवलोकन किया। केंद्र का सोलर सिस्टम खराब मिलने पर यूपीपीसीएल को तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। उन्होंने केंद्र के संचालन की जानकारी ली, जिस पर उपनिदेशक पर्यटन ने बताया कि केंद्र पुरातत्व विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है, लेकिन संचालन शुरू नहीं हो सका है। जिलाधिकारी ने संचालन और अनुरक्षण का प्रस्ताव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में रखने के निर्देश दिए। साथ ही पूरी परियोजना को नेचुरोपैथी एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनाने को कहा। जिलाधिकारी ने देवदह सरोवर के विकास और सुंदरीकरण कार्य को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सरोवर में जल आगमन एवं निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और सफाई कार्य तेज करने को कहा। उन्होंने समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने तथा देवदह परियोजना को एकीकृत रूप से विकसित करने पर जोर दिया। आवश्यकतानुसार भूमि क्रय का प्रस्ताव शासन को भेजने और परियोजना स्थल पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापना हेतु राज्य ललित कला अकादमी को पत्र भेजने के निर्देश भी दिए।
निरीक्षण के दौरान एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद, उपनिदेशक पर्यटन गोरखपुर मंडल राजेंद्र प्रसाद, सहायक पर्यटक अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी कृष्ण मोहन दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन बच्चों की मौत पर कमिश्नर का दौरा



**कुशीनगर।** जनपद के खड्डा तहसील अंतर्गत ग्राम ढोलहा के गुलहरिया गांव में बीते दिनों बुखार से तीन मासूम बच्चों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले को गंभीरता से लेते हुए मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने डीआईजी एसएस चिनप्पा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ गांव में पीड़ित परिवार से मिलके गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारी से निपटने के लिए किए गए जरूरी इंतजाम तथा साफ सफाई की बारीकी से जांच कर उपस्थित ग्रामीणों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम द्वारा लगाए गए कैम्प में स्वास्थ्य परीक्षण व गांव में फैली बीमारी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के बाद मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को टीम गठित करा इस बीमारी से ग्रसित अन्य स्थानों पर चिकित्सिक कैम्प लगवा जांच कराके आवश्यक इंतजाम करायें जाने के निर्देश दिए। मौके पर अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने आयुक्त को अवगत कराया कि सूचना मिलते ही मेडिकल टीम गांव पहुंची और 731 ग्रामीणों की घर-घर जाकर जांच की गई। डेंगू, मलेरिया एवं टायफाइड की रैपिड जांच की गई, जिसमें कोई भी पॉजिटिव केस नहीं मिला। साथ ही 18 बच्चों के रक्त सैंपल जांच के लिए गोरखपुर भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट अभी आना शेष है। सीएमओ ने बताया कि मृत बच्चों में से एक बच्ची खुशी के रक्त परीक्षण में लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी की पुष्टि हुई है। इसी को देखते हुए गांव में मेडिकल किट का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में बुखार से पीड़ित सभी बच्चे सामान्य स्थिति में हैं। तीन बच्चों का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में चल रहा है। गांव में फिलहाल 24 घंटे तीन शिफ्टों में डॉक्टरों की ड्यूटी, एक एम्बुलेंस की तैनाती, एंटी-लार्वा स्प्रे और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया है। लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी के पशुओं से फैलने की संभावना को देखते हुए पशुपालन एवं कृषि विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है। आयुक्त अनिल ढींगरा ने स्थिति को अत्यंत गंभीर मानते हुए सीएमओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता रखने, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने और सभी आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आस पास के ग्रामों में भी इस प्रकार की घटना न हो इसके लिये चिकित्सा विभाग को विशेष रूप से हिदायत दी गई। इस दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु सीएमओ द्वारा हेल्प लाइन नम्बर से संपर्क किये जाने की अपेक्षा की गई। विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 98 बच्चों के पीड़ित होने के सम्बंध में पूछ ताछ के दौरान भ्रामक एवं झूठी खबर की पुष्टि होने पर जिला प्रशासन द्वारा खंडन करने तथा सही सूचना प्रकाशित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी लोगों से सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान एवं रोक लगाने की अपील भी की गयी।मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर कार्यालय में कन्ट्रोल रूम कियाशील है, जिसमे कार्मिकों को 24 घण्टे रोस्टरवार ड्यूटी लगायी गयी है, जिसका दूरभाष नम्बर-05564-240228 है। श्री ढींगरा द्वारा निरीक्षण उपरांत नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक में सभी उच्च अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर सभी विषयों पर समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी खड्डा समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। दौरे के दौरान आयुक्त ने तहसील खड्डा के ग्राम शीतलापुर स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया, जहां क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित नहीं मिले। इस पर आयुक्त ने संबंधित तहसीलदार को क्रय केंद्र सील कराकर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बूथ 309 पर एसएआर कार्यों की समीक्षा* निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने बूथ संख्या 309 (पूर्व का 257) पर चल रहे एसएआर (स्पेशल एब्स्ट्रैक्ट रिवीजन) कार्यों की भी समीक्षा की। बीएलओ द्वारा बताया गया कि 799 मतदाताओं में से 659 का एसएआर कार्य पूरा किया जा चुका है। ऑनलाइन प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया, जिसमें एक मिनट में एक आवेदन ऑनलाइन किया जा रहा था।

## खबर एक नजर

### मासिक बैठक कल

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती की मासिक बैठक 3 दिसंबर 2025 को 11 बजे दिन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती के अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। श्री कुरैशी ने सभी से बैठक में समय से हिस्सा लेने की अपील की है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती के मंत्री बद्री प्रसाद चौधरी ने दी है।

### मुख्य आरक्षी सेवानिवृत्त, एसपी ने दिया भावभीनी विदाई

**महराजगंज।** पुलिस कार्यालय महराजगंज में सोमवार को आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर मुख्य आरक्षी गौरी शंकर राम को पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर एसपी ने उनके 35 वर्ष 1 माह 20 दिवस के दीर्घ, निष्ठापूर्ण और अनुशासित सेवा-काल की सराहना करते हुए उनकी कर्तव्यपरायणता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गौरी शंकर राम ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सदैव पुलिस सेवा की गरिमा बढ़ाई। एसपी ने उनके सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने भी भावपूर्ण विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### ग्राम पंचायत अधिकारी की तबीयत बिगड़ी, चर्चाओं का बाजार गर्म

**महराजगंज।** जनपद के ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की तबियत विगड़ने से पंचायत के कर्मचारियों में हड़कम्प सी मच गई है तवियत विगड़ने की खबर सुन मौके पर हॉस्पिटल में ग्रामपंचायत अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। जहाँ लोगो मे तरह तरह की चर्चाएं होने लगी है कुछ ने तो वार्ता के दौरान वताये की सरकारी कार्यो के बढ़ते दबाव व ऑनलाइन हाजिरी के लिए बढ़ते दबाव के कारण ऐसा हुआ है। बताते चले की जिला मुख्यालय पर उस समय हड़कम्प मच गया जब सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह जिला मुख्यालय पहुंचे थे, जहां अचानक चक्कर आने पर उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथ मौजूद अधिकारियों ने तुरंत उन्हें सिटी सेंटर अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। यह घटना उस समय हुई जब जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए ग्राम पंचायत अधिकारी ऑनलाइन हाजिरी व एसआईआर से जुड़ी समस्याओं पर ज्ञापन देने के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान हुई बातचीत में बढ़ते दबाव को लेकर चंद्रशेखर तनावग्रस्त दिखाई दिए, जिसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। घटना से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से स्वास्थ्य अपडेट लिया। कर्मचारियों ने मांग की है कि तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध होने तक इन प्रक्रियाओं की अनिवार्यता पर रोक लगाई जाए। वहीं प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा शुरू कर दी है।

### खेलकूद से होता है स्वस्थ एवं सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण : विधायक

**कुशीनगर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित मा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मा विधायक खेल स्पर्धा विधान सभा पडरौना का दो दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ जिला स्टेडियम रविन्द्र नगर घुस में हुआ। मुख्य अतिथि पडरौना के लोकप्रिय विधायक मनीष जायसवाल जी रहे, कार्यक्रम में भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद कुशीनगर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

**कुशीनगर।**महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद कुशीनगर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों की मिशन शक्ति टीमें गांव-गांव और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी खड्डा श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने मिशन शक्ति टीम के साथ थाना रामकोला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाबा टोला अहिरौली कुसम्ही पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा, सुरक्षित व्यवहार, साइबर अपराधों से बचाव तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों द्वारा गाँव, कस्बों, स्कूल-कॉलेजों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण की भी व्यवस्था की जा रही है। शक्ति दीदी के रूप में टीम की सदस्याएँ महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का प्रयास कर रही हैं।

### सभासद ने किया बैठक का बहिष्कार समस्याओं के समाधान की मांग

**स्वतंत्र भारत बस्ती।** नगर पंचायत नगर बाजार की कांग्रेस की सभासद कांति देवी ने बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करते हुए अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना में ठेकेदार द्वारा मानक और गुणवत्ता विहीन कराए गए कार्य की जांच कर कार्रवाई की मांग किया है।
बोर्ड के बहिष्कार के बाद अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नगर को दिए पत्र में सभासद कांति देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास 2.0 योजना में पिछली बार की तरह इस बार भी पक्के को पक्का व कच्चा मकान कच्चा ही रह जा रहा है, सीनियर सिटीजन चार्ट केवल नगर पंचायत पर चस्पा किया गया है, जिस पर समय से कोई भी कार्य नहीं हो रहा है, जिससे आम जनमानस को समय पर न मिलने पर कठिनाइयां हो रही है। ठेकेदार द्वारा काम में घोर लापरवाही और मानक गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है। इस संदर्भ में बार बार पत्राचार और शिकायत करने के बाद भी समस्या बनी हुई है, उन्होंने समस्याओं के निस्तारण की मांग किया है।

# डीएम से की निर्मली कुण्ड क्षेत्र के समग्र विकास की मांग



**स्वतंत्र भारत बस्ती।** नगर पालिका परिषद वार्ड नम्बर 7 सुर्तीहट्टा के सभासद रविन्द्र कुमार ने सोमवार को वार्ड की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग किया कि सुर्तीहट्टा मोहल्ला निर्मली कुण्ड, राजा बाजार व सुर्तीहट्टा में जल निकासी की स्थाई व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा ऋतु में वार्ड पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है, जिससे जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जनमानस के आस्था का केंद्र पवित्र धार्मिक स्थल श्रीराम जानकी मन्दिर निर्मली कुण्ड धाम परिसर में जलभराव तथा पवित्र कुण्ड में दूषित जल भराव होने के कारण जनमानस में आक्रोश है। नई बाजार तिराहे से सुर्तीहट्टा होकर बस्ती रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क व नाली जो वर्षों पूर्व बना था, पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ला निर्मली कुण्ड में भारत रत्न बाबासाहेब डा भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा स्थल का सुन्दरी करण कराकर पार्क नहीं बनवाए जाने तथा श्रीराम जानकी मन्दिर निर्मली कुण्ड धाम का पुनरुत्थान कराकर धाम का धार्मिक व पर्यटन केन्द्र के रुप में विकसित नहीं किए जाने के कारण जनमानस के आस्था पर गहरा चोट पहुंच रहा है। डीएम को दिए मांग पत्र में सभासद रविन्द्र कुमार ने कहा है कि समस्याओं के समाधान हेतु उनके द्वारा लगातार बोर्ड की बैठको में लिखित रूप से पत्र देकर आवाज उठाने के साथ साथ व्यक्तिगत रूप से अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी से मिलकर सिफारिश किया गया किन्तु नगर पालिका परिषद द्वारा आज तक समस्या का समाधान हेतु कोई ठोस योजना नहीं बनाया गया, पालिका द्वारा विकास की दृष्टि से वार्ड में भेदभावपूर्ण धनराशि का आवंटन किया जाता है। उन्होने मांग किया कि जनसमस्याओं के समुचित समाधान हेतु अपने स्तर से ठोस पहल सुनिश्चित कर जनमानस को समस्याओं से मुक्ति दिलवाया जाय। डीएम को मांग पत्र देने के दौरान सभासद के साथ ही भाजपा नेता विकास बरनवाल भी शामिल रहे।

# जागरूकता से नियंत्रित होगा एड्स : डा अजय

**स्वतंत्र भारत बस्ती।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अनंता हॉस्पिटल में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल के डायरेक्टर राहुल चौधरी और डा अजय चौधरी ने लोगों को एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूक रहने और समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया। जागरूकता कार्यक्रम में डा अजय चौधरी ने कहा कि ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस एचआईवी का संक्रमण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को इतना कमजोर कर देता है कि रोगी के लिए बीमारियों से मुकाबला कर पाना कठिन हो जाता है। एचआईवी संक्रमण के कारण एड्स यानी एक्वायर्ड इम्यूनोडिफिशिएंसी सिंड्रोम का खतरा होता है। कैंसर हो या हृदय रोग, डायबिटीज हो या फेफड़ों की बीमारी, इन सभी के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ा है। इन बीमारियों के साथ एचआईवी का बढ़ता संक्रमण भी स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण है, इससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ऐसे में लोगों को समय समय पर जांच, सावधानी के साथ ही चिकित्सकों की राय लेते रहना चाहिये। उन्होंने जागरूक रहने, अफवाहों से दूर रहने और जरूरत पड़ने पर निसंकोच जांच कराने की सलाह दी। हॉस्पिटल की ओर से मरीजों और आगंतुकों को एड्स से संबंधित जानकारी, रोकथाम के उपाय और आधुनिक उपचार सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में मेडिकल टीम ने हेपेटाइटिस, यौन रोगों व सुरक्षित जीवनशैली पर भी सुझाव दिए।

# कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के फेलोशिप से सम्मानित हुए डा. अभितोष उपाध्याय



**स्वतंत्र भारत बस्ती।** जिले के खोरिया गांव निकट देईसांड़ ब्लाक बनकटी के निवासी एवं किसान पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र डा अभितोष उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी गोवा के गणित विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डा अभितोष को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिष्ठित रामानुजन फेलोशिप के लिए चयनित किया गया है।
यह फेलोशिप गणित के क्षेत्र में अत्यंत सम्मानजनक मानी जाती है। इसके तहत वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में शोध कार्य करेंगे। इस दौरान डा अभितोष आईजक न्यूटन गणितीय विज्ञान संस्थान तथा इंपीरियल कालेज लंदन में अपना शोध कार्य भी प्रस्तुत करेंगे। डा अभितोष ने बीएससी एवं एमएससी की शिक्षा किसान पीजी कालेज के गणित विभाग से ही प्राप्त की है तथा 2023 में कालेज के गणित विभाग द्वारा आयोजित एक सेमिनार में उन्हें मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था और वे व्यस्त होने के बावजूद समय निकाल कर आए भी थे। सेमिनार के बाद उन्होंने गणित के छात्रों से शोध से सम्बन्धित घंटों बातचीत की। कालेज के छात्र उनके व्यक्तित्व और सरल व्यवहार से काफी प्रभावित हुए। डा अभितोष ने गणित के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य किया है।
उनके कई शोध पत्र विदेशों के प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने के बाद हरिश्चंद्र शोध संस्थान प्रयागराज, भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति जैसे उच्च संस्थानों से पोस्ट डॉक्टोरल पीडीएफ अनुसंधान किया। शोध कार्य के सिलसिले में वे तुर्की, पोलैंड, फ्रांस, जापान, जर्मनी, वियतनाम और अमेरिका जैसे देशों में भी आमंत्रित किए जा चुके हैं, जहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने शोध प्रस्तुत किए। खोरिया गांव के एक सामान्य परिवार से निकलकर अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थाओं में अपनी पहचान बनाने वाले डा अभितोष युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। आईआईटी गोवा ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि संस्थान के उत्कृष्ट गणितीय शोध के प्रति समर्पण को प्रतिबिंबित करती है। इस खबर के मिलते ही किसान पीजी कालेज के गणित के विभागाध्यक्ष डा विजय कुमार शुक्ल ने डा अभितोष को दूरभाष पर बधाई दिया। बातचीत के दौरान डा अभितोष ने बताया कि उन्हें राष्ट्र का नाम ऊंचा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिला है जिस पर वो खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। डा अभितोष उपाध्याय के इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, गांव के साथ ही कालेज में भी खुशी की लहर है।

# गोरखपुर ज़ोन में आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी

**कुशीनगर।** गोरखपुर ज़ोन के जनपदों में पिछले कुछ वर्षों से आत्महत्या की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इस गंभीर समस्या की ओर समाज एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर ज़ोन ने वर्ष 2021 से 2025 तक की आत्महत्या से संबंधित समस्त आंकड़ों का विश्लेषण किया है।
जोन के सभी जनपदों से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 की तुलना में 2025 तक आत्महत्या के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी सामने आई है। पुरुषों व महिलाओं दोनों श्रेणियों में मामले बढ़े हैं, जिनमें सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक व मानसिक कारक प्रमुख रूप से सामने आए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा ज़िलों को दिए गए मुख्य निर्देश ऐसे थानों को चिह्नित किया जाए जहाँ आत्महत्या की घटनाएं अधिक हों। आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के विवाहित/अविवाहित होने की स्पष्ट रिपोर्ट तैयार की जाए। घटनाओं को आयु वर्ग के अनुसार विभाजित कर विस्तृत समीक्षा की जाए– जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला कल्याण अधिकारी व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा कर आत्महत्या की रोकथाम हेतु योजनाएँ तैयार की जाएं। अपर पुलिस महानिदेशक ने स्पष्ट कहा कि इन निर्देशों का अनुपालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा आत्महत्या रोकथाम से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। 2021 से 2025 तक आत्महत्या के मामलों का ज़ोनवार विवरणम में ज़ोन में कुल 4086 आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए जिनमें पुरुष 2253 तथा महिला 1833 हैं। सबसे अधिक घटनाएँ इन जनपदों में दर्ज हुई गोरखपुर - 808 मामले देवरिया - 510 मामले कुशीनगर - 553 मामले बस्ती - 454 मामले महराजगंज (398) और बलरामपुर (510) में दर्ज किए गए।

# आग से झुलसे किसान की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के खुशहालगंज गांव निवासी एक किसान गन्ने की फसल में लगी आग को बुझाते समय गम्भीर रूप से झुलस गये थे।? जिनका इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चल रहा था, बीती रात इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नौ नवम्बर की दोपहर में खजांचीपुर गांव के सिवान में करिया यादव के गन्ने की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। खुशहाल गंज निवासी हरिनाथ सिंह आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे थे, अचानक आग की लपटों में घिर कर गम्भीर रूप से झुलस गये थे। जिनका इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। बीती रात अचानक हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर शिक्षक दंपति ने छात्रों संग साझा की खुशी



**कुशीनगर।** दुदही विकास खंड के पीएम श्री संविलियन विद्यालय पडरौन मडुरही में सोमवार को तिथि भोजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक रंजीत सिंह व लक्ष्मीपुर बाबू में कार्यरत सहायक अध्यापक प्रीति सिंह द्वारा अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बच्चों के साथ खुशी के पल साझा करने हेतु यह आयोजन किया गया। बीईओ रीता गुप्ता व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सेवानिवृत शिक्षक संघ के जिला मंत्री अभिमन्यु प्रसाद व शिक्षक दंपति ने संयुक्त रूप से बच्चों को भोजन परोसा। विद्यालय में अध्ययनरत 305 विद्यार्थियों के सापेक्ष 248 बच्चों ने पूरी, खीर व सब्जी के स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। रसोइयों द्वारा तैयार भोजन को दंपति ने अपने हाथों से बच्चों में वितरित किया। विद्यालय परिवार इस पहल से अत्यंत उत्साहित रहा। बीईओ ने समाज के जागरूक नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने आनंद के अवसर विद्यालयों में बच्चों के साथ तिथि भोजन कराकर साझा करें। एसएमसी के अध्यक्ष कहा कि तिथि भोजन जैसे आयोजन बच्चों को पोषण के साथ सामाजिक संस्कार भी प्रदान करते हैं। प्रधानाध्यापक अरुणेन्द्र कुमार राय ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि शासन की मंशा है कि नागरिक अपने महत्त्वपूर्ण अवसरों पर विद्यालय के रसोईघर में भोजन तैयार कराकर बच्चों को तिथि भोजन उपलब्ध कराएं, जिससे बच्चों को नवीन व पौष्टिक भोजन प्राप्त हो व समाज में सकारात्मक उदाहरण स्थापित हो। कार्यक्रम को गायत्री परिवार ने संस्कारित ढंग से संचालित किया तथा परिवार व समाज में संस्कार की अनिवार्यता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। विद्यालय के सहायक अध्यापक बांके बिहारी लाल, संध्या यादव, सुनील कुमार, राजेंद्र मोहन, शिव शंकर तिवारी, माधुरी यादव आदि उपस्थित रहे।

### बढ़नी में ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकासखंड बढ़नी में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों ने सोमवार से काली पट्टी बांधकर सरकार के दबावपूर्ण तथा अतिरिक्त गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया। सचिव अनुपम सिंह, रविकांत यादव, अवधेश यादव, उदय प्रताप गौतम, सहित सभी सचिव विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे। प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के आवाह्न पर 1 से 15 दिसंबर तक आंदोलन चलेगा।
चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत 1-4 दिसंबर तक काली पट्टी के साथ कार्य, 5 दिसंबर को धरना और सभी सरकारी व्हाट्सऐप समूहों से बाहर होना, 10 दिसंबर को निजी वाहन उपयोग बंद तथा 15 दिसंबर को डोंगल ब्लॉक कार्यालय में जमा कर तकनीकी कार्य रोकने की घोषणा की गई है। अनुपम सिंह ने कहा कि सचिव अब बोझिल कार्यप्रणाली व अव्यवस्थित ऑनलाइन सिस्टम का दबाव नहीं झेलेंगे। समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। सचिवों की एकजुटता से प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है।

# जिला एड्स नियंत्रण समिति ने निकाली जागरूकता रैली




**स्वतंत्र भारत बस्ती।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती कृतिका ज्योत्स्ना ने जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली को शास्त्री चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा राजीव निगम ने बताया कि एचआईवी दरकिनार एड्स नियंत्रण हेतु यह जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। रैली में महिला पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम शामिल रही।

सप्तम ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज अखिल भारतीय आमंत्रण प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता

## कबड्डी शक्ति, रणनीति, फुर्ती व टीमवर्क का अद्भुत संगम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को सप्तम ब्रह्मलीन परम पूज्य महंत अवेद्यनाथ महाराज अखिल भारतीय आमंत्रण प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर, बैलून उड़ाकर और हनुमान जी की विधिवत पूजा कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में ओलंपिक संघ महासचिव एवं साउथ एशियन हैंडबॉल महासचिव आनंदेश्वर पांडेय, खेल निदेशक आर. पी. सिंह, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष अरुणेश शाही, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह, हॉकी संघ अध्यक्ष मनीष सिंह, पूर्व महापौर सत्या पांडेय, विधायक ग्रामीण विपिन सिंह, विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय पहलवान पन्नेलाल यादव, विभ्राट चन्द्र कौशिक,क्षेत्रीय खेल अधिकारी आविद हैदर सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

खेल मंत्री ने कहा– गोरखपुर की धरती सदैव ऊर्जा, अनुशासन और साहस की जननी रही है। महंत अवेद्यनाथ महाराज की पावन स्मृति में आयोजित यह कबड्डी प्रतियोगिता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कबड्डी हमारी मिट्टी से जुड़ा खेल है जो शक्ति, रणनीति, फुर्ती और टीमवर्क का अद्भुत संगम है। इस मंच पर प्रो-कबड्डी और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी इस आयोजन की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

राज्य सरकार खेलों के व्यापक विकास के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। स्टेडियम, कोचिंग सुविधाएं, प्रशिक्षण केंद्र, पोषण सहायता व खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं में निरंतर वृद्धि की जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराएं।



महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने भारतीय संस्कृति और समाज में जो योगदान दिया है, वह अविस्मरणीय है। उनके नाम पर आयोजित यह प्रतियोगिता गोरखपुर की गौरवगाथा को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।

प्रेस वार्ता में महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता 2018 से लगातार आयोजित हो रही है। कोविड-19 के कारण वर्ष 2020 में आयोजन स्थगित रहा।

इस बार देशभर की 12 प्रमुख टीमें भाग ले रही हैं राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ईस्टर्न रेलवे गोरखपुर, इंडियन आर्मी और जे.डी. एकेडमी। कुल 168 खिलाड़ी और 24 कोच/मैनेजर, यानी 192 सदस्य शामिल हैं।

प्रतियोगिता संचालन हेतु 21 रेफरी/अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस बार प्रतियोगिता में कई स्टार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं– अर्जुन देशवाल, सुनील कुमार, परवेश कुमार (एशियन गोल्ड), रोहित गुलिया, शुभम कुमार, अर्पित सरोहा, मोहित देशवाल, प्रदीप यादव, रोहित यादव, लोकेश चौधरी सहित दर्जनों प्रो-कबड्डी खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। उद्घाटन के बाद पहला मैच कर्नाटक और गुजरात के बीच खेला गया।

प्रतियोगिता का समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य आतिथ्य में 04 दिसम्बर को होगा।

## बेबी लैंड शोरूम में लगी भीषण आग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** शहर के व्यस्तम क्षेत्र गोलघर स्थित बेबी लैंड शोरूम में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।




एसएसपी ने बताया कि आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। जांच टीम आग लगने का पता लगाने में जुटी है। आग वाले हिस्से में विशेष एक्ज़ॉस्टर लगाया गया है ताकि अंदर भरा धुआं तेजी से बाहर निकल सके और दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में आसानी हो।

फायर ब्रिगेड के अधिकारी और कर्मचारी लगातार आग बुझाने में जुटे हैं। मौके पर सीओ कैंट योगेन्द्र सिंह भी मौजूद हैं, जो अपने दल के साथ राहत कार्यों की रणनीति तैयार कर निर्देश दे रहे हैं। बेबी लैंड के ठीक ऊपर पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा स्थित है। आग उस दिशा में बढ़ती तो भारी वित्तीय नुकसान की आशंका थी, लेकिन दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग को ऊपर बढ़ने से रोक लिया गया है। सूत्रों के अनुसार आग पर लगभग नियंत्रण पा लिया गया है, हालांकि दमकलकर्मी पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ शेष स्मोल्डरिंग पॉइंट्स को बुझाने में लगे हुए हैं।

वहीं, गोलघर क्षेत्र में भारी भीड़भाड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने टीम के साथ मिलकर ट्रैफिक को डायवर्ट कर आवागमन को सुचारू रखने में अहम भूमिका निभाई। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, और किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस और फायर ब्रिगेड टीमें एहतियात के तौर पर पूरे परिसर की जांच कर रही हैं।

## राप्तीनगर डिपो पर हुआ गेट मीटिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री द्वारा 8 नवंबर 2025 को भेजे गए ज्ञापन में उठाई गई समस्याओं और मांगों के समर्थन में रोडवेज परिसर राप्तीनगर डिपो में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया,जिसमें कर्मचारियों ने एकजुटता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का समर्थन करते हुए आवाज बुलंद की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शनानंद राय ने की।मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं।राष्ट्रीय कृत मार्गों पर अवैध संचालन पर प्रतिबंध लगाया जाए।अतिरिक्त कर की दरों में असमानता समाप्त की जाए।समस्त एक्सप्रेसवे तथा हाईवे राष्ट्रीयकृत मार्ग घोषित किए जाएं।2001 तक नियुक्त संविदा चालकों-परिचालकों को नियमित नियुक्ति प्रदान की जाए।बढ़े हुए डीए का बकाया एरियर का भुगतान किया जाए। वेतन विसंगति एवं प्रोन्नति ढांचे का पुनर्गठन किया जाए। संविदा चालकों के परिश्रमिक में वृद्धि हो।ईपीएफ कटौती के लिए सीलिंग सीमा समाप्त की जाए,संविदा चालकों एवं परिचालकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए।संविदा चालकों परिचालकों के मृतक आश्रितों को नियुक्ति दी जाए। आउटसोर्स कार्मिकों के पारिश्रमिक में वृद्धि की जाए। कंप्यूटर आउटसोर्स ऑपरेटर की भांति प्रोग्रामर और लेखाकार का पारिश्रमिक बढ़ाया जाए।आइसर कंपनी को दिए गए ठेके रद्द किए जाएं। सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।



इस अवसर पर संरक्षक एवं क्षेत्रीय सदस्य अनिरूद्ध यादव, मंत्री आशुतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा, कार्यशाला शाखा से शिब्बन लाल, क्षेत्रीय प्रतिनिधि कृष्ण मोहन लाल श्रीवास्तव एवं जितेन्द्र प्रसाद, विपिन राय, अभिषेक राय, ब्रह्मदेव राय, रणविजय राय, मुकेश राय, पंकज सिंह, चंद्र कुमार राय, कृष्ण गोपाल राय, श्यामसुंदर यादव, जनार्दन यादव, कल्पनाथ, उमानाथ, आशुतोष तिवारी, अनुराग तिवारी आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहें खान।

## सैन्य प्रशिक्षण शिविर से कैडेट्स को मिलेगा राष्ट्र सेवा का संकल्प : कुलपति

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के 50 एनसीसी कैडेट्स, परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरौली सिसवा बाजार महाराजगंज में होने वाले 102 यूपी बटालियन एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी) में शामिल होंगे।

एटीसी में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण शिविर से कैडेट्स को राष्ट्र सेवा का संकल्प मिलेगा। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर से कैडेट्स का सर्वांगीण विकास होता हैं। शिविर में कैडेट्स का नेतृत्व करने वाले लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता भी विकसित करेगा।



## सेमिनार में छात्राएं हुई सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महिला पीजी कॉलेज, सिविल लाइन, जनपद बहराइच में खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मंडलीय कार्यालय गोरखपुर द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य रहीं, जिन्होंने अपने संबोधन में युवतियों को आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास की दिशा में प्रेरित किया। सेमिनार के दौरान दीपक कुमार मीणा, जिला समन्वयक, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, गोरखपुर द्वारा आयोग की सभी प्रमुख योजनाओं, उनके लाभ एवं उद्यमिता विकास में उनकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में केशव राम वर्मा, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र, बहराइच दीपक कुमार मीणा, जिला समन्वयक, खादी ग्रामोद्योग आयोग, गोरखपुर. प्रिया मुखर्जी, प्राचार्य, महिला पीजी कॉलेज, बहराइच, देवांश मिश्रा, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, संजय कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी, इस्लाख खान, तथा महाविद्यालय के शिक्षण स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

सेमिनार में आयोजित निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को ट्रॉफी, ग्रामोद्योग उत्पाद एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं महाविद्यालय प्रशासन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. प्रिया मुखर्जी द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## स्वयंसेवकों ने चलाया जागरूकता शिविर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की माता अनुसुईया इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम बैजनाथपुर में द्वितीय एकदिवसीय विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पांच समूहों में विभक्त होकर रासेयो स्वयंसेवकों ने मिशन शक्ति 5.0, नशा मुक्ति, स्वच्छता, महिला स्वास्थ्य एवं पोषण, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारी डीलर उन्हें जागरूक किया। शिविर में ग्राम प्रधान द्रौपदी देवी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है तथा लोगों को व्यवहारगत परिवर्तन के लिए प्रेरणा मिलती है। शिविर का आयोजन माता अनुसुईया इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुमन यादव की देखरेख में किया गया।



## कृषि विद्यार्थियों में लिया एनबीआरआई में प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के कृषि संकाय के सप्तम सेमेस्टर के 30 विद्यार्थियों ने विगत दिनों लखनऊ स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) में 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो विशेष इकाइयों में विभाजित किया गया था। 15 विद्यार्थियों ने प्लांट टिशू कल्चर यूनिट में विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त किया। यहां विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों को टिशू कल्चर तकनीक की मूल अवधारणाओं, मीडिया प्रिपेरेशन, न्यूट्रिएंट फॉर्मुलेशन, एसेप्टिक कंडीशन में कार्य करने की विधि, कॉलस इंडक्शन, शूट एवं रूट रीजेनेरेशन, हार्डनिंग प्रक्रिया तथा पौधों के सूक्ष्म संवर्धन के विभिन्न चरणों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला में व्यावहारिक कार्य करके यह सीखा कि किस प्रकार टिशू कल्चर तकनीक का प्रयोग गुणवत्तापूर्ण पौध प्रतिरूपण, रोगमुक्त पौध उत्पादन तथा वाणिज्यिक पौध संवर्धन में किया जाता है।



दूसरी ओर, 15 विद्यार्थियों ने बायोफर्टिलाइज़र यूनिट में 15 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जहां उन्हें जैव उर्वरकों के महत्व, निर्माण प्रक्रिया तथा कृषि में उनके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने राइजोबियम, एजोस्पिरिलम, पीएसबी जैसे लाभकारी सूक्ष्मजीवों की पहचान, संवर्धन विधि, कैरियर सामग्री की तैयारी, पैकेजिंग एवं गुणवत्ता परीक्षण तकनीकों का गहन अध्ययन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता पर एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कच्ची शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्षा राजघाट सदानंद सिन्हा के नेतृत्व में उ0नि0 विजय प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा 80 लीटर अपमिश्रीत अवैध कच्ची शराब, 400 ग्राम यूरिया व 250 ग्राम नौसादर के साथ अभियुक्ता 1. नीलम देवी पत्नी बलराम निषाद निवासी उदासीन मन्दिर के पीछे हांसुपुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर व 2. निर्मला देवी पत्नी स्व0 विजय निषाद निवासी उदासीन मन्दिर के पीछे हांसुपुर




थाना राजघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 237/2025 पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गीता के उपदेश सदैव प्रासंगिक : अश्विनी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय में सोमवार को गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आयुष वाटिका के प्रभारी अश्विनी ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन के मार्गदर्शन का स्वरूप भी है। इसके उपदेश सदैव प्रासंगिक हैं।



अश्विनी ने कहा कि मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र की पवित्र रणभूमि में अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेश की स्मृति में गीता जयंती मनाई जाती है। यह वही क्षण था जब मोह, शंका और द्वंद्व से घिरे अर्जुन को श्रीकृष्ण ने धर्म, कर्तव्य और जीवन के परम सत्य का ज्ञान कराया। उन्होंने कहा कि गीता जयंती समारोह का आयोजन आज के नई पीढ़ी को भारतीय संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता एक ग्रंथ ही नहीं अपितु प्रत्यक्ष नारायण का ही स्वरूप है। हमें अपने जीवन में गीता के ज्ञान को अपनाकर सकारात्मक सोच विकसित कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। आभार ज्ञापन बायोटेक्नोलॉजी विभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित दुबे ने किया।

## 3 अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज गोरखपुर के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष चिलुआताल सूरज सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 प्रशान्त पाठक मय पुलिस टीम द्वारा स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 773/2025 धारा 109(1), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. रजत चौधरी, 2. रौनक चौधरी व 3. करन चौहान को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर वादी को जान से मारने की नियत से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।



## गोरखपुर-देवरिया के कछार में सुगम होगा आवागमन

### बड़हलगंज क्षेत्र के बैरियाखास में राप्ती नदी पर बनाया जा रहा पुल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर के बड़हलगंज और देवरिया के कछार क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अबतक दुरूह रहा आवागमन आने वाले दिनों में सुगम हो जाएगा। इसके लिए योगी सरकार बड़हलगंज के बैरियाखास में राप्ती नदी पर पुल बनवा रही है। पुल के साथ ही यहां पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग भी बनेगा।

**■ करीब 72 करोड़ रुपये की आएगी लागत, डेढ़ लाख की आबादी को होगा सीधा फायदा**

बैरियाखास पुल बन जाने से गोरखपुर और देवरिया के मध्य वाया बड़हलगंज दूरी 15 किमी कम हो जाएगी। करीब डेढ़ लाख की आबादी को सीधे फायदा पहुंचाने वाली इस परियोजना पर करीब 72 करोड़ रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्था सेतु निगम को 10.75 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

बैरिया खास में बनने वाला पुल देवरिया जिले के बरांव गांव से कनेक्ट होगा। इसके बन जाने से कछार क्षेत्र के दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क देवरिया जिले से हो जाएगा। साथ ही मानसून के मौसम में पीपा पुल पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। सबसे अहम बात यह कि इस पुल से बड़हलगंज और देवरिया के बीच आवागमन में समय की खासी बचत होने लगेगी। अभी बड़हलगंज से बरहज, कपरवार होकर देवरिया जाने में 51 किमी यात्रा करनी पड़ती है। बैरियाखास पुल बन जाने के बाद यह दूरी घटकर 36 किमी रह जाएगी।



सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक एके सिंह बताते हैं कि साइड मोबलाइजेशन और एलाइनमेंट का काम तेजी से चल रहा है। इस प्रोजेक्ट को दिसंबर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। इस पुल के बन जाने से क्षेत्रीय जनता को काफी सहूलियत मिलेगी।

# अपहृता नाबालिग किशोरी बरामद

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा गुमशुदा/अपहृत व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस को सफलता मिली है। थाना प्रभारी रुपईडीहा रमेश कुमार रावत ने बताया कि, स्थानीय थाना में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित नाबालिग अपहृता किशोरी को रूपईडीहा पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

## क्या कहते है लड़की के पिता?

इस संबंध में जब लड़की के पिता से बात किया गया तो उन्होंने बताया की लड़की बरामद कर ली गई है लड़की अभी भी पुलिस अभिरक्षा में है। पुलिस ने बताया है, कि मजिस्ट्रेट बयान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेरी लड़की की उम्र अभी 16 वर्ष है और वह नाबालिक है।

## इस संबंध में क्या कहते है थाना प्रभारी रूपईडीहा

इस संबंध में जब रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि, लड़की सकुशल बरामद कर लिया गया है अपहरण कर्ता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत है, लड़की की मजिस्ट्रेट बयान होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने बिजली बिल राहत योजना का कुंडा में किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने सरकारी योजना बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र कुंडा मे सोमवार को शुभारम्भ किया।इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना ऊर्जा उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक राहत प्रदान करने तथा बकाया बिलों के निस्तारण को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।प्रदेश सरकार ने सदैव आमजनता के हितों को प्राथमिकता में रखते हुए विकास एवं ऊर्जा क्षेत्र मे अनेक जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया है। प्रदेश के ऊर्जा उपभोक्ताओं को सीधी राहत देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।उन्होने कहा कि यह योजना 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 26 तक तीन चरणों में




लागू रहेगी।प्रथम चरण 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी व तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी तक रहेगी।इस योजना के उद्देश्य नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देना और बिजली चोरी के सभी मामलों मे राजस्व निर्धारण मे छूट प्रदान कर प्रकरणों को समाप्त करना है।ऊर्जा मंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष रूप से धन्यवाद और श्रेय देते हुए कहा कि उपभोक्ता हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का यही संवेदनशील दृष्टिकोण इस योजना की प्रेरणा रहा है।मंत्री ने सभी बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस अवसर को हाथ से न जाने दें और पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाएं।शुभारंभ समारोह में ऊर्जा मंत्री ने पहले पंजीकरण करने वाले पांच उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।उन्होने कहा कि जिले के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को इस योजना से सहूलियत मिलेगी, ब्याज में शत प्रतिशत छूट व बकाए बिल के मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट बकाएदारों को मिलेगी,तीन चरण की यह योजना 28 फरवरी को समाप्त होगी।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लोगों से अपील किया कि इस योजना का अधिक से अधिक लोग लाभ उठायें।इस बार बिजली विभाग ने योजना के तहत बकायेदारों को 100 प्रतिशत ब्याज की छूट के साथ मूल बिल में भी 25 प्रतिशत की छूट देने की पहल की है।इस अवसर पर पूर्वांचल एमडी शम्भु कुमार ने कहा कि पूर्वांचल में कुल 21 जनपद पड़ते है,जिसमें 58 लाख ऐसे उपभोक्ता पाए गए जिनको सीधे बिजली बिल राहत योजना का लाभ मिल सकता है।उन्होने विद्युत विभाग को अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें।सभी पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ शत् प्रतिशत दिया जाय।प्रथम चरण में कैम्प लगाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिया जायेगा।इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता प्रयागराज अशोक सिंह,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत छैल बिहारी,अधिशासी अभियन्ता कुण्डा राजेश कुमार मिश्र,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र,नगर पंचायत हीरागंज बाजार अध्यक्ष प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय,नगर पंचायत कुंडा प्रतिनिधि शिव कुमार भगवन,भूपेन्द्र पांडेय, डॉ सुमन गुप्ता,मानिकपुर नगर प्रतिनिधि डिंपू जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,अन्य पार्टी पदाधिकारीगण व संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### प्रगाढ़ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान कार्य जोरों पर

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में नगर नानपारा में प्रगाढ़ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान कार्य जोरों पर चलाया जा रहा है बी एल ओ, बी एल ओ, सुपरवाइजर सभी अपनी जिम्मेदारी से कार्य में जुटे हुए हैं नगर के मोहल्ला भिस्ती टोला वार्ड में कानूनगो नरेंद्र श्रीवास्तव,बी एल ओ आशीष श्रीवास्तव, विपिन कुमार, सौरभ साहू, सभासद मोश रफी बाबू के साथ कार्य में लगे पाए गए पानी टंकी स्थित प्राथमिक विद्यालय सदर में महिला बी एल ओ श्रीमती रीता मौर्य अपनी टीम के साथ मुस्तै द पाई गई द्य मोहल्ला तोपखाना में बी एल ओ सलमान, सभासद समी उल्ला खान शोएब के साथ जिम्मेदारी से कार्य करते पाए गए इसके अलावा नगर के अधिकांश बूथ पर लोग अपनी जिम्मेदारी से काम में लगे हुए हैं ।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में बलहा के ग्राम पंचायत सचिवों ने सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड बलहा के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जताया विकासखंड में कार्यरत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित अपना ज्ञापन खंड विकास अधिकारी बलहा अपर्णा को सौंपा। पंचायत विभाग के सचिव व ग्राम विकास अधिकारियों का शासन द्वारा दिए गए पत्र के संदर्भ में कहना है कि अभी तक निदेशालय पंचायती राज या आयुक्त ग्राम विकास महोदय के कार्यालय से ऐसा कोई दिशा निर्देश नहीं दिया गया है लेकिन जिले के कुछ अधिकारी एवं खंड विकास स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है की उपस्थिति ऑनलाइन प्रणाली से दर्ज हो बिना कोई भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए रोस्टर एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी करने हेतु पत्र लिखकर दबाव बनाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है जिससे हम सब आहत हैं इसी को लेकर 1 दिसंबर 2025 से लेकर 4 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में काली पट्टी बांधकर हम सब शासकीय कार्यों का निष्पादन करेंगे।इस अवसर पर रविंद्र यादव मंसाराम यादव मिथिलेश कुमार यादव ,शाहिद अली, कु0 दीक्षा ,अनुराधा गौ?, देवव्रत मिश्रा, अटल बिहारी, आशीष शर्मा उपस्थित रहे।

### दिल्ली में विवाद,गांव में युवक को मारी गोली,मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना के कमायनपुर बाजार मे सोमवार की शाम युवक ने अपने ही साथी को गोली मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई।बाजार में गोली मारकर हत्या को लेकर दहशत फैल गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पीएम के लिए भेज दिया।मौके पर एएसपी बृजनंदन रॉय समेत सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा पहुंचे।बताया जा रहा है कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी मृतक तसकील खान और हत्यारोपी युवक दोनों दिल्ली मे किसी निजी कंपनी में साथ काम करते थे जहां दोनों मे विवाद हो गया था।मृतक तसकील खान लालगंज से सोमवार को सांगीपुर थाना के कमायनपुर बाजार मे आया था जहां दिल्ली की रंजिश को लेकर दोस्त ने गोली मारकर हत्या कर दिया।पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई अमल में ला रही है।

### खाताधारक की मौत उपरांत बैंक ने आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** ब्लॉक सांगीपुर के मुरैनी गांव निवासिनी रूपा गुप्ता सांगीपुर एसबीआई शाखा में खाताधारक थी।17 जून 25 को एक दुर्घटना में रूपा की मौत हो गई।रूपा का बैंक की ओर से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा किया गया था।बैंक शाखा प्रबन्धक गौरव ओझा ने बताया कि खाताधारक की मौत की जानकारी होने के बाद उसके पति हरिकेश गुप्ता को बीमा धनराशि के दो लाख रूपये का चेक सौंपा गया है।इस मौके पर बैंककर्मी आरसी यादव,विनय सिंह,अरविन्द कुमार,राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### किशोरी के अपहरण मामले में आधा दर्जन पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 29 नवंबर की रात करीब नौ बजे उसकी 14 वर्षीया पुत्री घर से शौच के लिए निकली। आरोप है कि इसी दौरान अमेठी जनपद के शकरावा गौरीगंज निवासी आरोपी मंसूर अली पुत्र मकबूल अली बहला फुसलाकर कही भगा ले गया।पीड़िता का यह भी आरोप है कि जानकारी होने पर पीड़ित मां आरोपी के घर पहुंचकर पूछताछ की तो आरोपी के पिता मकबूल,उसकी पत्नी कम्मू तथा पुत्रगण संजय व राजू व पुत्री गुड़िया ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी तथा भगा दिया।प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सचिवों ने काली पट्टी बांध ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों ने सोमवार को हाथों मे काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी और गैर विभागीय कार्यों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है।प्रदेश स्तर पर यह आंदोलन ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह और ग्राम विकास अधिकारी एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र पाण्डेय ने 1 से 15 दिसम्बर तक विरोध प्रदर्शन आंदोलन चलेगा। बिहार ब्लॉक के सचिव अभिषेक सिंह की अगुवाई मे अनुराग यादव अविनाश पटेल निर्भय प्रताप सिंह आदि कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया और बताया कि 1 से 4 दिसंबर तक सचिव काली पट्टी बांध कर प्रतीकात्मक विरोध दौरान शासकीय कार्य करेंगे,5 दिसंबर को प्रदेश भर में सचिव धरने पर बैठेंगे और उसी दिन समस्त डिजिटल सरकारी ग्रुपों से लेफ्ट (कल्टी) हो जाएंगे और आंदोलन के क्रम मे 10 दिसंबर से सचिव निजी वाहनों से सरकार कार्य करना बंद कर देंगे और 15 दिसम्बर को समस्त सचिव अपना डिजिटल सिग्नेचर (डोंगल) ब्लॉक कार्यालय में जमा करेंगे। बता दें कि दुनिया जहां डिजिटल युग में तेजी से आगे बढ़ रही है वहीं ग्राम पंचायत सचिवों का उक्त आंदोलन कथनी और करनी में भ्रम उत्पन्न कर रहा है।हालांकि उक्त आंदोलन का असर सभी ब्लॉकों में देखने को मिला और प्रशासनिक अधिकारियों मे हड़कम मच गया है।

# एक करोड़ की लागत से सड़क सुदृढ़ीकरण में धांधली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग मे व्याप्त व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार का खामियाजा आमजन को उठाना पड़ रहा है और देश की विकास की रीढ़ कही जाने वाली सुगम यातायात की सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।निर्माण कार्यों मे धांधली करके विभागीय अधिकारी और ठेकेदार मालामाल हो रहे है। घटिया गुणवत्ता विहीन मानक दरकिनार करके बनाई गई सड़कें साल दो साल ठीक रहती है उसके बाद उखड़ने लगती है,आमजनता उसी उखड़ी गिट्टियों से होकर गुजरते है और पांच साल के बाद वही सड़क पुनः नवीनीकरण कार्य के लिए तैयार हो जाती है।लोक निर्माण विभाग खंड-1 अंतर्गत ब्लॉक कुंडा अंतर्गत हथिगवां बेंती मार्ग से लिंक मार्ग दरियापुर पर सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर है,उक्त मार्ग की लम्बाई करीब 5 किलो मीटर और सुदृढ़ीकरण/नवीनीकरण कार्य लागत करीब एक करोड़ रुपए



से अधिक हो सकती है।मार्ग पर जीएसबी गिट्टियों की कुटाई मे अनियमितता बरती जा रही है,वहीं पूरे बक्सी गांव के आगे करीब दो किलो मीटर तक पीसी कार्य किया जा चुका है।उक्त पीसी मोटाई कुटाई दोषपूर्ण है,देखने से प्रतीत होता है,कि पीसी मोटाई 13 से 16 मिली मीटर हो सकती है,जबकि 20 मिली मीटर पीसी मोटाई होनी चाहिए,इसी तरह शील कोट कार्य दोषपूर्ण है,शील कोट कार्य को देखकर लगता है कि तारकोल की कमी होने के कारण जीरा गिट्टियां अभी से सड़क का दामन छोड़ रही है, जबकि शील कोट सड़क का सुरक्षा कवच होता है बरसात के पानी को सड़क के अंदर जाने से रोकता है।ग्रामीणों ने बताया कि घटिया सड़क बन रही है,बारीक गिट्टियां अभी से उखड़ रही है और कुछ जगहों पर मोटी काली गिट्टी (पीसी) पैर से ठोकर मारने से उखड़ जा रही है।ग्रामीणों ने कहा कि इसी तरह पिछले बार भी घटिया सड़क बनने के कारण जगह-जगह से उखड़ गई थी जिस पर कई साल चलना पड़ा था अब सड़क बन रही है तो उसमें धांधली की जा रही है।घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों मे आक्रोश पनप रहा है।

# आम जनमानस को शीतलहर से बचाव के लिए करें सभी प्रयास : जिलाधिकारी

**श्रावस्ती ।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की शीतलहर से बचाव के सम्बन्ध में तैयारी बैठक जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी को कंबल वितरण की तैयारी करने एवं अलाव जलवाने की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों एवं तीमारदारों के लिए कंबल, हीटर , अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पशुशालाओं में चारा पानी और जानवरों को ठंड से बचाव के लिए पशुशालाओं में तिरपाल के प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में लगाने के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से भी तिरपाल दिये जाने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग समेत सभी संबंधित विभागों द्वारा समय समय पर उपयोगी एडवाइजरी समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जारी करने के निर्देश दिए गये हैं। जिलाधिकारी ने आपदा विभाग को एन आई सी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को एस एम एस पूल से जो?ने और अग्निशमन विभाग को जागरुकता अभियान संचालित करने एवं अग्निशमन यंत्रों के जांच के निर्देश दिए हैं।बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा - ''शीतलहर से जनहानि और पशुहानि रोकने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी करें और सतत उनकी निगरानी करते रहें। आम नागरिक भी शीतलहर से बचाव में प्रशासन का सहयोग करें। ''अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा - '' बैठक में दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन तीन दिवस के अंदर कर लिया जाये । निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के नागरिकों को कंबल वितरण करने के लिए आपदा प्रहरी एप का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाना है । जितने भी अलाव जलाये जायेंगे उनकी फीडिंग आपदा प्रहरी एप के माध्यम से सुनिश्चित की जाये । 'बैठक के अंत में बा? आपदा 2024 में सराहनीय कार्य के लिए अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एस डी एम संजय कुमार राय, एस डी एम ओमप्रकाश, एस डी एम पीयूष जायसवाल एवं आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र को सम्मानित किया गया ।बैठक का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। बैठक में आपदा प्रभारी प्रवीण यादव, संजय कुमार जायसवाल, राजीव यादव, उपस्थित रहे ।

# सात वर्षीय बालक की हत्या



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** गांव मे शादी समारोह में गए सात वर्षीय बालक की निर्मम क्रूरता पूर्वक पीट-पीट कर हत्या।हाथ तोड़े और लाश को खेत में फेंक दिया।सुबह खेत में बालक की लाश देख गांव में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलन उपरांत शव को पीएम के लिए भेज दिया।एसपी दीपक भूकर एएसपी बृजनंदन रॉय आदि ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।अंतू थाना के चौबेपुर गांव मे रविवार की रात शादी समारोह मे बाबू लाल वर्मा का सात वर्षीय पुत्र यश वर्मा गया,जहां से वह देर रात तक घर नही लौटा तो परिजन खोजबीन शुरू कर दिया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने बालक की लाश खेत में देखने पर सनसनी फैल गई,देखते-देखते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बैरिकेटिंग करके फोरेंसिक टीम को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलन उपरांत शव को पीएम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक बालक के शव के हाथ टूटे थे और पीट-पीट कर क्रूरता पूर्वक हत्या की गई हो।एसपी दीपक भूकर एएसपी बृजनंदन रॉय समेत नगर सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# मेला देखने गई महिला को झूले वाले से हुआ प्रेम,जेवरात लेकर फरार

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी के ऐतिहासिक दशहरा मेले में झूला झूलते समय एक महिला को झूले वाले से प्यार हो गया,जिसके बाद महिला घर से लाखों रुपए के आभूषण 50 हजार की नगदी लेकर झूले वाले के साथ फरार हो गई।पट्टी कोतवाली के सहसपुर गांव निवासी अच्छे लाल की शादी संजू देवी के साथ 15 वर्ष पूर्व हुई थी।दोनों पति पत्नी खुशहाल थे,लेकिन पति रोजी-रोटी के सिलसिले मे लुधियाना में रहता है।पट्टी का ऐतिहासिक दशहरा मेला इस समय चल रहा है।संजू मेला देखने पट्टी आई और मेले मे झूला झूली।झूला झूलते समय झूले वाले से इसकी आंखें चार हो गई और वह घर से 29 नवंबर की शाम 5 बजे बिना किसी से बताए घर के अंदर रखा एक सोने का मांग टीका,दो सोने के मंगलसूत्र,सोने की दो अंगूठी,दो कान का झुमका,चांदी का एक जोड़ी पायल,चांदी का एक हाफ पेटी,एक हाथ की मेहंदी तथा 50 हजार रुपए नकद लेकर घर से झूले वाले के पास आ गई।परिजनों को इसकी जानकारी नहीं थी,देर रात तक जब संजू घर नहीं पहुंची तो परिजनो ने खोजबीन शुरू की,पर कही भी पता नहीं चला,जिस पर परिजन 30 नवंबर को थाने में प्रार्थना पत्र दिया।पट्टी पुलिस ने दोनों को 24 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला और दोनों थाने में मौजूद है।महिला का कहना है कि मैं अपने प्रेमी झूले वाले के साथ जाऊंगी।परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।कोतवाल अभिषेक सिरोही का कहना है कि लड़की बालिक है,पति के साथ नहीं रहना चाहती है।

# डीजे पर मन पसन्द गाना बजाने के विवाद में बाराती भिड़े

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना के शुकुलपुर गांव मे रविवार को क्षेत्र के मुरैनी गांव से बारात आयी,यहां द्वारपूजा के दौरान डीजे पर मन पसन्द गाना बजाने को लेकर बारात आए कुछ युवकों मे विवाद उत्पन्न हो गया।अचानक मारपीट करने लगे।सूचना पर पुलिस पहुंची।पुलिस को देखते ही मारपीट कर रहे युवक भाग निकले लेकिन मौके से दो युवकों को पक?कर पुलिस थाने ले गई। एसओ राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले में बारात आए दो युवक रौनक व सुधांशु का शांतिभंग में कार्रवाई की गयी है,तहरीर मिलने पर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कलेक्टर शिव सहाय अवस्थी के द्वारा सोमवार को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत मण्डी प्रथम के निरीक्षण दौरान केंद्र प्रभारी अखिलेश सिंह और क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित मिले,यहां अभी तक 78 किसानों से 378.44 मीट्रिक टन और मंडी द्वितीय क्रय केंद्र पर 62 किसानों से 363.76 मीट्रिक टन धान क्रय किया गया है। किसान रति यादव ग्राम सराय जंगुवारी की 60 से 70 कुंतल धान की तौल चल रही थी। किसानों को भुगतान के सम्बन्ध मे देय भुगतान 107.9 लाख मे 80.79 लाख का भुगतान किया जा चुका है। पीसीएफ-बी पैक्स फेनहा एट क्रय विक्रय केन्द्र पर धान डंप होने से खरीद नही की जा रही थी।केंद्र पर 2740 कुंतल धान डंप है।इसके बाद डीएम बाबा बेलखरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किए।उसके बाद धान क्रय केंद्र बेलखरनाथ प्रभारी संजय कुमार शुक्ल और विपणन निरीक्षक उपस्थित मिले।डीएम ने बांट रखवाकर कांटे का सत्यापन किया। केंद्र पर वाल पेंटिंग न कराए जाने का कारण पूछा और नाराजगी जताई और दीवारों पर जानकारियां अंकित कराने हेतु आदेशित किया।

# गौशालाओं में गौवंशों के देखभाल में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद की समस्त गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों पर विशेष ध्यान देने हेतु समस्त नोडल अधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारी/उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी की बैठक की गई।बैठक मे निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा,स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान एवं निरन्तर निगरानी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया,मौके पर डीसी मनरेगा द्वारा समस्त गौशालाओं में ठण्ड से बचाव,भूसा,साइलेज एवं हरे चारे की व्यवस्था,रात्रि प्रकाश की व्यवस्था और बीमार गोवंशों के लिये सिकवार्ड की व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया।उन्होने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंशों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाए।



# प्रयागराज - मिर्जापुर व प्रयागराज छिवकी मानिकपुर खंड में सघन चेकिंग अभियान

## 358 यात्रियों को प्रभावित कर वसूले गए 2,28,677 रुपए, 9 अवैध वेंडर पकड़े गए



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल अपने सभी यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक महोदय के मार्गदर्शन में में यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयागराज मंडल के स्टेशनों पर सघन टिकट एवं अवैध वेंडरों के विरुद्ध स्टेशनों एवं गाड़ियों में चेकिंग अभियान चलाता रहता है।

दिनांक 28.11.2025 से 30.11.2025 तक को प्रयागराज-मिर्जापुर & प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर खंड में मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक ने टीम के साथ गाड़ी संख्या 12802 आनंद विहार टर्मिनल - पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 22178 वाराणसी - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस महानगरी सुपरफास्ट, गाड़ी संख्या 15657 दिल्ली जंक्शन -कामाख्या, ब्रह्मपुत्र मेल, गाड़ी संख्या 14116 प्रयागराज जंक्शन-डॉ अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 07419 चर्लापल्ली-बक्सर स्पेशल सहित अन्य गाड़ियों में क्रासकंट्री चेकिंग की गयी। इस चेकिंग अभियान के दौरान 09 अनाधिकृत वेंडरों को खाद्य वस्तुओं का विक्रय करते हुए पकड़ा गया । इन वेंडरों को अग्रिम कार्रवाई के रेलवे सुरक्षा बल को सुपुर्द कर दिया गया।

इस चेकिंग अभियान में 358 यात्रियों को प्रभावित कर 2,28,677 वसूल किए गए । इनमें से बिना टिकट यात्रा करने वाले 127 यात्रियों से 1,14,997 रुपए, अनियमित यात्रा करने वाले 228 यात्रियों से 1,13,280 रुपए एवं गंदगी फैलाने वाले से 3 यात्रियों से 400 रुपए वसूल किए गए। रेल प्रशासन अपने सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलगाड़ी तथा रेल परिसर में गन्दगी न फैलाएं, कूड़ा कूड़ेदांन में ही डाले तथा वैध टिकट के साथ यात्रा करें। केवल अधिकृत एवं आईआरसीटीसी द्वारा अनुमोदित वेंडरों से ही खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थ क्रय करें तथा किसी भी अवैध विक्रेता की जानकारी तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 या निकटतम रेलवे अधिकारी को दें। रेलवे अपने सभी यात्रियों का सम्मान करती है और उनकी सुखद यात्रा की कामना करती है।

## जिलाधिकारी ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय भरसवां का किया आकस्मिक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, भरसवां का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका सहित अन्य पत्रावलियों का अवलोकन करते हुवे प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीरू को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई की स्थिति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा नामांकित 477 बच्चों के सापेक्ष 353 बच्चों की उपस्थिति पाये जाने पर और उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेस के निरीक्षण के दौरान कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किया जाय एवं ब्राण्डेड खाद्य सामग्रियों का ही प्रयोग किया जाय। उन्होंने कुछ सी.सी.टी.वी. कैमरा क्रियाशील न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सी.सी.टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यवेक्षणीय कार्य में लापरवाही पाये जाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिये।उन्होंने विद्यालय परिसर की बाउण्ड्रीवाल टूटी पाये जाने पर अधिशासी अभियन्ता, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड को प्रस्ताव तैयार कर बाउण्ड्रीवाल ठीक कराने के निर्देश दिये।




## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ लेबिल अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित पाल ने अर्हता दिनांक 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम के अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारी के रूप में- सन्दीप कुमार सहा0 अध्यापक, दिलीप कुमार सहा0 अध्यापक, चन्द्रजीत सिंह सहा0 अध्यापक, नागेश्वर सिंह सहा0 अध्यापक, विजय प्रकाश सहा0 अध्यापक, संदीप निषाद सहा0 अध्यापक, निरन्जन सिंह सहा0 अध्यापक, अनुपमा देवी सहा0 अध्यापक, अतुल कुमार सहा0 अध्यापक, अतुल चौधरी सहा0 अध्यापक, तिलक चन्द्र सहा0 अध्यापक, संजय सिंह यादव सहा0 अध्यापक, राकेश कुमार सहा0 अध्यापक, ललित कुमार सहा0 अध्यापक, शिवभान सहा0 अध्यापक, अखिलेश कुमार सहा0 अध्यापक, रोहित कुमार सहा0 अध्यापक, शिव कुमार सहा0 अध्यापक एवं अरविन्द कुमार सहा0 अध्यापक द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मंझनपुर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिए जाने पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर सुखलाल प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे।



## धर्मा देवी के छात्रों ने कौशाम्बी के साथ-साथ मण्डल को भी किया गौरवान्वित

**स्वतंत्र भारत अझुआ कौशाम्बी।** 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी,लखनऊ में 23 नवम्बर 2025 से 29 नवम्बर 2025 के मध्य विकसित युवा-विकसित भारत व एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर आयोजित हुये भारत स्काउट व गाइड कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विद्यालय वापस लौटे धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के 07 छात्रों के साथ स्काउट मास्टर ललित कुमार का आज दिनांक 01 दिसम्बर 2025 सोमवार को प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राम किरण त्रिपाठी व अन्य शिक्षकों द्वारा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।स्काउट मास्टर ललित कुमार ने प्रार्थना सभा में विद्यालय के बच्चों को इस हीरक जयन्ती कार्यक्रम की गतिविधियों के विषय में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश की यशस्वी राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने किया था। इस कार्यक्रम में छात्रों ने पाइनारिंग, कैम्पक्राफ्ट, एडवेंचर, नाटक, लोकनृत्य व फूडप्लाजा आदि विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कर कौशाम्बी जनपद के साथ साथ प्रयागराज मण्डल को गौरवान्वित किया। इस कार्यक्रम का समापन नारी शक्ति की प्रतिरूप भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने किया।



## वर्ल्डस्किल्स एशिया कॉम्पिटिशन 2025 में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया

**पहली बार हिस्सा लेते हुए 8वां स्थान हासिल किया**

**प्रयागराज।** भारत ने ग्लोबल स्किल्स मंच पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ल्डस्किल्स एशिया कॉम्पिटिशन (डब्ल्यूएसएसी) 2025 में अपनी पहली भागीदारी में भारत ने 29 देशों में से 8वाँ स्थान प्राप्त करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। क्षेत्र के अग्रणी स्किल इकोसिस्टम के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, भारत ने अपनी पहली ही कोशिश में उच्च-डिमांड और उभरते ट्रेड्स में अनुशासन, नवाचार और वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के नेतृत्व में तथा एनएसडीसी और अन्य तकनीकी साझेदारों के प्रशिक्षण एवं तैयारी में सहयोग के साथ, भारतीय टीम में कुल 23 प्रतिभागी शामिल थे, जिन्होंने 21 कौशल श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। उनके साथ 21 एक्सपर्ट्स थे और उन्होंने उन्हें सपोर्ट भी किया। टीम ने पारंपरिक तथा तकनीक-आधारित दोनों प्रकार की कौशल श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारत ने 1 रजत, 2 कांस्य पदक और 3 मेडेलियन ऑफ एक्सीलेंस हासिल किए, जिससे ग्लोबल स्किल एक्सीलेंस में देश की तेजी से बढ़ती मौजूदगी का पता चलता है। भारत की उपलब्धि पर बोलते हुए भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी ने कहा : वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 में भारत का प्रदर्शन हमारे युवाओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अनुशासन का परिचायक है। यहाँ प्राप्त हर पदक और हर सम्मान हमारे प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत, उनके प्रशिक्षकों की निष्ठा और भारत के स्किल ईकोसिस्टम की बढ़ती ताकत का सबूत है। जैसे-जैसे हम ज्यादा टेक्नोलॉजी-ड्रिवन और ग्लोबली कनेक्टेड इकॉनमी की ओर बढ़ रहे हैं, ये अचीवर्स हमें याद दिलाते हैं कि स्किल्स सिर्फ.नौकरी पाने का जरिया नहीं हैं, वे देश की तरक्की के जरिया हैं। भारत को गर्व महसूस कराने के लिए हमारे सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई।

## मंगलाचरण के साथ प्रदर्शनी का शुभारंभ, मनी गीता जयंती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** प्रयागराज के राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग में श्रीमद् भगवद्गीता जयंती 2025 मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बटुक ब्रह्मचारियों द्वारा वैदिक मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद दुर्लभ पांडुलिपियों की चित्र प्रदर्शनी तथा विचार गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. एच. एन. दुबे, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने किया। डॉ. सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय ने बताया कि गीता में जीवन के सभी महत्वपूर्ण विषय समाहित हैं, यही कारण है कि इसका विश्व में सबसे अधिक अनुवाद मिलता है। जगत तारन महिला महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर परमा द्विवेदी ने कहा कि गीता के 18 अध्याय वास्तव में 18 योग हैं, जो मानव कल्याण का मार्ग प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम में जगत तारन, सीएमपी महाविद्यालय तथा बाघम्बरी मठ स्थित महंत विचारानंद संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और श्रीकृष्ण तथा गीता पर आधारित दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्राविधिक सहायक (संस्कृत) हरिश्चंद्र दुबे ने किया। पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. शाकिरा तलत, अजय मौर्या, रुचि मिश्रा, मोहम्मद सफीक, आनंद, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।




## किसान खेतों में जहर छिड़कते -छिड़कते उसे अपने खून में उतार रहे हैं : कमलेश मिश्र

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** तहसील मुख्यालय के दक्षिण स्थित ग्राम भइयां के नवचारी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफ.पी.ओ.) कार्यालय पर किसानों की गोष्ठी को संबोधित करते हुए कंपनी के निदेशक कमलेश मिश्र ने कहा कि कीटनाशक किसानों से लेकर उपभोक्ताओं तक खून की कोशिकाओं की बनावट बदल रहे हैं। आज किसान सिर्फ खेतों पर कीटनाशक और पेस्टीसाइड नहीं छिड़क रहे हैं बल्कि वे उसी जहर को अपने खून में उतार रहे हैं। हाल की वैज्ञानिक शोधों में किसानों के खून में क्लोरपायरीफांस, डाइक्लोर्वोस, मोनोक्रोटोफांस और अन्य आर्गनोफांस्फेट कई गुना अधिक पाए गए। डाक्टरों ने चेताया है कि किसानों के खून की कोशिकाओं की संरचना बदलने लगी है।जो आगे चलकर कैंसर,हार्मोनल असंतुलन और नर्वस सिस्टम को नुक्सान पहुंचा सकती है। इसी जहर से उगाई गई सब्जियां,अनाज, दालें और फल बाजार में पहुंचते हैं और फिर उपभोक्ता के शरीर और खून में दाखिल हो जाते हैं। किसानों को सजग करते हुए पेस्टीसाइड के दुष्परिणाम की बारीकियों को बताते हुए कमलेश ने कहा कि केमिकल के बार-बार छिड़काव करने से सब्जियों और फलों पर केमिकल की मोटी परत बन जाती है। जो छीलने और धोने से भी नहीं हटते क्योंकि सिस्टमिक पेस्टीसाइड अंदर पहुंच चुके होते हैं। किसान खेतों में जहर छिड़कते -छिड़कते उसे अपने खून में उतार रहे हैं। उपभोक्ता वही जहर भोजन के माध्यम से अपने शरीर में ले रहे हैं नतीजा दोनों के खून की कोशिकाओं की संरचना बदल रही है।रोग प्रतिरोधक क्षमता घट रही है, अंगों पर असर पड़ रहा है और कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। यह सिर्फ खेती का नहीं पूरे समाज के स्वास्थ्य का संकट है। कार्यक्रम स्थल पर अमरनाथ, कृष्ण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, मुन्नी लाल सहित कई किसान उपस्थित रहे।




## आखिरकार जनपद में किसके इशारे पर चलता है अवैध परिवहन का बेलगाम कारोबार

### बगैर नम्बर प्लेट के कैसे चल रहे अवैध वाहन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन का धंधा लगातार फल-फूल रहा है। आरटीओ और खनिज विभाग की लापरवाही ने खनन माफियाओं को खुली छूट दे दी है। सरायंअकिल, पिपरी, चरवा, करारी, मंझनपुर, पश्चिम शरीरा समेत कई थाना क्षेत्रों में डाला,ट्रक और ट्रैक्टर खुलेआम ओवरलोड बालू ढोते हुए दौड़ते देखे जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से कई वाहन थानों के सामने से गुजरते हैं, फिर भी उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।स्थानीय नागरिकों के अनुसार, ओवरलोड वाहन चालकों ने अधिकारियों की नजरों से बचने के लिए नया तरीका निकाल लिया है। नम्बर प्लेट पर काली पुताई या मिट्टी लगाकर वाहन की पहचान पूरी तरह छिपा दी जाती है। इस 'जुगाड़' के सहारे रातों-रात बड़ी मात्रा में बालू की ढुलाई हो रही है, जिससे खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं।

जबकि जनपद में सड़कों की हालत बदतर हो गयी है और हादसों का खतरा बढ़ा दिया गया है ओवरलोड वाहनों के रोजाना फर्राटा भरने से करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कों की हालत बुरी तरह बिगड़ रही है। लोगों का कहना है कि भारी वाहनों के दबाव से सड़कें टूट रही हैं और हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है। कई बार ऐसे अवैध वाहन सड़क दुर्घटनाओं में शामिल पाये जाते हैं, लेकिन नम्बर प्लेट गायब होने की वजह से वे आसानी से बच निकलते हैं। इसमें मिलीभगत पर उठ रहे सवाल स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय चुप्पी और कार्रवाई की कमी कहीं न कहीं मिलीभगत की ओर इशारा करती है। बिना दस्तावेज और बिना नम्बर प्लेट वाले वाहन लगातार चल रहे हैं, इसके बावजूद न आरटीओ का रुख सख्त दिखता है, न ही खनिज विभाग का। इससे शासन को भी भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिला प्रशासन से सख्त कदम की मांग लोगों ने जिला अधिकारी कौशाम्बी और पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी से अवैध खनन व परिवहन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने, रात में प्रभावी चेकिंग बढ़ाने और बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो अवैध परिवहन और सड़क सुरक्षा दोनों गम्भीर संकट में पड़ जायेंगे।

## राष्ट्रीय शिल्प मेले की शोभायात्रा का सिविल लाइंस में भव्य स्वागत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (NCZCC) में प्रारंभ हो रहे 10 दिवसीय राष्ट्रीय शिल्प मेले के तहत सात राज्यों से आए कलाकारों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। परंपरा के अनुसार सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के सभी व्यापारी बंधुओं ने सुभाष चौराहा पर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया।

महिला अध्यक्ष स्वाती निरखी ने एनसीजेडसीसी के निदेशक सुदेश शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित कल्पना सहाय का अंगवस्त्रम और बुके देकर सम्मान किया। उन्होंने कलाकार और व्यापारी वर्ग को जोड़ते हुए कहा कि 'दोनों ही साधना का विषय हैं। बिना साधना न व्यापार संभव है और न ही कलाकार बनना।' उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने भी सभी कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि व्यापारी सदैव देश की सांस्कृतिक एकता और अखंडता को मजबूत रखने के लिए एकजुट रहते हैं।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद पंकज जयसवाल ने सभी कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि महामंत्री पवन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में सिविल लाइंस के व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनिल गुप्ता, आशुतोष सिंह, अनामिका मंजरी, सिमर चौधरी, संजय पुरुषार्थी, सचिन उपाध्याय, ललिता मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कौशाम्बी में जेसीबी से तालाब खुदाई में सरकारी नियमों की उड़ाई गई धज्जियां

**स्वतंत्र भारत कड़ा कौशाम्बी।** जनपद में कड़ा ब्लॉक के अन्तर्गत सयांरा गाँव में मनरेगा के तहत तालाब खुदाई को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आया है। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि मजदूरों की जगह जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है जो मनरेगा नियमों के विपरीत है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्य में ग्राम प्रधान सचिव और सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत हो सकती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब निर्माण के लिए स्वीकृत कार्य को मजदूरों से करवाया जाना चाहिए था, लेकिन पूरे क्षेत्र में मशीनें चलते देखी गईं हैं। मजदूरों का कहना है कि उन्हें काम देने के बजाय मशीनों से खुदाई करवाई जा रही है, जिससे उनके रोजगार के अधिकार पर असर पड़ा है। ग्राम विकास विभाग की ओर से इस मामले पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। विभाग की चुप्पी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और कई लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं अधिकारी पक्ष से कहा जा रहा है कि पूरे प्रकरण की जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुँचना उचित होगा।

फिलहाल ग्रामीणों की शिकायतों और आरोपों ने तालाब खुदाई परियोजना पर कई सवाल खड़े कर दिये हैं, जिनका जवाब जांच के बाद ही साफ हो पायेगा। खण्ड विकास अधिकारी कड़ा ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर खुदाई रुकवा दी गई है और जांच करायी जा रही है जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

## रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित रहूँगा : मनोज पाण्डे

### कामरेड मनोज रेल सेवा से सेवानिवृत



**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** रेल कर्मचारियों के लिए रेल सेवा के दौरान पूरी ईमानदारी से संघर्ष करता रहा हु उनकी माँगो को उठता रहा हु और किसी भी तरह की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया हु और आजीवन रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित रहूँगा उक्त उद्गार इण्डियन रेलवे इम्प्लॉईज फेडरेशन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय ने रेल सेवा से सेवानिवृत होने पर प्लान्ट ऑफिस की और से आयोजित सेवानिवृत एवं सम्मान समारोह में व्यक्त किया। सम्मान समारोह में कामरेड मनोज पाण्डेय का स्वागत करते हुए कर्मचारियों ने फुल माला से लाद दिया। वरिष्ठ खण्ड अभियंता (प्लान्ट ) आर के मिश्रा के नेतृत्व में वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता राजेश कुमार, संजय तिवारी, आर के राय, मोहन श्रीवास्तव, प्रेम लाल ने पगड़ी पहनकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्लान्ट के रेल कर्मचारी एवं वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने पुष्प गुक्ष और अनेको उपहार देकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सैयद इरफात अली, जे के चौधरी, विनय तिवारी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव सिंह, संदीप सिंह, दीपक कुमार, प्रकाश भाई, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, राम चन्द्र प्रजापति, सुनील पांडेय, राजाराम जी, अब्दुल्ला, विजय कुमार, दिनेश कुमार, मदन पाल यादव, शेखर श्रीवास्तव,के साथ कामरेड मनोज पांडेय के परिवार सदस्यों सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्नातक निर्वाचन व एसआईआर को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक

### अभियान को लेकर अधिवक्ता समाज की भूमिका महत्वपूर्ण : अवधेश चंद्र गुप्ता




**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान व इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन 2026 को लेकर स्वर को भाजपा प्रयागराज महानगर विधि प्रकोष्ठ की बैठक सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत की गई है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष व इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन 2026 के सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि एसआईआर में बीएलए 2 की भूमिका अब और महत्वपूर्ण हो गई क्योंकि एक हफ्ते का समय बढ़ा दिया गया एसआईआर में। बीएलओ के साथ लगकर अपने अपने बूथों पर एसआईआर फार्म अवश्य भरवाएं। 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी इसलिए पूरी सक्रियता से पार्टी कार्यकर्ता लगे रहें। घर घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र देने का पूरा प्रयास करें। फर्जी वोटरों पर विशेष निगाह रखने की आवश्यकता है। ऐसा ही प्रयास इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन 2026 को लेकर मतदाता बनाने को लेकर करना है। अधिक से अधिक स्नातक मतदाता जुड़े इसके लिए मतदाता फार्म लेकर उसे भरवाने का काम करना है। स्नातक निर्वाचन के महानगर संयोजक डॉ शैलेश पांडेय ने कहा कि स्नातक मतदाता बनने के लिए महानगर के कुल 56 बूथों पर मतदाता बनाने हैं। जल्द ही पहले चरण की स्नातक मतदाता सूची प्रकाशित होने की संभावना है। बैठक का संचालन विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र सह संयोजक आशुतोष पांडेय ने किया। प्रभा शंकर पांडेय, कुंज बिहारी मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रणजीत सिंह, अरविंद सिंह, महानगर प्रवासी विनोद प्रजापति, प्रमोद मोदी, रवि केसरवानी, देवेंद्र नाथ मिश्रा, रवींद्र गांधी, वर्षा जायसवाल, विश्वास श्रीवास्तव, प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव, सह मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, शुभम पांडेय बाला, विजय श्रीवास्तव, संदीप यादव, आदि विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमानगंज एएस क्लब ने उद्घाटन मुकाबला जीता

### यश हॉस्पिटल क्रिस्टल ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** हनुमानगंज एएस क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को चार विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल क्रिस्टल ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत में अंशुल विश्वकर्मा (60 रन, 32 गेंद, 12 चौके, एक छक्का) और वामहस्त स्पिनर सौरभ तिवारी (5-0-20-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दौलत हुसैन मैदान पर सोमवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस जीतकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 29 ओवर में 117 रन (मोहम्मद हम्माद 32, अल्तमश 17, अब्दुल बासित 12, सौरभ तिवारी 5/20, मयंक यादव 3/11, अनुभव गुप्ता 2/13) बनाएम जवाब में हनुमानगंज एएस क्लब ने 16.2 ओवर में 6 विकेट पर 121 रन )अंशुल विश्वकर्मा 60, अब्दुल बासित 2/25, अरबाज खान, अबू रिमशा, मोहम्मद हम्माद व मोहम्मद आदिल एक-एक विकेट) बना लिए।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। पूर्व रणजी क्रिकेटर जावेद खान, कांग्रेस नेता सैयद शहाब विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता के संरक्षक डॉ. एके सक्सेना ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान ने धन्यवाद ज्ञापित और आयोजन सचिव परवेज आलम ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर वजाहत महमूद, मुजस्सर चौधरी, मोहम्मद जेब फारान, धीरेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से मिलते केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा

## सांवरिया लोक रंग मण्डल ने सरकारी योजनाओं का प्रचार किया

### टीम ने नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जानकारी दी



**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा तहसील क्षेत्र मे सांवरिया लोक रंग मण्डल ने उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। यह अभियान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर चलाया जा रहा है। मण्डल के दल-नेता वेदानंद विश्वकर्मा और उनकी टीम इसमें सक्रिय है। मण्डल के कलाकारों ने मिशन शक्ति, 'आपका सुझाव लाएगा बदलाव', 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047', उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, किसान सम्मान निधि और निराश्रित महिला पेंशन जैसी कई योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। उन्होंने लोगों को इन योजनाओं से मिलने वाले लाभों से अवगत कराया।

कार्यक्रमों के दौरान कलाकारों ने यह संदेश भी दिया कि सरकार अनुदान और सहयोग के लिए हमेशा साथ है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनकर व्यवसाय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और पीएम किसान योजना को किसानों के लिए संजीवनी बताया। नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'आपका सुझाव बदलाव लाएगा' और 'सभी मिलकर विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में योगदान दें' जैसे संदेश दिए गए। नुक्कड़ नाटक में प्रमुख कलाकार अरुण विश्वकर्मा, जगदीश यादव, सबरेज अहमद, सत्यनारायण गौड़, प्रीति और सुभाष विश्वकर्मा सहित अन्य कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कठौली ग्राम सभा में आयोजित कार्यक्रम में महान कवि व कलाकार बालेंदु गौतम तथा फिल्म प्रोड्यूसर-निमार्ता-निर्देशक हरिशंकर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो ओवरटेक करने को लेकर विवाद में दरोगा और साथियों ने फौजी को पीट-पीटकर मार डाला, SI समेत 5 गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी, प्रयागराज।** प्रयागराज में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां स्कॉर्पियो ओवरटेक करने के विवाद में सेना के जवान की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी गई। करछना क्षेत्र के धरवारा गांव निवासी विवेक सिंह (28 वर्ष) सेना के इंटेलिजेंस विभाग में दिल्ली में तैनात थे। रविवार देर रात लौटते समय उपनिरीक्षक (SI) और उसके साथियों ने लोहे की रॉड और असलहों से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल विवेक ने सोमवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**मामला ऐसे शुरू हुआ :** विवेक सिंह अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए 28 नवंबर को घर आए थे। 29 नवंबर की रात वे दोस्तों के साथ कोहड़ार बाजार गए थे और देर रात करीब 2 बजे अपने दोस्त करन सिंह के साथ कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान धरवारा मोड़ के पास बारात से लौट रही स्कॉर्पियो को ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन जैसे ही विवेक अपनी गाड़ी में बैठने लगे, स्कॉर्पियो सवार युवक फिर आ धमके।

**लोहे की रॉड से की हत्या :** स्कॉर्पियो से दिनेश कुमार यादव, राजीव कुमार ठाकुर, राजू अग्रहरि, भाई लाल यादव और उत्तर प्रदेश पुलिस के उपनिरीक्षक राजकमल पाण्डेय उतरे। इन सभी ने विवेक को कार से खींचकर बाहर निकाला और लोहे की रॉड से सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। करन सिंह बचाने के लिए गांव की ओर सहायता मांगने दौड़े। हमलावर विवेक को मृत समझकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल विवेक को गांववालों की मदद से प्रयागराज के अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर किया गया। सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**आरोपियों की गिरफ्तारी :** फौजी के परिजनों और ग्रामीणों ने गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार से इंकार किया था। पिता उमाकांत सिंह (सेना से सूबेदार रिटायर्ड) की तहरीर पर SI राजकमल पाण्डेय सहित पांचों आरोपियों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज की गई।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गंभीर समस्या

इस समय नई पीढ़ी की बुनियाद में सबसे बड़ी दरार बनकर मोबाइल और उसमें इंटरनेट की व्यापक दुनिया खड़ी हो गई है। इसका बड़ा कारण यह है कि किशोर या नाबालिगों सहित नेट की सुविधा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति इसके अलग-अलग प्लेटफार्म पर मौजूद अराजक, आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री तक अपनी पहुंच बड़ी आसानी से बना लेता है। यह रुझान इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि कई देशों ने सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट प्लेटफार्म को अवयस्कों एवं किशोरों के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क जैसे देशों ने तो बाकायदा इसके लिए कानून भी बना दिए। हमारे देश में भी इस समस्या को लेकर आवाज़ उठाई जा रही है कि इसके लिए कारगर और ठोस नियमन निर्धारित किया जाए। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था बनाई जाए जो उसे पर रोक लगा सके। उसका सुझाव है कि इंटरनेट पर मौजूद अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार की संख्या से आयु की पुष्टि करने की व्यवस्था बनाने पर भी सोचा जाना चाहिए। दरअसल इंटरनेट के उपयोग को लेकर दो पहलू हैं। पहला तो यह कि पढ़ाई-लिखाई से लेकर रोजगार तक और मनोरंजन आदि के लिए नेट से काफी हद तक मदद मिलती है। इसलिए इस पर निर्भरता का क्षेत्र काफी विस्तृत हुआ है। लेकिन दूसरा पक्ष यह है कि जिस साइबर तकनीकी ने इतनी सुविधा दे रखी है, उसी में ऐसी सामग्री भी बहुतायत में है जो उतने ही विस्तृत रूप से बेहद नुकसानदायक है। समस्या इस लक्ष्य के समस्या इस लक्ष्य के मद्देनजर भी जटिल हो जाती है कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी के साथ होते जा रहे विस्तार के वर्तमान समय में समाज तथा इसका व्यवस्थागत ढांचा भी बड़े पैमाने पर बदल रहा है। ऐसे में नियमन का प्रारूप और प्रक्रिया निर्धारित करते समय यह सावधानी भी बरतनी बहुत आवश्यक होगी कि इसके नाम पर लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन होने पाए। वर्तमान पढ़े-लिखे समाज की बौद्धिक गतिविधियां जिस तरह हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं, उसमें ऐसे टकरावों-विवादों का उभरना अब कई बार सामने आया है। इसलिए एक अत्यंत व्यापक दायरे के परिपेक्ष्य में इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए कदम उठाना जरूरी होता जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य देशों की तरह भारत सरकार भी इस बारे में प्रभावी पहल शीघ्र करेगी।

## उचित निर्देश

सरकारी और निजी बसों के दिल दहला देने वाले हाथ से अब नहीं बात नहीं रह गए हैं देश भर के किसी ने किसी हिस्से से ऐसी दुर्घटनाओं की खबरें बराबर आती रहती हैं उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले हुए हैं हादसे हुए ऐसे भी हुए जिनमें चलती बस में आग लग गई और कई यात्रियों की जलकर मौत हो गई यह साधारण घटनाएं नहीं है लेकिन खेत जनक बात यह कि इन्हें उसे गंभीरता से नहीं लिया गया जिसमें कोई प्रभावी कदम उठाया जाता जांच और कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई हालांकि इसे लेकर सरकारी तौर पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया लेकिन एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जरूर कदम बढ़ा दिए हैं आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली स्लीपर कोच बसों को हटाने का निर्देश दिया है मुद्दा यह था कि कुछ बसों में ड्राइवर का केबिन यात्री डिब्बे से पूरी तरह अलग होता है जिससे किसी आपात स्थिति में आज का समय पर पता लगा पाना और सूचना देना मुश्किल हो जाता है आयोग से भी यह कहा गया कि सार्वजनिक परिणाम बेसन की डिजाइन मेंगंभीर खामियां यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल रही हैं यह कोई बहुत रहस्य की बातें नहीं है जो एकाएक सामने लगी गई हो हर ऐसे हादसे के बाद उन्हें उठाया जाता रहा है लेकिन केवल खाना पूरी करने के परंपरा निभाते हुए उनकी पूरी तरह उपेक्षा कर दी जाती है रही या ना तो जिम्मेदारी निभाने वाली बात है और ना ही इसमें मानवी संवेदना का ही कोई क्वेश्चन है यह कुछ ऐसा है कि बस मालिकों और परिवहन विभागों को केवल भारी भरकम किराया चाहिए वह तो हो गया बाकी बात खत्म आगे जिसका जैसा मुकद्दर हो किसी सार्वजनिक या निजी सेवा के लिए ऐसा गद्य में धारा रवानी रवैया कतई उचित नहीं हो सकता वह भी तब जब सेवा के बदले में मनमाना पैसा लिया जा रहा हो व्यवसाय तो व्यवसाय ही है लेकिन उसमें नैतिकता का लोप तो नहीं होना चाहिए। एनएचआरसी की शक्ति से यह स्थिति सुधर जाए तो उसे बहुत बड़ी उपलब्धि माना जाएगा वैसे यह कोई अच्छा चलन नहीं है कि जब तक आधार से या आयोग आदेश निर्देश न दें तब तक कोई सरकारी काम सही ढंग से नहीं होगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

तीन राज्यों से तीन आतंकी गिरफ्तार
**खोजते रहिए अभी और मिलेंगे!**
पाकिस्तान गाजा में सेना भेजने को तैयार
**इसी बहाने हमास की मदद तो हो जाएगी!**
बलिया में मंत्री के विवादास्पद बोल
**कह देंगे बयान तोड़ा-मरोड़ा गया!**
देश में 10.66 प्रतिशत वयस्क किसी मानसिक विकार से पीड़ित
**खुराफात करते रहेंगे तो और क्या होगा!**
पुलिस बनकर 80000 की ठगी
**यह है 'एडवांटेज खाकी'!**
तेंदुलकर से 'विराट' हुए कोहली
**लोग तो आपकी चली-चला की सोच रहे थे!**

♦♦♦

# मजदूरों की मुश्किलें

– अजीत द्विवेदी

केंद्र की नेंद्र मोदी सरकार का एक स्थायी दावा होता है कि वह जो भी काम कर रही है वह सबसे बड़ा काम है या ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ। तभी छह साल पहले 2019 में भारतीय संसद से पास चार श्रम कानूनों को लागू करते हुए ऐसा ही दावा किया गया है। हैरानी की बात है कि अनेक मीडिया समूह भी अपने संपादकीय में इन कानूनों को इसी रूप में पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में किसी भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया सबसे बड़ा आर्थिक सुधार है। ध्यान रहे अब तक 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की ओर से लागू किए गए उदारीकरण के फैसले को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता रहा है। अब उसकी जगह श्रम कानूनों को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या यह सबसे बड़ा कथित आर्थिक सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को वैसे ही बदल पाएगा, जैसे 1991 के आर्थिक सुधारों ने बदला था? और क्या इससे श्रमिकों की हालत में कोई गुणात्मक परिवर्तन आएगा? इसकी संभावना कम है।

बुनियादी रूप से ये चारों कानून कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। इनकी जो एकमात्र बड़ी खासियत दिखाई दे रही है वह ये है कि पहले से मौजूद 29 केंद्रीय कानूनों को इन चार कानूनों में समेटा गया है। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि पहले इन 29 कानूनों की वजह से उद्योग व कारोबारी समूहों को इनके अनुपालन में समस्या आती थी तो दूसरी ओर श्रमिकों के लिए जरूरी लाभ उपलब्ध कराना मुश्किल होता था। लेकिन असली सवाल तो यह है कि इससे मजदूरों को कैसे फायदा होगा? इस सवाल पर विचार से पहले चारों कानूनों के बारे में संक्षेप में जानना जरूरी है। ये चार कानून वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता हैं। पहला कानून यानी वेतन संहिता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी मजदूरों को एक निश्चित वेतन मिले, वेतन समय पर मिले और वह उचित हो। पहले वेतन, भत्ता, पेंशन, बोनस आदि के लिए अलग अलग कानून थे, जिससे परेशानी होती थी। इसमें एक खास बात यह है कि महिलाओं को पुरुषों के समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान किया गया है। हालांकि उचित और समय पर वेतन मिलना कैसे सुनिश्चित होगा यह कानून लागू होने के बाद पता चलेगा। दूसरा कानून औद्योगिक संबंध संहिता हैं, जिसके तहत कर्मचारी और कंपनी के संबंधों की व्याख्या की गई है और साथ ही दोनों के बीच विवाद के त्वरित निपटान की व्यवस्था भी बनाई गई है। इसमें हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के नियम भी शामिल किए गए हैं और सबसे ज्यादा विरोध इसी नियम का हो रहा है।

तीसरा कानून सामाजिक सुरक्षा संहिता का है, जिसमें असंगठित मजदूरों, ऐप आधारित सेवाओं में काम करने वाले लोग, जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जा रहा है उनके लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इस कानून में कहा गया है कि कंपनियां इनके लिए सामाजिक सुरक्षा फंड बनाएंगी। इस कानून के जरिए स्वास्थ्य, बीमा और मातृत्व सुविधा जैसे लाभों को हासिल करना आसान बनाया जाएगा। चौथा और अंतिम कानून व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता है, जिसमें कर्मचारियों, मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रावधान है साथ ही कार्यस्थल पर होने वाली परेशानियों को दूर करके उसे बेहतर बनाने के उपाय भी किए गए हैं। पहले से मौजूद 13 कानूनों मिला कर इसे बनाया गया है। इसमें महिलाओं के रात में काम करने का प्रावधान भी किया गया है।

दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर व उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा।परंतु उससे पहले इस कानून के कई प्रावधान ऐसे हैं, जिनको मजदूर फ्रेंडली कतई नहीं माना जा सकता है। उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि मजदूरों को नियमों में बांधने, उनके विरोध करने की क्षमता को कम करने और उनकी नौकरी को असुरक्षित बनाने के प्रावधान इन कानूनों में निहित हैं। मिसाल के तौर पर औद्योगिक संबंध संहिता में प्रावधान किया गया है कि तीन सौ तक मजदूर और कर्मचारी वाला उद्योग सरकार की अनुमति के बगैर छंटनी कर सकता है। पहले एक सौ मजदूरों तक की कंपनियों को यह छूट मिली थी। यह दायरा बढ़ने का मतलब है कि देश की ज्यादातर कंपनियां और उद्योग अपने यहां पहले से ज्यादा आसानी से छंटनी कर पाएंगे। इसमें लगभग पूरा एमएसएमई सेक्टर आ जाता है। ध्यान रहे भारत में ज्यादातर कंपनियां इतने की मजदूरों या कर्मचारियों वाली हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने ज्यादातर मजदूरों को कंपनियों की मर्जी के हवाले कर दिया है। इतना ही नहीं मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी सीमित कर दिया गया है। नए कानून में प्रावधान है कि हड़ताल से 60 दिन यानी दो महीने पहले नोटिस देना होगा। सोचें, अगर कर्मचारी या मजदूर अपनी किसी समस्या के लिए तत्काल विरोध प्रदर्शन या हड़ताल नहीं कर पाएंगे तो उनकी समस्या को निराकरण कैसे होगा? आवश्यक सेवाओं पर लागू होने वाले कानून को हर तरह के मजदूरों और कर्मचारियों पर लागू कर दिया गया है। इससे उनके विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि यूनियन की मान्यता पाने के लिए कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या के 10 फीसदी या एक सौ मजदूरों का, जो भी ज्यादा हो, उसमें शामिल होना जरूरी है। इससे छोटी यूनियन के समाप्त होने का खतरा है।



सामाजिक सुरक्षा वाले तीसरे कानून में गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड की बात कही गई है। लेकिन यह फंड कैसे बनेगा? कंपनियां कितना योगदान करेंगी और मजदूरों को उसका लाभ कैसे मिलेगा इस बारे में बहुत स्पष्टता नहीं है। इसी तरह व्यावसायिक सुरक्षा वाले चौथे कानून में रोज के काम के घंटे का विस्तार 12 घंटे तक कर दिया गया है। कंपनियां आठ से 12 घंटे काम करा सकेंगी। हालांकि एक हफ्ते में काम की अधिकतम सीमा 48 घंटे निर्धारित है लेकिन सबको पता है कि इस सीमा का पालन कहीं नहीं होता है। नया कानून लागू होने के बाद कंपनियां लंबे कार्य दिवस लागू कर सकती हैं, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा।असल में नए श्रम कानून जैसा कि हमेशा होता है उद्योग समूहों और निवेशकों के हितों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना और उद्योग समूहों का विस्तार करना है। सभी सरकारें मानती रही हैं कि उद्योगों का विकास होगा, निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और संपन्नता आएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर कानून शोषण और गैर बराबरी को बढ़ाता है। ये कानून भी अपवाद नहीं हैं। इनमें भी फिक्स्ड टर्म नौकरी पर जोर दिया गया है, जिसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम होंगी और ठेके पर काम ज्यादा उपलब्ध होगा। इससे सामाजिक सुरक्षा बढ़ेगी नहीं कम होगी। इसी तरह कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### तृतीय अध्याय

(गतांक से आगे)

(15/7) - मनसहित इन्द्रियों से जो कार्य इस जन्म में होता है, उनके संस्कार लेकर जीवात्मा पुराने शरीर को त्यागकर नवीन शरीर में प्रवेश कर जाता है। इसमें जन्मदाताओं का क्या लगा? उनके विकास में कोई अन्तर नहीं आया। अतः स्त्रियों के दूषित होने से वर्णसंकर नहीं होता। स्त्रियों के दूषित होने और वर्णसंकर से कोई सम्बन्ध नहीं है। शुद्ध स्वरूप की ओर अग्रसर न होकर प्रकृति में बिखर जाना ही वर्णसंकरता है। यदि महापुरुष सावधान होकर क्रिया (नियत कर्म) में बरतते हुए लोगों से क्रिया न कराये तो वह उस सारी प्रजा का हनन करनेवाला, मारनेवाला वने। साधना-क्रम में चलकर उस मूल अविनाशी की प्राप्ति ही जीवन है और प्रकृति में बिखरे रहना, भटक जाना ही मृत्यु है। किन्तु वह महापुरुष इस सारी प्रजा को यदि क्रिया-पथ पर नहीं चलाता, इस सारी प्रजा को बिखराव से रोककर सत्पथ पर नहीं चलाता तो वह सारी प्रजा का हनन करनेवाला हत्यारा है, हिंसक है और क्रमशः चलते हुए जो चला लेता है वह शुद्ध अहिंसक है। गीता के अनुसार शरीरों का निधन, नश्वर कलेवरों का निधन मात्र परिवर्तन है, हिंसा नहीं।

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ।।25।।

हे भारत ! कर्म में आसक्त हुए अज्ञानीजन जैसे कर्म करते हैं, वैसे ही अनासक्त हुआ विद्वान्, पूर्णज्ञाता भी लोक-हृदय में प्रेरणा और कल्याण-संग्रह चाहता हुआ कर्म करे। यज्ञ की विधि जानते और करते हुए भी हम अज्ञानी हैं। ज्ञान का अर्थ है प्रत्यक्ष जानकारी। जब तक लेशमात्र भी हम अलग हैं, आराध्य अलग है तब तक अज्ञान विद्यमान है। जब तक अज्ञान है, तब तक कर्म में आसक्ति रहती है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

♦♦♦

# जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप

– बलबीर पुंज

जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप रहता है, जबकि जिहाद से निर्णायक संघर्ष तभी संभव है, जब उसके मूल विचारों पर सीधी बहस की जाए। क्या मौजूदा दौर में ऐसा संभव है? कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने यह मार्ग क्यों अपनाया? 10 नवंबर की शाम राजधानी दिल्ली एक फिदायीन आतंकी हमले से दहल उठी। लालकिला मेट्रो स्टेशन के बाहर चलती कार में हुए भीषण विस्फोट से कई निर्दोष हताहत हो गए। यह हमला एक बार फिर से जिहाद पर बनी पुरानी धारणाओं को चुनौती दे रहा है। साथ ही यह भी सोचने पर मजबूर कर रहा है कि आखिर सभ्य समाज इसपर आजतक निर्णायक विजय क्यों नहीं पा सका है?

पिछले कुछ दशकों में भारत जब भी आतंकवाद का शिकार हुआ, तब इसे वामपंथी मुस्लिम समाज में व्याप्त 'अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी' से जोड़ देते है। यदि ऐसा ही है, तो कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने जिहाद का मार्ग क्यों अपनाया? दरअसल, इस्लाम में जिहादी सोच को मजबूती देने में मदरसा शिक्षा पद्धति की बड़ी भूमिका है। अधिकतर मुस्लिम परिवारों के बच्चे प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा यही ग्रहण करते है, जिसका माहौल कट्टरपंथी इस्लामी पहचान तक सीमित– अर्थात् 'काफिर-कुफ्र-शिर्क' अवधारणा से युक्त और सह-अस्तित्व प्रेरित बहुलतावाद से मुक्त रहता है। अक्सर आधुनिकीकरण के नाम पर मदरसों में छात्रों को गणित, विज्ञान और कंप्यूटर आदि विषयों को भी पढ़ाया जाता है। वास्तव में, यह विषय केवल माध्यम हैं– इनका उपयोग या दुरुपयोग लोगों की मानसिकता पर निर्भर करता है। यही कारण है कि डॉ.उमर, डॉ.आदिल, डॉ.मुजम्मिल और डॉ.शाहीन आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी जिहाद का रास्ता नहीं छोड़ पाए। भारत सहित शेष विश्व में इस तरह के उच्च-शिक्षित (डॉक्टर-प्रोफेसर सहित) जिहादियों की एक लंबी फेहरिस्त है। न्यूयॉर्क के भीषण 9/11 आतंकी हमले के गुनहगार (लादेन सहित) आधुनिक शिक्षा में दक्ष थे। कड़वा सच यह है कि जब जिहादी मानसिकता का मेल विज्ञान-गणित-कंप्यूटर से होता है, तो वह और भी अधिक खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हालिया जिहादी हमले की कड़ियां कश्मीर से लेकर हरियाणा और उत्तरप्रदेश तक जुड़ी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ.आदिल को श्रीनगर की दीवारों पर आतंकी संगठन %जैश-ए-मोहम्मद' के पर्चे चिपकाने के आरोप में 6 नवंबर को उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया था। जब पुलिस ने अस्पताल स्थित उसके लॉकर की तलाशी ली, तो वहां से एके-47 सहित कई हथियार बरामद हुए।पूछताछ में डॉ.मुजम्मिल का नाम सामने आया, जिसके फरीदाबाद स्थित किराए के मकान से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और बम बनाने के उपकरणों को जब्त किया गया। इसी कार्रवाई में पुलिस ने डॉ.शाहीन को भी घातक हथियारों के साथ धरदबोचा। हालिया जिहादी वारदात में जिस कार का इस्तेमाल हुआ, उसे बकौल जांचकर्ता डॉ.उमर चला रहा था।



यह जिहादी मानसिकता केवल फिदायीन हमले तक सीमित नहीं है। गुजरात पुलिस ने हाल ही में डॉ.अहमद मोहिउद्दीन सैयद को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। सैयद अरंडी के बीजों से घातक राइसिन जहर बना रहा था, जिसे पानी-भोजन में मिलाकर बड़े नरसंहार को अंजाम देने की योजना थी।

क्या धन-दौलत के लिए मुस्लिम समाज का एक वर्ग जिहाद का रास्ता अपनाता है? सच तो यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में एक बड़ा मुस्लिम वर्ग उन्हीं इस्लामी आक्रांताओं– गजनवी, गोरी, बाबर, औरंगजेब, अब्दाली, टीपू सुल्तान आदि को अपना 'नायक' या फिर स्वयं को उनका 'वैचारिक-उत्तराधिकारी' मानता है, जिन्होंने 'काफिर-कुफ्र' चिंतन से प्रेरित होकर भारत में असंख्य हिंदुओं का कत्लेआम किया, उनकी महिलाओं से बलात्कार किया, उनके हजारों मंदिरों को तोड़ा और सांस्कृतिक प्रतीकों-मानबिंदुओं को रौंदा। इस वर्ग की धारणा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के अधूरे 'गजवा-ए-हिंद' का मजहबी दायित्व उसपर है।

वास्तव में, बीते दशकों में हुए अनेकों जिहादी हमलों (26/11 सहित) की प्रेरणा और शताब्दियों पूर्व भारत में इस्लामी आक्रांताओं का चिंतन– एक ही है। इसका एक विवरण वर्ष 1908 में जी.रुस-केपेल और काजी अब्दुल गनी खान द्वारा अनुवादित 'तारीख-ए-सुल्तान महमूद-ए-गजनवी' पुस्तक में मिलता है। इसके अनुसार, जब महमूद गजनवी (971-1030) को एक पराजित हिंदू राजा ने मंदिर नष्ट नहीं करने के बदले अपार धन देने की पेशकश की, तो उसने कहा– हमारे मजहब में जो कोई मूर्तिपूजकों के पूजास्थल को नष्ट करेगा, वह कयामत के दिन बहुत बड़ा इनाम पाएगा और मेरा इरादा हिंदुस्तान के हर नगर से मूर्तियों को पूरी तरह से हटाना हैज। इसी प्रकार वर्ष 1398 में भारत पर आक्रमण कर लाखों निर्दोष हिंदुओं का नरसंहार करने वाले तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक-ए-तैमूरी' में लिखा था– हिंदुस्तान आने का मेरा एक उद्देश्य काफिरों से जिहाद और सवाब अर्जित करना है। यहां तक, बाबर ने जिहाद की बुनियाद पर 'काफिर' हिंदू राजा राणा सांगा को पराजित करके मुगल साम्राज्य की स्थापना की और खुद को 'गाजी' घोषित किया था। बीते कुछ समय से एक और विषाक्त नैरेटिव बनाया जा रहा है, जिसमें मुस्लिम समाज में व्याप्त 'असहिष्णुता', 'कट्टरता' और 'आक्रमकता' को मोदी सरकार की नीतियों से जोड़ दिया जाता है।

## प्रेरक प्रसंग

### वचन का प्रभाव

परम विरक्त संत स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ क्षेत्र में गंगा के किनारे पैदल भ्रमण करते हुए एक गांव में पहुंच गए। वह गांव के बाहर गंगा तट पर एक मंदिर में रुक गए। वहां सुबह-शाम गंगा स्नान करते और दिन भर साधना में लगे रहते। गांव के बुजुर्गों को पता चला कि मंदिर में एक संत आया हुआ है और वह तीन दिनों से निराहार है। एक बुजुर्ग स्वामी जी के पास पहुंचा और उसने कहा, 'महाराज जी, आज आप हमारे यहां भोजन करने की कृपा करें।'

स्वामी जी ने उत्तर दिया, 'हम उसी के घर में भोजन ग्रहण करते हैं, जिस घर का एक भी सदस्य तंबाकू, शराब तथा मांस का सेवन न करता हो।' ज्यादातर परिवार मांस-मदिरा का सेवन नहीं करते थे, लेकिन हुक्का-बीड़ी का चलन तो घर-घर था। गांव का एक भी घर ऐसा नहीं निकला जिसके यहां बना भोजन स्वामी जी ग्रहण कर पाते। स्वामी जी हफ्ताभर बिना भोजन के रहे। 8वें दिन गांव के बुजुर्गों ने बैठक की। उनके मुखिया ने कहा कि कितने दुर्भाग्य की बात है कि हमारे गांव में एक भी घर ऐसा नहीं है, जिसका एक भी सदस्य नशा न करता हो। कितनी शर्म की बात है कि एक संत कई दिनों से भूखा है। इसके बाद एक-एक करके कुछ बुजुर्ग उठे और उन्होंने संकल्प लिया कि आज से वे हुक्का-बीड़ी नहीं पिएंगे। कुछ ने शराब और मांस छोड़ने का संकल्प लिया। उसी दिन शाम को कुछ लोग स्वामी जी के पास पहुंचे। वे हुक्के और शराब की बोतलें भी अपने साथ ले गए। इन सभी ने हाथ में गंगाजल लेकर मांस-मदिरा और तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। तब स्वामी जी ने आशीर्वाद देते हुए एक घर की भिक्षा ग्रहण की। स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज ने बिना दुराग्रह के भोजन ग्रहण करने के नियम की शर्त पर सैकड़ों गांवों को व्यसनों से मुक्ति दिलाई।

## आपका पत्र मिला

### अभी और उभरेगी सियासत की गर्मी

दिल्ली की ठिठुरन भले ही इस समय बढ़ रही हो, लेकिन भारतीय राजनीति का तापमान अब शीतकालीन सत्र के साथ और भी तेजी से उभरने वाला है। एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलने वाला यह सत्र कागजों में भले ही पंद्रह दिनों का हो, पर भीतर छिपे संकेत कहीं अधिक गहरे और असहज करने वाले हैं। लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में संसद के सत्र इतने संकुचित होने चाहिए कि सांसदों को बोलने के लिए समय ही न बचे?भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहां 780 से अधिक सांसद जनता की नब्ज़ लेकर संसद तक पहुंचते हैं, वहां पंद्रह दिन का सत्र किसी औपचारिकता जैसा लगता है। यह चौंकाने वाली गणित है कि हर सांसद को यदि पांच मिनट का समय भी दिया जाए तो बहस-संचालन के लिए पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र की वास्तविक कार्यवाही लगभग नब्बे घंटों के आसपास होती है। इस समय में प्रश्नकाल, विधेयक, सरकारी एजेंडा और शून्यकाल की अनिवार्यता जोड़ लेने के बाद प्रभावी बहस के लिए बचा समय लोकतंत्र की सिरिंकिंग स्पेस को उजागर करता है। संसद, जिसे संवाद का मंदिर कहा जाता है, वहां संवाद अब रस्म की तरह रह गया है–संक्षिप्त भाषण, जल्दबाजी में पारित विधेयक और विपक्ष की सीमित बात। यह प्रवृत्ति केवल समय की कमी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे में आ रही संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाती है। इसलिए आवश्यकता केवल लंबे सत्रों की नहीं, बल्कि सार्थक सत्रों की है। जरूरत बहस की पुनर्स्थापना की है, जहां सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी जिम्मेदारी को समझें। संसद का समय जनता का समय है, और उसकी कीमत हर मिनट करोड़ों में है। इसे शोरगुल में गंवाना लोकतंत्र को धीरे-धीरे मौन की ओर धकेलना है, और मौन लोकतंत्र का सबसे बड़ा शत्रु है।

– विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में छिपे हैं बड़े गहरे तत्व

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता, केवल एक ही पूजनीय भगवान हैं श्रीकृष्ण, केवल एक ही मंत्र है उनका पवित्र नाम तथा केवल एक ही कर्तव्य है- परम पूजनीय श्रीकृष्ण की भक्तिमय सेवा। कृष्ण लीला पुरुषोत्तम हैं। उनका प्रत्येक कार्य लीला ही है। लीलाओं में बड़े गहरे तत्व छिपे हैं। जैसे जन्म लीला ही का दर्शन करें तो सबसे पहले प्रश्न है कि भगवान ने जन्म के लिए रोहिणी नक्षत्र क्यों चुना।

एकम् शास्त्रम् देवकी-पुत्र-गीतम् एको देवो देवकी-पुत्र एव।

एको मंत्र तस्य नामानि अर्थात कर्मप्य एकम् तस्य देवस्य सेवा।

इस श्लोक का भावार्थ यह है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता ही पवित्र शास्त्र है।

अजन्मत नारायण जन्म यस्य असौ अजनजन्मा ब्रह्मा।

तस्य ऋक्षं रोहिणीम प्रजापतिदैवस्याम। प्रजापति (ब्रह्मा) का नक्षत्र रोहिणी है। उस समय रोहिणी का गर्भ खाली था, देवकी का भरा हुआ। भगवान रोहिणी के गर्भ में चले जाते, पर भगवान ने वहां बलराम जी को भेजा और स्वयं देवकी के गर्भ में गए। ऐसे में रोहिणी के साथ अन्याय न हो, इसलिए उन्होंने जन्म नक्षत्र के रूप में रोहिणी को चुना। यह भगवान की सदाशयता है। जैसे मालिक के आने से सेवक शांत हो जाते हैं, वैसे ही सारे ग्रह नक्षत्र शांत हो गए। दिशाएं प्रसन्न हो गईं। गगन ने अपने हीरे बिखेर दिए और पृथ्वी ने कहा हमारे स्वामी आ रहे हैं। धरती ने अपने पुत्र मंगल को गोद में ले लिया। नदियों का जल निर्मल हो गया कि कालिंदी से विवाह कर भगवान हमारे बहनोई बनेंगे। गोविंद का जन्म हुआ तो स्वर्ग में दुंदुभियां अपने आप बजने लगीं। नगाड़ों ने कहा हम आज भी पीटकर बजे तो धिक्कार है हम पर। वे भी अपने आप बजने लगे। नेदुर्दुन्द्भयो दिवि। सिद्ध और चारण स्तुति करने लगे। मुनि और देवता सब बृज की ओर दौड़ पड़े, यह कहकर कि प्रकट हो जाइए, प्रकट हो जाइए। जैसे पूर्व दिशा में चंद्रमा का उदय होता है, ऐसे ही सबकी हृदय गुहा में रहने वाले परमब्रह्म परमात्मा प्रकट हो गए। ब्रह्मा जी जिसके पुत्र हैं, ऐसा बालक पैदा हुआ। ऐसा मंगल पैदा हुआ। तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं चतुर्भुजं शंखगदार्युदायुधम्। चार हाथ - धर्म, अर्थ, काम मोक्ष। जैसे यह कहना चाहते हों कि मेरे प्यारे भक्तो, ये हमारे चार रूप हैं - वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध और संकर्षण। यही इनकी चार भुजाएं हैं, इनके द्वारा भगवान सारा काम करते हैं। चार आयुध हैं- चक्र, शंख, गदा, कमल। शत्रु यदि दूर हो तो चक्र से मारें, पास हो तो गदा से और जब जीत हो जाए तो शंख बजाएं और अपना हृदय कमल उनको दे दें। अपने हृदय कमल को भगवान हाथ में ले लेते हैं कि कब कोई भक्त मिल जाए, तो उसे सौंप दें।

श्रीवत्सलक्ष्मं गलशोभि कौस्तुभंपीताम्बरं सान्द्रपयोदसौभगम्। आओ ना, दर्शन करो श्रीवत्सलक्ष्मं। गले में कौस्तुभमणि है, बिना किसी छिद्र के बिना किसी बंधन के। प्रेम हो और उसको बांधकर रखना पड़े? यह तो प्रेम का अपमान हुआ? अरे हमारा बड़ा प्रेम है, हम तुमको बांध कर रखेंगे तो क्या यह प्रेम होगा। कौस्तुभ मणि की परछाई भगवान की छाती पर जाती है। उस भौंरी पर जो छाया पड़ती है उसको श्रीवत्स कहते हैं। वह लक्ष्मी जी को बहुत प्यारा है, क्योंकि वह सुनहरा है ना। पीतांबर धारण किए है वह बालक। वेद रूप पीतांबर ढक देता है भगवान को। भगवान राधा रानी के अंग के रंग को धारण करके आए हैं। भगवान का सौंदर्य रसवर्षी है, जिसे देखकर भक्तों का मन तृप्त हो जाता हैं।



# बजरंगबली क्यों कहलाए हनुमान?



पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान हनुमान छोटे थे, तब उन्हें एक दिन भूख लगी। उस दौरान उनके समक्ष कोई नहीं था। तभी उन्होंने आकाश की ओर देखा और उन्हें सूर्य देव नजर आएं। सूर्य देव को सुंदर फल समझकर हनुमान जी आकाश की ओर उड़कर पहुंच गए और उन्होंने उन्हें फल समझकर अपने मुख के अंदर कर लिया, जिससे पूरे जगत में अंधेरा छा गया। देवी -देवताओं के लाख समझाने पर भी उन्होंने सूर्य देव को मुख से नहीं निकाला। अंत में इंद्र देव उनके पास पहुंचे और उन्होंने गुस्से में आकर उनपर वज्र से प्रहार कर दिया। इससे उनकी ठुड्डी यानी कि हनु पर चोट लग गई और उनका मुंह खुल गया, जिससे भगवान सूर्य बाहर आ गए, लेकिन इस वजह से उनकी ठुड्डी टूट गई और तब से उन्हें हनुमान कहा जाने लगा। हालांकि बाद में वायु देव के कुपित होने पर देवताओं ने उनसे माफी मांगी और उन्हें कई सारे दिव्य वरदान और आशीर्वाद प्रदान किए।

ऐसे करें संकटमोचन की पूजा

बजरंगबली की पूजा करने के लिए शाम का समय ज्यादा अच्छा माना जाता है। ऐसे में पवित्र स्नान के बाद उनके किसी मंदिर जाकर उन्हें लाल सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद उन्हें लाल रंग का चोला और लाल लंगोट अर्पित करें। वीर हनुमान को तुलसी की माला अति प्रिय है, इसलिए तुलसी पत्र की माला अवश्य चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं। फिर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा को समाप्त करें। साथ ही पवनपुत्र का आशीर्वाद लें। सनातन धर्म में सप्ताह के सभी दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित है। इसी कड़ी में मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन संकटों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। व्रत के दौरान खानपान के नियम का पालन जरूर करना चाहिए।

मंगलवार का दिन भक्त हनुमान जी को अति प्रिय है। धार्मिक मान्यता है कि मंगलवार के दिन बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में आने वाले संकटों से छुटकारा मिलता है। सच्चे मन से मंगलवार का व्रत करने से जातक पर हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहती है और सम्मान, बल, और साहस में वृद्धि होती है। अगर आप भी मंगलवार व्रत को कर रहे हैं, तो खानपान के नियम का पालन जरूर करें।

# महादेव के मंत्र जप से मिलती है ऊर्जा



***जीवन की बहुत गहन समझ से ही हम उस ध्वनि पर पहुंचे हैं, जिसे हम शिव कहते हैं। हम जानते हैं कि 'शि-व' ध्वनियां आपके लिए चमत्कारी चीजें घटित कर सकती हैं। अगर आप पर्याप्त ग्रहणशील हैं, तो यह ध्वनि विस्फोटक हो सकता है। सिर्फ एक उच्चारण आपके अंदर बहुत शक्तिशाली रूप में विस्फोट कर सकता है।***

इसमें इतनी शक्ति है। यह ऐसा विज्ञान है, जिसे अपने भीतर बहुत गहन अनुभव से समझा गया है। हमने बहुत गहराई से इसे देखा है। 'शिव' में 'शि' का मूल अर्थ है 'शक्ति या ऊर्जा'। भारतीय जीवनशैली में हमने हमेशा स्त्रीत्व को शक्ति का प्रतीक माना है। अंग्रेजी भाषा में भी स्त्रीत्व के लिए यही शब्द 'शी' मिलता है। शि का मूल अर्थ शक्ति या ऊर्जा है। लेकिन अगर आप बहुत ज्यादा शि करेंगे, तो यह आपको असंतुलित कर देगा। इसलिए उसे मंद करने और संतुलन बनाए रखने के लिए इस मंत्र में 'व' जोड़ा गया है। व, वाम से आया है, जिसका मतलब है, प्रवीणता या अधिकार।

**शिव मंत्र से मिलती है विशेष दिशा**

'शि-व' मंत्र के रूप में, एक ऊर्जा देता है और दूसरा उसे संतुलित करता है या उस पर नियंत्रण करता है। दिशाहीन ऊर्जा किसी काम की नहीं होती, वह विनाशकारी हो सकती है।

इसलिए जब हम 'शिव' कहते हैं, तो हम उस ऊर्जा को एक विशेष रूप में, एक विशेष दिशा में प्रेरित करने की बात करते हैं। जब आप 'शिव' कहते हैं, तो इसका किसी पंथ से लेना-देना नहीं है। आज दुनिया पंथ के आधार पर बंटी हुई है। इसकी वजह से, जब आप कुछ बोलते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप किसी 'संप्रदाय' से जुड़े हैं। शिव पंथ का नहीं, आंतरिक विकास का विज्ञान है। आपको शिव की पूजा करने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं करता। जब मैं 'शिव' कहता हूं, तो वह मेरे लिए सब कुछ है। आपको उस ध्वनि की शक्ति पता होनी चाहिए। अपने तार्किक मन में न उलझें। यह आपको आपकी मौजूदा स्थिति से परे ले जाने का तरीका है। यह उन सीमाओं से परे जाने का तरीका है, जिनमें व्यक्ति बंधा हुआ है।

**1. पॉवर ऑफ यूनिटी**

भगवान शिव ने जिस तरह से अपनी शिखा पर गंगा को धारण किया है, उससे एकजुट होने की सीख मिलती है। बिखरे हुए केशों को एकत्र करके शिव ने गंगा के विकराल रूप को शांत स्वरूप में परिवर्तित कर दिया।

**2. ब्रॉड विजन**

शिव त्रिनेत्र हैं। मष्तक पर स्थित उनका तीसरा नेत्र बताता है कि दूरगामी परिस्थियों को नियंत्रित करने के लिए सिर्फ बाहरी नेत्रों का प्रयोग न करें, बल्कि सोच-समझकर निर्णय लें। सदैव दूरगामी परिणामों पर अपनी नजर रखें।

**3. पेशंस**

शिव, शशि शेखर हैं, जिन्होंने अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण कर रखा है। चंद्रमा शीतलता और शांति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में शिव भगवान से सीख मिलती है कि कैसी भी परिस्थिति हो अपना धीरज बिलकुल ना खोएं और मन पर नियंत्रण बनाए रखें।

**4. एक्सप्रेशन**

शिव का एक रूप नीलकंठ भी है, जो कि क्रोध को सहने की सीख देता है। क्रोध सदैव बुद्धि को भ्रमित कर स्वयं और अन्य को परेशानी में डालने वाला माना गया है। ऐसे में क्रोध को पीकर अपने धैर्य से खत्म करें।

# बुधवार के दिन ये पांच चीजें चढ़ाने से मिलता है गणेश जी का आशीर्वाद

हिंदू धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, सिद्धि-बुद्धि के दाता और मंगलकर्ता माना गया है। शास्त्रों में बताया गया है कि गणेश पूजा में कुछ विशेष वस्तुओं का अत्यंत महत्व होता है। इन्हें अर्पित करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्त के जीवन से विघ्न-बाधाएँ दूर होती हैं। यहाँ पाँच ऐसी वस्तुओं का उल्लेख किया जा रहा है जिन्हें धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को चढ़ाना अत्यंत शुभ माना गया है।

**1. दूर्वा घास - गणेश जी की सबसे प्रिय भेंट**

दूर्वा को गणेश जी का हृदय-प्रिय माना गया है। गणेश पुराण में वर्णित कथा के अनुसार अनलासुर दैत्य को निगलने के बाद गणेश जी का शरीर अत्यधिक गर्म हो गया था। तब देवी-देवताओं ने उन्हें दूर्वा अर्पित की, जिससे उनके शरीर की तपन शांत हुई। तभी से दूर्वा को उन्हें चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया। पूजा में 21 दूर्वाओं का एक गुच्छा चढ़ाने से मन की शांति, ग्रहदोषों का नाश, विद्या में वृद्धि और पारिवारिक सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।



**2. मोदक - आनंद, बुद्धि और सम्पन्नता का प्रतीक**

भगवान गणेश को मोदक अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें मोदकप्रिय भी कहा गया है। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि देवताओं ने अनेक दिव्य व्यंजन अर्पित किए, पर मोदक उन्हें सबसे अधिक पसंद आया। मोदक ज्ञान, आनंद और सिद्धि का प्रतीक है। भक्त 21 मोदक चढ़ाकर गणेश जी की विशेष कृपा प्राप्त करते हैं। मोदक अर्पण से घर में लक्ष्मी का आगमन, कार्यों में सफलता और परिवार में सौहार्द बढ़ता है।

**3. सिंदूर - सौभाग्य और शक्ति का पवित्र स्वरूप**

गणेश जी पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है। माना जाता है कि सिंदूर चढ़ाने से नकारात्मक शक्तियाँ दूर होती हैं, साहस बढ़ता है और जीवन की बाधाएँ शांत होती हैं। मंगलवार या चतुर्थी के दिन सिंदूर अर्पण अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**4. लाल फूल - सकारात्मक ऊर्जा और मंगल का प्रतीक**

गणेश जी की पूजा में लाल रंग के फूल विशेष रूप से शुभ माने जाते हैं, खासकर लाल गुड़हल। लाल रंग उत्साह, साहस और ऊर्जा का प्रतीक है। पौराणिक विश्वास है कि लाल फूल चढ़ाने से मनोबल बढ़ता है, बाधाएँ दूर होती हैं और सभी कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है। ÷? गं गणपतये नमः÷ मंत्र जपते हुए लाल फूल अर्पित करने से मनोकामनाएँ शीघ्र पूरी होती हैं।

**5. शमी पत्र - पौराणिक मान्यता में अत्यंत शुभ**

शमी पत्र को भगवान गणेश के साथ-साथ भगवान शिव और देवी दुर्गा का भी प्रिय माना गया है। शमी का वृक्ष पवित्र, सात्त्विक और रक्षा देने वाला माना गया है। गणेश जी को शमी पत्र अर्पित करने से शत्रु बाधाएँ शांत होती हैं, व्यापार में उन्नति मिलती है और कठिन समस्याओं का समाधान मिलता है। धर्मग्रंथों में शमी पत्र को 'विजय का प्रतीक' बताया गया है। विशेष रूप से गणेश चतुर्थी, संकष्टी चतुर्थी या बुधवार के दिन शमी पत्र अर्पित करने से अत्यंत शुभ फल मिलता है।

# प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नमः**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**

इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ क्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा-** यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

# गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के मार्ग

हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं।

**गीता के सफलता मंत्र**

**हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्।**
**तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।**

इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

# वास्तु के अनुसार निद्रा की सही दिशा क्या होनी चाहिए



- राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

घर में शयन कक्ष और शयन की दिशा यदि वास्तुशास्त्र के अनुसार नही है तो उस घर में पॉजिटिव एनर्जी में तेजी से कमी आएगी और नकारात्मक प्रभाव बढ़ेगा। जिसका प्रभाव उस घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य, सुख समृद्धि, आपसी तालमेल और मन पर पड़ता है। शयन कक्ष एक ऐसा स्थान है जो वहां रहने वाले व्यक्तियों को न सिर्फ नींद बल्कि स्वप्नों, आचार व्यवहार, स्वास्थ्य, सुख समृद्धि, पति पत्नी के आपसी प्रेम को भी प्रभावित करता है। निद्रा की दिशा वास्तु के अनुसार होनी चाहिए जिससे घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के भीतर पॉजिटिव एनर्जी का विकास हो। घर में सुख समृद्धि, शांति, प्रेम, आपसी सद्भाव, मेल मिलाप रहे। निद्रा की दिशा उतनी ही ज्यादा महत्वपूर्ण है जितनी कि शयन कक्ष की दिशा और स्थान। यदि शयन कक्ष सही दिशा में है परंतु निद्रा की दिशा वास्तु सम्मत नही है तो भी अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा, स्वास्थ्य लगातार खराब रहना, बनते हुए कार्य बिगड़ जाना, मानसिक अशांति आदि गलत दिशा में निद्रा के परिणाम हो सकते हैं। सोने की दिशा के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

1- वास्तु के अनुसार सोने की सबसे उत्तम दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर है। अर्थात दक्षिण दिशा में सिर रखकर पैर उत्तर दिशा की ओर करके सोने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, अच्छी नींद और मन में शांति रहती है। उत्तर दिशा में धन के देवता कुबेर का स्थान माना जाता है। सुबह उठते समय व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा में रहने से सुख समृद्धि, धन धान्य की प्राप्ति होती है। घर के स्वामी, नवदम्पत्ति के लिए, तथा संतान सुख के लिए यह दिशा वास्तु के अनुसार सर्वोत्तम मानी गई है।

2 - सोने की दूसरी उत्तम दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर है। पूर्व दिशा में सूर्य का आधिपत्य है। यह दिशा भी वास्तु के अनुसार उचित है। इस दिशा में सोने से स्मरण शक्ति, चित्त में एकाग्रता, सात्विकता रहती है साथ ही स्वास्थ्य भी अनुकूल रहता है। विधार्थियो, प्रोफेसर, रिसर्चर, अविवाहित संतानों के लिए यह दिशा अतिउत्तम है।

3 - पश्चिम दिशा में सिर रखकर पूर्व दिशा में पैर रखकर सोना बहुत उचित नहीं है।

इस दिशा में सोने से आर्थिक उन्नति रुकती है और मानसिक तनाव रहता है। इस दिशा में पति पत्नी के सोने से उनके आपसी रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। पश्चिम दिशा का स्वामी शनि को माना जाता है। इस दिशा में सोने से कार्यों में असफलता, पैरो में समस्या विशेषकर घुटनों की समस्या, मन में अशांति होने की संभावना रहती है। इस दिशा में सोने से बचना चाहिए।

4 - उत्तर दिशा में सिर रखकर पैर दक्षिण दिशा में रखना सोने की सबसे अनुचित दिशा मानी जाती है। इस दिशा में सोने से नेगेटिव एनर्जी का विस्तार होता है, स्वास्थ्य में कठिनाई, मानसिक तनाव, अवसाद जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दक्षिण दिशा में मृत्यु के देवता यम का स्थान माना जाता है। हिंदू धर्म में मृतक को दक्षिण दिशा में पैर कर रखा जाता है। नवदम्पत्ति के इस दिशा में सोने से संतान सुख में कमी, गर्भपात, जैसी समस्याएं हो सकती है। यह दिशा वास्तु सम्मत नही मानी गई है।

5- वास्तु के अनुसार पौधे नेगेटिव एनर्जी को दूर करते है और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाते हैं। शयन कक्ष में बांस का पौधा, मनी प्लांट, आरिका पाम, स्नेक प्लांट, लेवेंडर प्लांट जैसे पौधे को रखने से मन की शांति और सुख समृद्धि में वृद्धि होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**मंगलवार, 2 दिसंबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ मार्गशीर्ष मासोत्तमे शुक्ल पक्षे 12 तिथौ मंगल वासरे 15/18/ अश्विनी नक्षत्रे 20/52/ वरियान योग 21/09/ बालव करणे 15/58/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** यौम प्रदोष व्रत। अनंग त्रयोदशी व्रत। सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में घं. 25 मि. 14 पर।

**मेष :** स्वास्थ्या संबंधी समस्या का निराकरण होगा। धन की बचत करें। हनुमान जी की पूजा करें। संयम से कार्य करें।

**वृष :** सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। यात्रा से लाभ होगा। शासन सत्ता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** जीवन का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। णन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा। धन सम्मान के क्षेत्र में लाभ होगा।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा भागदौड़ रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति रहेगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**कन्या :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सुखद एंव लाभकारी रहेगी।

**तुला :** खर्चे पर नियंत्रण रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचें। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु :** परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**मकर :** यश कीर्ति में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का सहयोग एंव प्रेम मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा।

**कुंभ :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। धन और यश की प्राप्ति होगी। यात्रा का योग है।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। धन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा।



# मुहम्मदाबाद गोहना में बढ़ते अपराध से दहशत न हुआ खुलासा न पकड़े गए चोर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र में चोरी, छिनैती और दिनदहाड़े हथियारबंद लूट जैसी घटनाओं ने लोगों के मन में भय का वातावरण पैदा कर दिया है। हालात यह हो गए हैं कि आम नागरिकों से लेकर व्यापारी तक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर भी वारदात को अंजाम देने से नहीं डर रहे। वहीं पुलिस प्रशासन लगातार होने वाली इन गंभीर घटनाओं का खुलासा तक नहीं कर पा रहा है, जिससे जनता का भरोसा पुलिस पर से उठता जा रहा है। बीते शनिवार की रात लगभग 8 बजे कस्बा पुलिस चौकी से मात्र 100 मीटर की दूरी पर एक सर्राफा दुकान में एक युवक तमंचा लेकर लूट की नीयत से घुस गया। दुकान मालिक राकेश वर्मा की पत्नी उस समय काउंटर पर मौजूद थीं। उन्होंने दुकान में लगे शीशे के माध्यम से युवक के हाथ में तमंचा देखा तो तुरंत शोर मचा दिया। अचानक शोर सुनकर युवक घबराया और दुकान से बाहर निकलकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, लेकिन 48 घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिला है। इससे व्यापारियों में पुलिस की कार्यशैली के प्रति गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि जब पुलिस चौकी के पास ही सुरक्षा की गारंटी नहीं, तो फिर कस्बे के अन्य हिस्सों में क्या सुरक्षित रहेगा।उधर, लगभग एक महीने पूर्व 1 नवंबर को शेखअहमदपुर चट्टी स्थित आरव जन सेवा केंद्र में नकाबपोश अज्ञात चोर दुकान के अंदर घुस गया था। चोर दुकान के कैशकाउंटर को तोड़कर लगभग 65 हजार रुपये लेकर आराम से लेकर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने और नाकाबंदी कराने का दावा किया था, लेकिन अब तक न तो चोर पकड़ा जा सका और न ही नकदी बरामद हुई। यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया, जिससे दुकान संचालकों में गहरा रोष है। इतना ही नहीं, चार से पाँच महीने पूर्व कोलौरा गांव में एक ही रात में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन घरों में धावा बोलकर 50 से 55 लाख रुपये की चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन कई महीनों बाद भी न तो कोई खुलासा हुआ और न ही किसी चोर की गिरफ्तारी हो पाई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस सिर्फ आश्वासन देकर चुप बैठ जाती है, जबकि अपराधी लगातार वारदातें बढ़ाते जा रहे हैं।लगातार हो रही इन घटनाओं ने क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया है। लोगों का आरोप है कि पुलिस गश्त और क्षेत्र में निगरानी तंत्र कमजोर होने के कारण अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस प्रशासन पुराने मामलों का खुलासा कर अपराधियों को जेल नहीं भेजता, तो आने वाले दिनों में अपराध और बढ़ सकते हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# भीषण सड़क हादसे में आशा कार्यकत्री की मौत

**स्वतंत्र भारत सेवराई संवाददाता।** सेवराई/भदौरा नहर पुलिया के पास बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में अल्ट्रासाउंड कराने जा रही आशा कार्यकत्री की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार भतौरा निवासी धर्मशीला देवी (50 वर्ष) पत्नी सुमेश्वर कुशवाहा आशा कार्यकत्री के रूप में सीएचसी भदौरा में तैनात थीं। बुधवार को वह एक मरीज को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए ऑटो से भदौरा से दिलदारनगर जा रही थीं। इसी दौरान भदौरा नहर पुलिया स्थित शराब भट्ठी के पास सामने से आ रहे एक ऑटो से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में आशा कार्यकत्री धर्मशीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने धर्मशीला देवी को मृत घोषित कर दिया। अन्य चार घायलों में बुधिया देवी (50) पत्नी विजय बहादुर,आकाश कुमार (35) पुत्र संजय राय निवासी वसुका,उपेंद्र राजभर (30) निवासी भतौरा,रानी (28) पत्नी ओमप्रकाश, निवासी खड़वल थाना दिलदारनगर का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में किया जा रहा है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही गहमर थाना के सेवराई पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुँचे और दोनों ऑटो को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। दिलदारनगर भदौरा नहर मार्ग पर शराब की दुकान खुली हुई है जहां पर रोड के दोनों तरफ शराब की दुकान के पास अन्य दुकानदार अपना दुकान खोलकर चला रहे हैं उसे वहां पर हमेशा दुर्घटना होता रहता है स्थानीय पुलिस देखने के बावजूद भी दुकानदारों को कुछ नहीं बोलती है जिससे दुकानदार रोड के किनारे दुकान खोलकर ठेले पर अंडा मछली चना ब्रेड पकोड़ा बेचते हैं जहां पर शराब पीने वालों की ठेले पर भीड़ रहती है। ऐसे में यहां दुर्घटना हमेशा होता रहता है

# शाहगंज महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में बनी रणनीति

**शाहगंज जौनपुर।** महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को 365 विधानसभा शाहगंज के जनप्रतिनिधि की अध्यक्षता में स्थानीय डाक बंगले में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया ने आयोजन स्थल, वाहनों की पार्किंग, विवाह मंडप, प्रवेश व निकास द्वार, भोजन व्यवस्था आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। क्षेत्राधिकारी अजित सिंह चौहान, थाना प्रभारी केके सिंह से सुरक्षा व्यवस्था, रुट डायवर्जन, महोत्सव स्थल की निगरानी हेतु सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों की व्यवस्था की भी जानकारी ली। इसके पूर्व डाक बंगले में 365 विधानसभा शाहगंज के जनप्रतिनिधि ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की।



जिसमें मौके पर उपस्थित परियोजना निदेशक केके पांडेय ने विभागवार उपस्थित अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली। बैठक में जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार आशीष सिंह सहित विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद आदि विभागों के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### बतख और हंस को जहर देने का आरोप लगाया

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** महिला ने पुरानी रंजिश को लेकर जमानियां (गाजीपुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के महेवा गांव की एक महिला ने पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों पर उसके पालतू बत्तखों व हंस को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़िता मंजू देवी ने पुलिस को दिए गए प्राथना पत्र में बताया कि रविवार की दोपहर विपक्षी संतोष राम व राजकुमारी देवी ने जबरन जहर देकर मेरे पालतू 12 बत्तख व एक हंस को जान से मार दिया। पहले भी इन लोगों ने इस तरह का कृत्य मेरे पालतू पशु के साथ किया था।इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

**स्वतन्त्र भारत जमानियां(गाजीपुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के हरबल्लमपुर गांव निवासिनी सरोज देवी ने मारपीट, गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पीड़िता सरोज देवी ने पुलिस को दिए गए प्राथना पत्र में बताया कि शुक्रवार की दोपहर मेरे विपक्षी विपक्षी शम्भू सिंह यादव, अदालत यादव व सुनीता देवी सभी लोग एक जुट होकर मुझे गाली गलौज देते हुये लाठी डन्डा लेकर मारने पीटने लगे। जिससे मुझे काफी चोटे आयी है।

### दहेज हत्या से के 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियो कें विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस द्वारा 01 दिसम्बर को देखभाल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कारीसाथ चट्टी के पास से मु0अ0स0 577/25 धारा 85, 80(2) बीएनएस व ङ डीपी एक्ट से संबंधित अभियुक्त अमरजीत, सुनील गुप्ता पुत्रगण बृजेश निवासीगण ग्राम माछिल जमीन माछित थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान किया गया ।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जनपद के विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान 01 दिसम्बर को थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त राजन सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी हरदशपुर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चलान किया गया ।

### लीकेज पाइपलाइन से ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट मधुबन मार्ग स्थित बुढ़ावार में जल निगम की बिछाई गई पाइपलाइन पिछले एक सप्ताह से लीकेज होने के कारण लगातार पानी बह रहा है। सड़क किनारे बह रहे पानी से लोगों को रोजाना आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह शाम गुजरने वाले राहगीरों के कपड़े भीग जा रहे हैं और फिसलन के कारण परेशानी बढ़ गई है।इस संबंध में रामानंद सुग्रीव रामकिशोर और रामबली ने बताया कि लीकेज की शिकायत जल निगम को कई बार की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि कीमती पेयजल यूं ही बर्बाद हो रहा है और विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है।ग्रामीणों ने जल निगम अधिकारियों से जल्द मरम्मत कराकर समस्या दूर करने की मांग की है।

### 20 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या, मोहल्ले में मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरूईपुर में रविवार की शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 20 वर्षीय युवती ज्योति ने अज्ञात परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।परिवार के अनुसार रविवार संध्या को ज्योति ने अपने घर में ही गले में रस्सी का फंदा डाल लिया। कुछ ही देर बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वे गंभीर हालत में उसे नजदीकी निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के उपरांत बताया कि युवती की मौत रास्ते में ही हो चुकी थी।घटना की जानकारी फैलते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रैक्टिकल परीक्षा को निकली नाबालिग छात्रा लापता

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की तहरीर थाने में देकर हड़कंप मचा दिया। तहरीर के अनुसार उसकी पुत्री, जो रतनपुरा बाजार स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा दसवीं की छात्रा है, बुधवार को प्रैक्टिकल परीक्षा देने की बात कहकर घर से विद्यालय के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिवार वालों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने आशंका जताई है कि लसरा गांव में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा अनुज गोंड नामक युवक, जो अक्सर छात्रा से बातचीत करता था, ने ही बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ कहीं भगा लिया है।प्रकरण में पुलिस ने आरोपी अनुज गोंड के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम छात्रा की तलाश में जुट गई है।

### झाड़ियों में मिला नवजात शिशु का युवक

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार को एक नवजात शिशु मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों द्वारा झाड़ी में नवजात को पड़े देख तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शिशु को अपने कब्जे में लिया।इसी दौरान पास ही सब्जी मंडी क्षेत्र के निवासी मोहम्मद फारूक युवक ने मानवता का परिचय देते हुए नवजात को गोद लेने की इच्छा जताई और उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। महिला चिकित्सक ने नवजात की जांच कर बताया कि बच्चे के सिर में चोट के निशान हैं और उसे फेंका जाना अत्यंत निंदनीय कृत्य है। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चा स्वस्थ पाया गया और चिकित्सकों ने उसे मोहम्मद फारूक को देखरेख एवं पालन-पोषण हेतु सौंप दिया।पुलिस ने बताया कि दूरभाष पर सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और नवजात का इलाज करवाकर सुरक्षित हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी कराई। पुलिस आगे मामले की जांच कर रही है कि नवजात को किसने और क्यों फेंका।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में लाम बंद हुए ग्राम सचिव, किया विरोध प्रदर्शन

**डोभी जौनपुर।** जिले के डोभी विकास खंड में मंगलवार को समस्त ग्राम पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। सचिवों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों की नेटवर्क समस्याओं और तकनीकी बाधाओं के कारण व्यवहारिक नहीं है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी मुद्दे को लेकर सभी सचिव एकजुट होकर विरोध जताने के लिए बैठक में पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता एडीओ आईएसबी व एडीओ पंचायत ने की, जिसमें सचिव बृजेश कुमार गौतम, रमेश कुमार गौतम, सुनीत कुमार, अजीत कुमार, किसान कुमार, रितेश यादव, राजेश यादव, एडीओ पंचायत प्रवीन सिंह, लालजीराम, रमेश, अरुण सहित अन्य सचिव उपस्थित रहे।



सचिवों ने मांग की कि जब तक तकनीकी संसाधनों की समुचित व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति को बाध्यकारी न बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर नेटवर्क न होने से समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती, जिससे अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। विरोध के दौरान सभी सचिवों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा और जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजने की तैयारी की। सचिवों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।

# विश्व एड्स दिवस पर हुआ भव्य जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत, मऊ।सैनिक ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स, ताजोपुर, मऊ में विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर 2025 को अत्यंत गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन ब्रिगेडियर डॉ. पी. एन. सिंह ने की। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायी संदेशों ने पूरे समारोह को जागरूकता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में मजबूत किया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः प्रार्थना और लाल रिबन के प्रतीकात्मक धारण के साथ हुई। लाल रिबन को जीवन, आशा और एड्स के प्रति जागरूकता एवं संघर्ष का प्रतीक बताते हुए छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की शपथ दिलाई गई।मुख्य आकर्षण ब्रिगेडियर डॉ. पी. एन. सिंह का प्रेरणादायक संबोधन रहा। उन्होंने एचआईवी/एड्स से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, संक्रमण के कारणों, रोकथाम की विधियों तथा समाज में फैली भ्रांतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ÷एड्स केवल चिकित्सकीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार, जागरूकता, सहानुभूति और जिम्मेदारी से जुड़ा विषय है।÷ उन्होंने छात्रों से सही जानकारी अपनाने, सुरक्षित व्यवहार का पालन करने और संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव रहित दृष्टिकोण बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम में छात्रों ने जागरूकता को रचनात्मक रूप देकर पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रस्तुति और लघु नाटिका जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जागरूकता और संवेदनशीलता के संदेश को प्रभावी ढंग से सभी के बीच पहुँचाया। छात्रों ने परिसर में जागरूकता रैली और शपथ लेकर समाज में सही जानकारी प्रसारित करने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम के समापन पर संस्थान ने आगामी समय में भी स्वास्थ्य शिक्षा, जन-जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े अभियानों को निरंतर आगे बढ़ाने का निश्चय दोहराया।

# शाहगंज महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में बनी रणनीति

**शाहगंज जौनपुर।** महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को 365 विधानसभा शाहगंज के जनप्रतिनिधि की अध्यक्षता में स्थानीय डाक बंगले में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया ने आयोजन स्थल, वाहनों की पार्किंग, विवाह मंडप, प्रवेश व निकास द्वार, भोजन व्यवस्था आदि के बारे में विस्तृत जानकरी ली। क्षेत्राधिकारी अजित सिंह चौहान, थाना प्रभारी केके सिंह से सुरक्षा व्यवस्था, रुट डायवर्जन, महोत्सव स्थल की निगरानी हेतु सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों की व्यवस्था की भी जानकारी ली। इसके पूर्व डाक बंगले में 365 विधानसभा शाहगंज के जनप्रतिनिधि ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार आशीष सिंह सहित विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद आदि विभागों के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं एवं बालिकाओं में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जारूकता अभियान

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा थाना जंगीपुर, सलारपुर चट्टी थाना भांवरकोल, थाना खानपुर, ग्राम सुहवल, थाना दुल्लहपुर, सादात, शादियाबाद, बिरनों एवं जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले/कस्बो, बाजारों, स्कूल/कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी महिलाओं एवं बच्चियों के सम्मान व सुरक्षा से संबंधित जारी हेल्प लाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102/108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई पोर्टल, साइबर सुरक्षा से संबंधित, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं ओटीपी, मीडिया लिंक, एस0एम0एस लिंक, वेबसाईट लिंक, एण्ड प्राइवेसी से संबंधित जानकारी दी गई, तथा नए कानून बी0एन0एस0, बी0एन0 एस0स0 के बारे में भी जानकारी दी गई। स्थानीय थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंफलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

# 14 दिसंबर से पोलियो अभियान शुरू

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को आगामी 14 दिसंबर से शुरू होने वाले पोलियो टीकाकरण अभियान को लेकर तैयारी बैठक अस्पताल सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. राम बदन ने की।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. राम बदन ने बताया कि इस अभियान के तहत जीरो से 5 वर्ष तक के लगभग 38,000 बच्चों को पोलियो की ÷जिंदगी की दो बूंद÷ पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है और सभी टीमों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।अधीक्षक ने एएनएम, सुपरवाइजरों, विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कर्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ÷क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे।

# भक्तिमय कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** आम्रपाली वैदिक शोध संस्थान के परिसर में सोमवार से श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ भक्तिमय कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन, जयघोष और धार्मिक उल्लास के साथ संस्थान से पीताम्बर बाबा स्थान तक शोभायात्रा के रूप में पहुंचीं। पूरे मार्ग में श्रद्धा और आध्यात्म का अनूठा दृश्य दिखा। कथा के प्रथम दिन परमहंस परिव्राजकाचार्य स्वामी ज्ञानानंद सरस्वतीजी महाराज ने श्रीमद्भागवत के संदेशों को सरल और भावपूर्ण शैली में व्याख्यायित किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का संकल्प लेने मात्र से ही



व्यक्ति के जीवन में ईश्वरीय कृपा का उदय होने लगता है और उसके दुःख, अशांति व विपरीत परिस्थितियों का नाश होता है। भागवत को उन्होंने दुख, दारिद्र और दुर्भाग्य का हरने वाला दिव्य ग्रंथ बताया। स्वामीजी ने कहा कि सात दिवसीय कथा जीवन को साधना, शांति और मोक्षमार्ग की ओर बढ़ाने वाली अद्भुत आध्यात्मिक प्रक्रिया है। जैसा संदेश राजा परीक्षित को आठवें दिन प्राप्त हुआ, वैसा ही यह सप्ताह यज्ञ मनुष्य को धर्म और सत्य की दिशा में अग्रसर करता है। यज्ञाचार्य डॉ. धनञ्जय पांडेय के निर्देशन में अभिषेक तिवारी, एडवोकेट गौरव मिश्र, महेश मिश्र, शुभम तिवारी, विमल मिश्र, आयुष मिश्र, आशीष तिवारी, वैनतेय पांडेय व प्रियव्रत शुक्ल आदि ने मुख्य यजमान उर्मिला सिंह से विधिवत पूजन-अर्चन कराया। कार्यक्रम में पंडित हरिओम शरण महाराज, रामविजय सिंह, श्याम चौबे, धीरेंद्र सिंह, अंकित कुमार, ओम कुमार, कृष्ण कुमार, प्रज्ञा सिंह, नेहा सिंह, प्रीति सिंह, कालिंदी देवी, डॉ. रामशब्द सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# इतिहास प्रमाणिक और मूल श्रोतों पर आधारित होना चाहिए : प्रो. रिज़वी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** इतिहास मात्र तथ्य नहीं बल्कि अपने समय की सच्चाई का वर्णन करता है। इसी क्रम में प्रसिद्ध इतिहासकार, अनेकों पुस्तकों के लेखक, उत्तर प्रदेश इतिहास कांग्रेस के संस्थापक सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष, इतिहास विभाग दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर प्रो.एस.एन.आर. रिज़वी के 75 हीरक वर्ष पर आयोजित ÷अभिनंदन समारोह एवं ÷इतिहासकार के कर्तव्य एवं दायित्व- एक विमर्श÷ विषयक ÷राष्ट्रीय संवाद÷ राहुल सांकृत्यायन सृजन पीठ भुजौटी में युवा इतिहासकार गोल्ड मेडलिस्ट (पत्रकारिता) एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त उनके शिष्य डॉ.रामविलास भारती द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रो. एस.एन.आर. रिज़वी द्वारा लिखित ÷एक इतिहासकार की आत्मकथा÷ पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो.ओ.पी. श्रीवास्तव, प्रो.मुकुंद शरण त्रिपाठी, प्रो.के.के.पाण्डेय, प्रो.मुहम्मद आरिफ़, प्रो.अशोक सिंह, प्रो.जियाउल्लाह, प्रो.जयप्रकाश धूमकेतु द्वारा किया गया। साथ में प्रो. रिज़वी द्वारा केक काटकर 75 हीरक जन्मोत्सव भी मनाया गया। डॉ. रामविलास भारती ने सभी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विषय प्रवेश में सृजन पीठ के निदेशक



प्रो. जयप्रकाश धूमकेतु ने कहा कि का प्रो. साहित्य और इतिहास एक दूसरे के पूरक हैं। हर समय के साहित्य का अपना एक बड़ा इतिहास होता है। जिसकी झलक साहित्यिकारों की कृतियों में झलकती है। प्रो. ओ.पी. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि तमाम धर्म ग्रंथो में शब्दों की अपनी अपनी तर्क व व्याख्याएं की जाती रही हैं वास्तव में आस्था और इतिहास को अलग-अलग दृष्टि से देखने की जरूरत है हर आस्था इतिहास नहीं हो सकता है।और धर्म की व्याख्याएं इतिहास का हिस्सा नहीं हो सकते बल्कि इतिहास का एक पड़ाव हो सकती है। प्रो. एस.एन.आर. रिज़वी ने कहा मैंने जीवन पर्यंत इतिहास लिखा नहीं बल्कि इतिहास बनाया जिसका जीता जागता उदाहरण एक दलित नामक युवा रामविलास भारती को हमने पी-एच.डी. करवाया जो विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग का पहला पी-एच.डी. दलित एवा बना।जिसका ज्वलंत उदाहरण मेरी जो आज की लोकार्पित पुस्तक ÷एक इतिहासकार की आत्मकथा÷ में साफ-साफ दिखाई देता है। इतिहास हमेशा सत्य की कसौटी पर खड़ा उतरना चाहिए। प्रो.रिज़वी ने कहा कि इतिहास प्रमाणिक और मूल श्रोतों पर आधारित होना चाहिए। विद्यार्थी के रूप डॉ. रामविलास भारती से सीख लेने की जरूरत हैं। जिन्होंने अपना सबकुछ समाज के लिए समर्पित कर दिया है।प्रो. मुकंद शरण त्रिपाठी ने इतिहासकार के कर्तव्य एवं दायित्व का अपने वक्त में बोध कराया।

# खजुहा में गन्ने के खेत में लगी आग

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मधुबन तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खजुहा प्राथमिक विद्यालय के पास रविवार शाम रामसोच विश्वकर्मा के गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब चार मन्डा गन्ना जलकर राख हो गया।इसी दौरान पास ही एक व्यक्ति कंपाइन से कटे धान का पोरा भी जला रहा था। ग्रामीणों के अनुसार जब लोग इकट्ठा होकर मौके पर पहुंचे तो पोरा जलाने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया जिससे आग फैलने की आशंका और बढ़ गई।घटना के बाद मितनपुर निवासी सुधाकर विश्वकर्मा ने फायर ब्रिगेड को फोन किया लेकिन वाहन खराब होने की वजह से टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। इसके बाद उन्होंने एसडीएम मधुबन को सूचना दी जहां से उन्हें बताया गया कि संबंधित कर्मचारी लेखपाल को मंगलवार को भेजा जाएगा।इधर सूचना पर 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अचानक लगी आग की घटना से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई और किसानों में विभागीय लापरवाही को लेकर नाराजगी दिखी।

# धनुष यज्ञ मेले में बवाल दो लाख से अधिक की क्षति

**स्वतंत्र भारत मऊ।** विष्णुपुर ग्रामसभा में आयोजित धनुष?यज्ञ मेले के दौरान 25 नवंबर की रात बड़ा विवाद खड़ा हो गया। ग्रामसभा के सदस्यगण द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देर रात पूजा के समय लगभग 11 बजे सोनू पुत्र कमलेश द्वारा बार-बार चक्कर लगाने से व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिस पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने एतराज जताया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। ग्रामीणों के अनुसार सोनू के साथ मनोज कुमार, रामलाल, गौरव पुत्र रमाशंकर, विवेक पुत्र मनोज, पुलगूनार रामसर समेत करीब 80ङ्क85 लोग लाठी-डंडों के साथ पहुंच गए और मेले में लगी लाईट, कुर्सियाँ, टेंट, माइक आदि तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुँचाया। अनुमानित नुकसान करीब 1 लाख रुपये बताया गया है। घटना के दौरान कुछ वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई।ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 1÷30 बजे हमलावर दोबारा पहुँचे और जीतानंद, नीरज, शम्भू कुमार, राजेश आदि की गाड़ियों को नुकसान पहुँचाते हुए करीब 2 लाख रुपये की क्षति और कर दी।सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुँची, परन्तु ग्रामीणों का आरोप है कि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अगले दिन घटना की तहरीर थाना चिरैयाकोट में दी गई, परन्तु ग्रामीणों के अनुसार थाना प्रभारी द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया जिसपर ग्रामीणों ने प्रभारी निरीक्षक पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया ।इसके बाद पीड़ित पक्ष ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। अपनी सफाई में प्रभारी निरीक्षक सुबाष चंद्रा ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची। नामजद और संदिग्ध आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जिनकी पहचान नही सो स्की है उनकी पहचान की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि किसी तरह देर सवेर बहुत कहने व उच्चाधिकारियों के संज्ञान लेने पर मुकदमा तो दर्ज हो गया लेकिन पुलिस पूर्ण साक्ष्य होने के बाद भी किसी तरह की ठोस कार्यवाही नही कर रही।

# रामनाम मंदिर का होगा अनावरण, सभी मंदिरों पर फहरायेंगे अलग-अलग ध्वज

## 0 कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरू विजयेन्द्र सरस्वती करेंगे श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठा 0 मंदिर के दूसरे तल पर स्थापित होगा ग्रंथागार व रामनाम मंदिर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ ही शेषावतार व परकोटे के छह मंदिरों में ध्वजारोहण सम्भव नहीं था। सूत्रों की मानें तो उस दिन समय की कमी के चलते बाकी मंदिरों पर ध्वजारोहण कर दिया गया तदापि सभी मंदिरों के ध्वज का पूजन एक ही साथ हो चुका था। शेषावतार समेत सभी मंदिरों के ध्वज मंदिरों पर प्रतिष्ठत देवी-देवताओं के अनुसार ही बनाये गये हैं। सभी मंदिरों में दर्शन करने के लिये भक्तों का तांता आजकल बढ़ गया है। सूत्र बताते हैं कि राम मंदिर के द्वितीय तल पर रामनाम मंदिर बनेगा। इस मंदिर का अनावरण भी कराया जायेगा। फिलहाल अभी तिथि को लेकर मंथन चल रहा है। उम्मीद है कि यह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि



पौष शुक्ल द्वादशी की पहली वर्षगांठ पर ही किया जायेगा। यह प्रतिष्ठा द्वादशी इस बार 10 जनवरी 2026 को पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार श्रीराम यंत्र की स्थापना गर्भगृह में स्थापित की जायेगी। राम मंदिर के द्वितीय तल पर कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरू स्वामी विजयेन्द्र सरस्वती की ओर से पूजित व स्वर्ण निर्मित श्रीराम यंत्र की स्थापना गर्भगृह में की जायेगी, इसके साथ इस तल पर देश की विभिन्न भाषाओं में रचित रामायण की मूल प्रतियां व पाण्डुलिपियों का संग्रह का ग्रंथगार की भी स्थापना की जायेगी। द्वितीय तल पर फिलहाल फिनिशिंग चल रही है। इससे पहले देश के विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए यह श्रीराम यंत्र भी परिसर में लाया जा चुका है। राम से बड़ा राम का नाम है। सभी भाषाओं की रामायण ग्रंथागार में रहेगी। भगवान राम के नाम की बड़ी महिमा शास्त्रों में बतायी गयी है। राम नाम अंकित पत्थर भी समुद्र में तैरने लगे थे। अलग-अलग भाषाओं के रामायण की पांडुलिपियों के लिये देश के विभिन्न राज्यों को पत्र भी भेजने की संभावना है। शास्त्रों में अलग-अलग देवी देवताओं के मंदिर पर फहराये जाने वाले चिन्ह का भी वर्णन किया गया है। सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव.

# श्रवण क्षेत्र धाम पर लगेगा विराट किसान मेला : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जनपद अम्बेडकरनगर में वर्ष 2025-26 के कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत श्रवण क्षेत्र धाम प्रांगण में 04 से 07 दिसम्बर तक विराट किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाला यह मेला किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसका शुभारंभ 04 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे किया जाएगा। मेले में जनपद के जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों तथा विभिन्न कृषि संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, सिंचाई, डेयरी,



गन्ना, फसल बीमा, एनआरएलएम, एफपीओ सहित सभी कृषि-संबंधित विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर किसानों को तकनीकी जानकारी एवं लाभार्थी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताएंगे। इफको, कृभको जैसी उर्वरक कंपनियाँ, बीज एवं कीटनाशक निर्माता संस्थाएँ तथा कृषि उद्यमी एग्री-जंक्शन के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले कृषि निवेशों की जानकारी भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही किसानों द्वारा दी जाने वाली मौखिक एवं लिखित शिकायतों का पंजीकरण एवं समाधान भी वहीं किया जाएगा। लीड बैंक अधिकारी तथा नाबार्ड के सहयोग से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी व सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि मेले में फसल अवशेष न जलाने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिससे कृषक वर्तमान कृषि चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनें। उन्होंने सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि यह मेला कृषि के क्षेत्र में नए अवसर, आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक परामर्श और सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा, जिससे किसानों की आय वृद्धि एवं कृषि उत्पादन में स्थायी सुधार सुनिश्चित होगा।

# मार्ग दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के भेलसर पुलिस चौकी अंतर्गत लखनऊ अयोध्या मार्ग पर भेलसर चौराहा ओवरब्रिज के पास बीती रात मनोज कुमार पुत्र मैकूलाल उम्र 28 वर्ष निवासी जलालपुर पहाड़पुर सीतापुर जो नया ट्रैक्टर लेकर लखनऊ की ओर से अयोध्या जा रहे थे। कि जैसे ही ओवरब्रिज के नीचे उतर ही रहे थे कि लखनऊ की ओर से अयोध्या की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक उछलकर कुछ दूर पर जा गिरा। और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर राजमार्ग पर पलट गया। उसी के पीछे पीछे चल रहे ओर वाहन स्वामियों ने घटना को देखकर तुरन्त तेज ब्रेक लगा दी। नही तो कोई और बड़ी घटना हो सकती थी। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने इस घटना की सूचना तुरन्त कोतवाली रुदौली पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी अपने कांस्टेबल रजत कुमार के साथ तुरन्त घटना स्थल पर पहुच गए। और गंभीर रूप से घायल को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। जहां पर सीएचसी चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। जहां पर ट्रैक्टर चालक मनोज कुमार की मौत हो गई। इस घटना से राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने तुरन्त क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रैक्टर को राजमार्ग से किनारे कराया। और आवागमन को शुचारु रूप से बहाल कराया। वही कार सवार घटना करने के बाद अपनी कार को छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

# एडीएम प्रशासन ने 6 बीएलओ को किया सम्मानित

## अब तक 67 बी0एल0ओ0 ने किया कार्य पूर्ण



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने सर्वप्रथम कार्य पूरा करने वाले 6 बीएलओ को आज तहसील सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक कुल 67 बी एल ओ शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर चुके हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर रूदौली क्षेत्र के 6 बी0एल0ओ0 जिनमें शालिनी श्रीवास्तव, संदीप कुमार, रामराज, पवन कुमार शर्मा, गौरी शंकर पांडेय व श्रीकांत शामिल हैं जिन्हें तहसील सभागार मे सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही शेष बूथ लेवल अधिकारी जिन्होंने अपना कार्य पूर्ण कर लिया है को भी सम्मानित किया जाएगा। एडीएम प्रशासन ने सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य मे सहयोग की अपील करते हुए जल्द अपना एस आई आर फार्म जमा करने की अपील की है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# मनकामेश्वर शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज



**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज (सं)।** सीताराम घाट पर स्थित शिव मनकामेश्वर शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 2 दिसंबर को होगी। ज्ञात हो कि सीताराम घाट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर फोर लेन बाई पास रोड के जद में आने के कारण स्थानान्तिरत दूसरे जगह करना पड़ा था। इस आशय की जानकारी देते हुऐ, ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य एवं पत्रकार दिनेश जायसवाल ने बताया कि तमाम बाधाओं को दूर कर दिया गया है।प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

# छात्रों को दी वित्तीय प्रबंधन व निवेश की जानकारी



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के बैनर तले ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, वित्तीय योजना, निवेश रणनीतियों तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर सेबी स्मार्ट ट्रेनर एवं वित्तीय प्रबंधन क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. अजीत कुमार मौर्य ने विद्यार्थियों को सूझबूझ भरे वित्तीय निर्णय लेने, नियमित बचत की आदत विकसित करने, विभिन्न निवेश विकल्पों को समझने तथा वित्तीय धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि वित्तीय साक्षरता कृषि व्यवसाय प्रबंधन तथा संबद्ध क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला का संचालन डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी व डॉ. सृष्टि कुशवाहा ने किया।

# प्रेस क्लब ने पत्रकार पर हुए प्राणघातक हमले की किया कड़ी निंदा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पत्रकार राममूर्ति यादव के ऊपर हुए प्राण घातक हमले की घटना का प्रेस क्लब सिविल लाइन्स अयोध्या घोर निन्दा करता है और प्रशासन से मांग करता है कि हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाय। बैठक में प्रेस क्लब संरक्षक हरिकृष्ण अरोरा, जे.पी. तिवारी अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सचिव जयप्रकाश सिंह, वी.एन. दास, रामकुमार सिंह, त्रियुग नारायण तिवारी, नाथ बक्स सिंह, रामकुमार सिंह, सूर्यनारायण सिंह, प्रदीप पाठक, सुमन गुप्ता, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा, के.एम. सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# मजलिस-ए-चेहलुम का आयोजन रविवार को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आगामी सात दिसंबर रविवार को मोहल्ला बंगालीबाग-ख्वासपुरा स्थित इमामबाड़ा शोर भारती में सुबह साढ़े नौ बजे से मरहूमा तसनीम रजा बिंते सैयद शबीहुल रजा पत्नी जीशान अब्बास फहमी की मजलिस-ए-चेहलुम का आयोजन होगा। सैयद असद अब्बास रूमी के मुताबिक मौलाना सैयद नदीम रजा जैदी संबोधित करेंगे। उससे पहले मिस्बाह कुरान की तिलावत करेंगे। जबकि शायर आरिफ अनवर अकबरपुरी के संचालन में दानिश फैजाबादी, चंदन फैजाबादी और शावर फैजाबादी पेशखानी करेंगे। अंजुमन गुंचए मजलूमिया के नौहाखान मोहम्मद हसनैन नौहा पेश करेंगे।

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2 दिसम्बर से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या मण्डल अयोध्या राकेश दूबे ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, अयोध्या द्वारा मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस सोसाइटी/महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज लालबाग अयोध्या में 2 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन 2 दिसम्बर को मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उ0प्र0 सरकार, विशिष्ट अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी महापौर नगर निगम अयोध्या द्वारा किया जायेगा।

# आर.टी.ओ. ने चीनी मिल द्वारा लगाएं जा रहे रिफ्लेक्टर का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई रौजागांव के केन यार्ड में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विश्वजीत प्रताप सिंह, आर0के0 सिंह, परिवहन आयुक्त, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन, आर पी सिंह, जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव, जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, रौजागांव कपिल कुमार दीक्षित, इकाई प्रमुख सुधीर कुमार, उप महाप्रबंधक (गन्ना) हरदयाल सिंह, उप महाप्रबंधक (वाणिज्य) नीरज कुमार राजपूत, मुख्य प्रबंधक, दिनेश कुमार सिंह, प्रबंधक (गन्ना) अजीत राय, उप प्रबंधक (गन्ना) शमशेर सिंह, सुरक्षा प्रभारी ऋषि कुमार सिंह तथा सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में गन्ने से लदी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाकर कोहरे से बचाव के बारे में किसानों को शपथ दिलाई गई, साथ ही यातायात एवं सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में ए आर टी ओ प्रवर्तन आर पी सिंह के द्वारा जानकारी दी गई। इस



मौके पर इकाई प्रमुख सुधीर कुमार ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में दिनांक 22 दिसंबर 2025 तक के क्रय किए गए गन्ने का गन्ना किसानों के खाते में भेजा जा चुका है तथा आगे भी किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान त्वरित किया जाएगा। अबतक 1200 ट्रालियों मे रेफ्लेकटोर लगाए जा चुके है। दान बहादुर सिंह, राजीव चौधरी, रवि प्रताप सिंह, कमलेश यादव तथा कृषक गण बालगोविंद सिंह, सचिदानंद वर्मा, प्रमोद कुमार, बलीराम, संदीप कुमार, अवन्तीलाल, गुड्डू वर्मा आदि तमाम गन्ना किसान मौजूद थे।

# विरासत, सद्भाव और स्थायित्व का प्रतीक अयोध्या धाम हवाई अड्डा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** महर्षि वाल्मिकी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम को 17वें GRIHA शिखर सम्मेलन 2025 में प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है, जिसमें 4-स्टार GRIHA रेटिंग और विशिष्ट डिज़ाइन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के लिए दो अनुकरणीय प्रदर्शन पुरस्कार शामिल हैं। GRIHA एक हरित भवन प्रमाणन प्रणाली है



जिसे संयुक्त रूप से से निम्नलिखित द्वारा विकसित किया गया है। ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, यह किसी भवन के निर्माण से लेकर संचालन तक, उसके सम्पूर्ण जीवन काल के दौरान पर्यावरण पर उसके समग्र प्रभाव का आकलन करने में मदद करता है। (एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग) इमारतों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और टिकाऊ निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए भारत की राष्ट्रीय रेटिंग प्रणाली है। ये सम्मान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के जिम्मेदार, टिकाऊ और सांस्कृतिक रूप से निहित बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं। हवाई अड्डे की वास्तुकला अयोध्या की आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक डिजाइन का एक सुंदर संगम है, जो एक ऐसा अनुभव प्रदान करता है जो पर्यावरण अनुकूलता और संसाधन दक्षता को दर्शाता है। निदेशक विमानपत्तन ने बताया कि यह पुरस्कार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में, सदस्य (योजना) और समस्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण परिवार के मार्गदर्शन में संभव हुआ है, जिनके अथक प्रयासों से इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदल दिया।

# धान खरीद न होने पर होगा अधिकारियों का घेराव : घनश्याम वर्मा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सरकारी धान का केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों का धान न खरीद कर किसानों को हैरान व परेशान किया जा रहा है जिन किसानों का धान खरीदा भी गया है उन किसानों से आर्थिक शोषण किया गया है धान क्रय केंद्रों पर किसी तरह की सुविधा भी नहीं है। उक्त आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी के0 के0 सिंह तथा संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) श्री कृष्ण से मिलकर जनपद अयोध्या के किसानों का धान वास्तविक रूप से खरीदने तथा धान खरीद में किसानों का शोषण न करने की मांग किया है। घनश्याम वर्मा चेतावनी दी है कि यदि किसानों का धान खरीदा नहीं गया और किसानों को हैरान परेशान किया गया तो धान क्रय से संबंधित अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। अधिकारियों से मिलने तथा वार्ता करने में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, विवेक पटेल, देवी प्रसाद वर्मा शामिल रहे।

# टी.बी. से लड़ने के लिये चलाया गया जागरूकता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राजकीय टीबी अस्पताल ने एचआईवी एड्स से जंग लड़ रहे नौजवानों को हौसला देते हुए हस्ताक्षर व सेल्फी प्रोग्राम का जागरूकता अभियान चलाया। राजकीय टीबी अस्पताल से डॉ. संदीप शुक्ला जिला क्षय रोग अधिकारी और




जिला चिकित्सालय से डॉ राजेश कुमार सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर रैली कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके द्वारा सभी एच.आई.वी. एड्स से जुड़े कर्मचारी और स्वयंसेवी संस्थाएं मौजूद रहे। विश्व एचआईवी /एड्स दिवस जो की 1 दिसम्बर 2025की पूर्व संध्या पर सभी यूनिट मिल कर कैंडल लाइट रैली निकालते हुए सभी लोगों ने युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी संक्रमण, नशे के प्रति सावधानी, सुरक्षा के बारे में जागरूक करना रहा। जिला जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला सभी को युवाओं एवं उपस्थित समस्त श्रोताओं को एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। नशा मुक्ति के साथ-साथ टीवी से बचाव के बारे में भी जन समुदाय को विस्तृत रूप से बताया एड्स होने पर घबराएं नहीं सेंटर पर निशुल्क दवाएं एवं जांच उपलब्ध हैं। अंत में जिला चिकित्सालय के डॉ राजेश सिंह ने बताया की सभी मरीजों की जांच एवं दवा जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं जिला क्षय रोग अधिकारी ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया इसके बाद उपस्थित समस्त अधिकारियों/ दिशा क्लस्टर/समस्त कर्मचारियों/ एवं उपस्थित स्वयं संस्थाओं ने हस्ताक्षर अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# राष्ट्र प्रेम और आपसी सद्भावना से ओतप्रोत रहा विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** राष्ट्र प्रेम और आपसी सदभावना से ओत प्रोत था डी एस एम लायंस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव, यहां के बच्चों की प्रतिभा को देखकर बहुत प्रभावित, हुआ। यह उदगार क्षेत्रीय विधायक राम चंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करने के उपरांत आयोजित समारोह मे कही।उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है उनमें प्रारंभ से ही वैज्ञानिक सोच उत्पन्न कराना हमारा कर्तव्य है, उन्होंने मानसिक स्वास्थ पर एक लघु पुस्तक का विमोचन भी किया, सम्मानित अतिथि के रूप पधारे लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आर सी मिश्रा ने कहा सभी कार्यक्रम किसी ना किसी थीम पर आधारित हैं। यही इसकी विशेषता है, उन्होंने स्कूल में एक डिजिटल बोर्ड लगवाने का आश्वासन भी दिया। मानसिक स्वास्थ पर आधारित एक सच्ची कहानी, मोबाइल का दुरूपयोग, पहलगाम की आतंकी घटना, अहमदाबाद का प्लेन क्रैश, योग, सूफी डांस, पांच तत्व,



शिव तांडव, स्पोर्ट्स थीम पर आधारित नृत्य, नारी सशक्तिकरण, रामायण और शेक्सपियर नाटक को लोगो ने खूब सराहा। स्कूल के चेयरमैन डॉ नेहाल रजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है और लोगों में ज्ञान बांटना एक ईश्वरीय कार्य है, प्रधानाचार्य डॉ भावना मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा आप हमें कोमल बच्चे दीजिए हम उन्हें एक ज्ञानी, प्रतिभाशाली और मजबूत नागरिक बनाकर आपको वापस करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल की चीफ एडवाइजर हुमा नेहाल, लखनऊ से पधारे लायन एच.एन. सिंह, लालजी वर्मा, लायन अनिल खरे, डॉ वासिफ रजा, डॉ असना नकवी, डॉ शाजिया जैदी, जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य, आशीष शर्मा तथा हजारों की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन जितेन्द्र मिश्रा, एलिजा तथा सना जुनेद ने किया।



# विशेष पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर पथरदेवा विधानसभा के बूथ संख्याङ्क20 की बीएलओ और कम्पोजिट विद्यालय, समोगर में तैनात शिक्षिका श्रीमती पुष्पा सिंह को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके सही निष्पादन में बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्रीमती पुष्पा सिंह ने अपने क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर मतदाताओं की सही जानकारी जुटाई और त्रुटियों को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके समर्पण और कार्यकुशलता ने अभियान को प्रभावी बनाने में मदद की। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन की अतिरिक्त टीमें, जिसमें एजुकेटर, तकनीकी सहायक और डाटा सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं, बीएलओ के सहयोग में लगातार कार्यरत हैं। इनके संयुक्त प्रयासों से मतदाता सत्यापन और अद्यतन कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

# उत्कृष्ट कार्य पर पथरदेना बीएलओ को अध्यापक ने किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** प्राथमिक विद्यालय पिपरा कनक में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश यादव द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को उनके उत्कृष्ट कार्य और जिम्मेदारी निभाने के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बूथ संख्या 123 के बीएलओ एवं विद्यालय में सहायक शिक्षामित्र रामदयाल तथा बूथ संख्या 130 के बीएलओ भीम बली को ÷ एसआईआर योद्धा/उत्कृष्ट बीएलओ सम्मान÷ प्रदान किया गया।प्रधानाध्यापक राजेश यादव ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने मौके-मौके पर वोटर लिस्ट के संशोधन, सत्यापन और बूथ प्रबंधन से संबंधित कार्य पूरी निष्ठा और समयबद्ध तरीके से पूरा किया। उनके इसी समर्पण और जिम्मेदारी को देखते हुए विद्यालय परिवार द्वारा उनका सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने तालियों की गड़गड़ाहट से दोनों बीएलओ का स्वागत किया। सम्मान के रूप में प्रधानाध्यापक राजेश यादव ने प्रत्येक बीएलओ को साल ओ?ाकर प्रोत्साहन धनराशि भेंट की। सम्मान प्राप्त करने के बाद रामदयाल और भीम बली ने विद्यालय प्रशासन व प्रधानाध्यापक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया और अंत में सभी ने मिलकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ की सराहना की।

# विद्युत राहत योजना के पहले दिन 75 उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ

**(महराजगंज) आजमगढ़ ।** प्रदेश भर में शुरू की गई विद्युत राहत योजना उपभोक्ताओं के लिए काफी राहतभरी साबित हो रही है7 योजना के पहले ही दिन कुल 75 उपभोक्ताओं ने इसका लाभ उठाते हुए अपना पंजीकरण कराया और निर्धारित रियायतों का फायदा पाया । महराजगंज विद्युत उपकेंद्र पर इसके लिए अलग से काउंटर लगाया गया, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो । कई उपभोक्ता पहले से लंबित बिजली बिलों में छूट पाने तथा मासिक भार को कम करने के उद्देश्य से योजना में शामिल हुए ।विभागीय कर्मियों ने लोगों का त्वरित पंजीकरण कराया और प्रक्रिया की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई । एसडीओ महराजगंज के अनुसार, योजना का उद्देश्य



उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना और बिजली बिल भुगतान को सरल बनाना है7 जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया थे, उन्हें भी विशेष छूट और किस्त सुविधा दी जा रही है । उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस योजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है । उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर योजना का लाभ उठाते हुए अपनी बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान करें । योजना के तहत पहले ही दिन जहाँ 75 उपभोक्ताओं का लाभ उठाया तो वहीं विभाग को लगभग चार लाख का राजस्व प्राप्त हुआ । इसे पहल की सफलता का संकेत माना जा रहा है ।

## खबर एक नज़र

### युवक का बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल,हिरासत में

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** जिले में एक मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के गोबराई गांव में दबंग युवकों ने एक युवक की चप्पल, थप्पड़ों और बेल्ट से जमकर मारते पीटते नजर आ रहे हैं।यहाँ तक इन दबंगों ने युवक को चप्पल पर थूक कर चटवाया। वीडियो में आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि युवक इन दबंगों से छोड़ देने की गुहार लगा रहा है। लेकिन यह दबंग उसकी एक नही सुन रहे हैं और तबातोड़ थप्पड़ों और बेल्ट से पीट रहे है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है और इन आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। इस दौरान सीओ भाटपार रानी अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद देवरिया के थाना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक युवक के साथ अभद्रता करते हुए उसके साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए पीड़ित की माता की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में एक युवक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### बरहज सरयू नदी पर पीपा पुल नहीं लगा तो होगा जन आंदोलन : विजय रावत

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** सपा नेता विजय रावत सपाइयों के साथ सरयू नदी पहुँच कर बरहज सरयू नदी पर पीपा पुल लगाने की माँग की और चेताया कि यदि शीघ्र पीपा पुल नही बना तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विजय रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास के नाम पर जनता को ठगा जा रहा हैं। पिछले बार बरहज सरयू नदी पर पीपा का पुल लगाने के लिए जो पैसा मिला उसे विभाग द्वारा लुट लिया गया और बरहज सरयू नदी पर एक भी दिन पीपा पुल नहीं चला। मोहन सेतु जो पिछले दस सालों से आज भी अधूरा व काम रूका पड़ा है। जिसकी देन है की आज भी सैकड़ों लोग अपनी जान जोखिम में डालकर कर नाव से नदी को पार कर रहे हैं। अगर जल्द मोहन सेतु का काम चालू व पीपा पुल नही लगाया गया तो सपाई नदी पर ही धरना देंगे।इस दौरान विकास कुमार, संजय निषाद, आलोक पांडेय, दिनेश यादव, राहुल यादव, अखिलेश कुशवाहा, अमरेंद्र सिंह, राम निषाद, आलोक कुमार, महावीर गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, आदि उपस्थित रहे।

### चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

**स्वतंत्र भारतदेवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति एवं संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा तथा संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को शीघ्र चलाने व किसान हित से जुड़े 14 अन्य मांगों को लेकर कलेक्ट परिसर में चल रहा धरना सोमवार को 1 वर्ष 318 वें दिन भी जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि किसान हित का इतना महत्वपूर्ण व बड़ा मुद्दा आज तक पूर्वांचल की धरती पर कोई नहीं रहा। जिसे आमजन का समर्थन मिला हो और जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकारते हुए मिल को चलाने की चार बार घोषणा किया है। परंतु? पता नहीं किन कारणो से अपने वादे को मूर्त रूप नहीं दे पा रहे हैं। धरने में विकास दुबे, बकरीदन, बेद प्रकाश, रायबहादुर यादव, ब्रह्मानंद चौहान, संजीव शुक्ला, अशोक यादव, विजय कुमार सिंह, ब्रह्मानंद चौहान, उग्रसेन सिंह, श्रीकांत, गोविंद, श्रीराम मिश्रा, रामवर्धन प्रधान, सुनील कुमार पांडे, नरसिंह यादव, कोमल यादव, चंद्रिका यादव, रामकिशोर वर्मा, अशोक मालवीय, दीनदयाल शर्मा, रत्नेश मिश्राआदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी, 1 से 4 दिसंबर तक काला फीता बांधकर कार्य का विरोध करेंगे

**आजमगढ़।** सोमवार को विकास खण्ड महाराजगंज और कोयलसा सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध और उच्चाधिकारियों द्वारा अन्य विभागों के कार्य जबरन दबाव बनाकर कराने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोष व्यक्त किया गया। समिति ने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 1 से 4 दिसंबर तक विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर कार्य करने का निर्णय लिया है। यह कदम सचिवों पर बढ़ते कार्यभार और दबाव के खिलाफ उठाया गया है। सत्याग्रह/आंदोलन के अगले चरण में माननीय मुख्यमंत्री को पत्रक देने का निर्णय लिया गया है। यदि सुनवाई नहीं होती है, तो अंततः सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया गया है।बैठक में समन्वय समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, समन्वय समिति के महामंत्री डॉ सतीश सिंह रमेश सोनकर, बृजेश मौर्य, बृजेश कुमार, जयचंद, अमरनाथ यादव, वीरेंद्र सोनकर, मोहम्मद आलम, हरिओम सहाय पाठक, नवनीत यादव, प्रवीण राय, अभिषेक मिश्रा, अमरनाथ सिंह धनंजय यादव देवेंद्र तिवारी गौरव सिंह सहित कोर कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# 99 यूपी बटालियन एनसीसी अधिकारी के रूप में बेस्ट एएनओ के रूप में हुए चयनित

**(आजमगढ़)** बनारस के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय स्थित एन सी सी ग्रुप बी मुख्यालय में आयोजित 78वें एन सी सी दिवस के समापन समारोह के अवसर पर जनपद के डी ए वी कॉलेज के राजनीतिशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ0 पंकज सिंह को ग्रुप बी के कमाण्डर,ग्रुप कैप्टन वी0के0 पंजियार और सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 बिहारी लाल शर्मा ने डॉ0 सिंह की एन सी सी संगठन के प्रति उनकी उत्कृष्ट और अद्भुत कार्य क्षमता के प्रदर्शन के लिए, ग्रुप के बेस्ट ए0 एन0 ओ0 के रूप में ग्रुप कमाण्डर कॉमेंडेशन कार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर बटालियन के जे0 सी0 ओ0 सूबेदार विशाल अंशु थापा,कैडेट अंशिका यादव शिब्ली कॉलेज, कैडेट उत्कर्ष उपाध्याय कोयलसा पी जी कॉलेज और बटालियन के परिचर सुधाकर राम को उनके एन सी सी में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में ग्रुप बी वाराणसी एन सी सी मुख्यालय से संबद्ध लगभग 10 जिलों के विभिन्न बटालियन से 5 बेस्ट ए0एन0ओ0 और विभिन्न सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले कैडेटों,पी0आई0 स्टार व सिविल स्टार को सम्मानित किया गया। सुहेलदेव विश्विद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 संजीव कुमार,99 यू पी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश शर्मा,सूबेदार मेजर रामस्वरूप चौहान,प्राचार्य प्रो0 प्रेमचंद्र यादव एवं महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और कैडेटों ने डॉ0 सिंह की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें और सम्मानित जे सी ओ और दोनों कैडेटों को बधाई दिया।

# हाईप्रोफाइल चोरियों का राजफाश करने में पुलिस विफल

## 27 सितम्बर को फरीदपुर गांव में जेलर और प्रिंसिपल के यहां 31 लाख से अधिक की हुई थी चोरी

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में 27 सितम्बर की रात में दो घरों में हुई 31 लाख रूपये के आभूषण और 60 हजार नकद की हुई चोरी का राजफाश करने में दो माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी पुलिस विफल साबित हो रही। जिससे क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा। 27 सितम्बर 2025 को क्षेत्र के फरीदपुर गांव नोएडा जेल के उपाधीक्षक सुरजीत सिंह और रफी मेमोरियल स्कूल के उप प्रिंसिपल अविनाश सिंह के घरों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया,और जेलर के घर से 26 लाख रूपये के आभूषण और 40 हजार नकद तथा प्रिंसिपल के घर से पांच लाख रूपये के आभूषण और 21 हजार रुपए की नकदी चुरा कर पुलिस को चुनौती दे दिया। इन दोनों



हाईप्रोफाइल घरों में हुई चोरी की इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। चोरी के दूसरे दिन फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ ही साथ स्वाट टीम भी लगातार तीन दिनों तक क्षेत्र में डेरा डाले रही। फिर भी चोरों को ढूंढ नहीं पाई। बीच में पुलिस द्वारा यह कह कर स्वजनों को सांत्वना दिया गया कि ये चोरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पंखिया गैंग के लोगों द्वारा कारित की गई है। पर दो माह से अधिक का समय बीत गया पर अभी तक चोरों का सुराग पुलिस नहीं लगा पाई है। फरीदपुर गांव में ज्यादातर घरों के लोग प्रशासनिक सेवा में है। पुलिस की इस विफलता से लोगों में निराशा है और क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी बूढनपुर अजय प्रताप सिंह का कहना है कि अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा। पुलिस लगातार खुलासे के लिए प्रयासरत है जल्दी ही सफलता मिलने की उम्मीद है ।

# सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में चरणबद्ध सांकेतिक सत्याग्रह कार्यक्रम की घोषणा की

**(लालगंज) आज़मगढ़ ।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, जनपद आज़मगढ़ ने शासन द्वारा लागू की गई पंचायत सचिवों की ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में चरणबद्ध सांकेतिक सत्याग्रह कार्यक्रम की घोषणा की है। समिति ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि आदेश से शासकीय कार्य बाधित हो रहे हैं तथा सफल वार्ता न होने पर आंदोलन जारी रहेगा।सुबह लगभग 10 बजे समिति के ब्लाक अध्यक्ष गणतंत्र श्रीवास्तव एवं मंत्री राकेश यादव के नेतृत्व में सभी सचिवों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध करते हुए खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा को ज्ञापन दिया । ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने



बताया कि आज से 04 दिसंबर 2025 तकपंचायत सचिव काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्यों का निर्वहन करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे।05 दिसंबर 2025जनपद के सभी विकास खंड मुख्यालयों पर सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा। दोपहर 1 बजे बाद सचिव अपने-अपने विभागीय दायित्वों हेतु खंड विकास अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से उपस्थिति भेजेंगे। 10 दिसंबर 2025 इंजन चालित वाहन से क्षेत्रीय भ्रमण न करते हुए सचिव साइकिल, टेम्पो या बस से भ्रमण करेंगे। समिति ने कहा कि ?200 साइकिल भत्ता मिलने के बावजूद सचिवों से मोटर साइकिल उपयोग की अपेक्षा तर्कसंगत नहीं है। इस दिन मोटरसाइकिल भत्ता बहाल करने की मांग शासन से की जाएगी।15 दिसंबर 2025 जटिल ई-ग्राम स्वराज एवं गेटवे प्रणाली के विरोध में सचिव मोबाइल ऐप आधारित भुगतान व्यवस्था लागू करने की मांग करेंगे। समिति का कहना है कि ग्राम प्रधानों की कोई शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं होने से उनके द्वारा यह प्रणाली संचालित कराना व्यवहारिक नहीं है।इस दिन सभी ग्राम पंचायतों के डीओएससी/डीओजीएल/डीओजीओ कार्यालयों में ज्ञापन जमा कराए जाएंगे। समिति ने स्पष्ट किया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर यह आंदोलन चरणबद्ध ढंग से जारी रहेगा और सभी पंचायत सचिव इसमें शामिल रहेंगे।

# जिलाधिकारी ने उप्र विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता को निलंबित कराया

**आजमगढ़ ।** जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, रविन्द्र कुमार ने बताया है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा के प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता (सिविल), आजमगढ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़ द्वारा अवैध निर्माण से संबंधित जनसामान्य, जनप्रतिनिधियों एवं आई0जी0आर0एस0 पोर्टल के माध्यम से बारम्बार शिकायतें प्राप्त होने पर प्रभावी कार्यवाही न करने, मानचित्रों को यादृच्छिक ढंग से संस्तुति करने या निरस्त करने, अपने पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता बरतने, शासकीय कार्यों के सम्पादन में सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्य परायणतापूर्वक कार्य न किये जाने के दृष्टिगत



श्री श्रीवास्तव को उ0प्र0 विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा नियमावली-1985 के नियम-33 सहपठित उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-4 के अधीन एतद्वारा तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित किये जाने की श्री राज्यपाल द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी हैं।

# ददरी मेला में क्रिकेट कुंभ का आयोजन

**बलिया।** बताया जाता है कि दिनांक 1 दिसंबर को ददरी मेला 2025 में प्रथम बार शामिल भारत का लोकप्रिय खेल ददरी मेला क्रिकेट कुंभका सेमीफाइनल वीर क्रिकेट टीम और फाइनल मैच विराट क्रिकेट टीम ने मिठवार क्रिकेट टीम को 6 रन से हराया।प्रथम सेमीफाइनल विराट क्रिकेट टीम और बलिया क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया जिसमें विराट क्रिकेट टीम विजेता रही । दूसरा सेमीफाइनल मिठवार क्रिकेट टीम और वीर क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया जिसमें मिठवार क्रिकेट टीम विजेता रही।सभी विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ददरी मेला समापन समारोह 7 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा।साथ ही क्रिकेट अंपायर और कॉमेंटेटर भी सम्मानित होंगे।आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा थे।उक्त जानकारी मुख्य राजस्व अधिकारी ने दी।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती ।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा श्री सतीश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष श्री अंकुर वर्मा थाना मल्हीपुर के नेतृत्व में थाना मल्हीपुर पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। दिनांक 06.11.2025 को थाना मल्हीपुर पर एक नाबालिग लड़की के घर से चले जाने के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 354/2025 धारा 137(2) ब्नहस्र बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 30.11.2025 को धारा 87, 64(2)(द्व) व 5(रु)/6 पाक्सो एक्ट की वृद्धि करते हुए अपहृता को बरामद कर वन स्टॉप सेंटर भेजा गया तथा प्रकाश में आए अभियुक्त *युसुफ उर्फ सलमान पुत्र जियाउद्दीन* निवासी गड़रा दा0 बनटिहवा थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय श्रावस्ती के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक यातायात ने रोडवेज चौराहा का भ्रमण किया



**आजमगढ़ ।** के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आज़मगढ़ विवेक त्रिपाठी द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रोडवेज चौराहा का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करने तथा अवैध पार्किंग एवं बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात ने आमजन की सुविधा और सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यातायात व्यवस्था में और सुधार लाने हेतु संबंधित पुलिस कर्मियों को सक्रियता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

# राजकीय महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यशाला एवं गीता जयन्ती का आयोजन



**स्वतंत्र भारत चुनार(मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे÷रोग प्रतिरोध क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका विषय पर मिशन शक्ति फेज 5.0, रोवर्सरेंजर, रेड रिबन क्लब, भातखंडे कल्चरल कल्ब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रदृछात्राओं में योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ तथा जीवनशैली में इसके सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं योग प्रशिक्षक डॉ0 अभिषेक गुप्ता, जूनियर रिसर्च ऑफिसर आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने अपने संबोधन में योग को भारतीय ज्ञानदृपरंपरा का अमूल्य उपहार बताते हुए कहा कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राचार्य महोदया ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यशाला में योग प्रशिक्षक डॉ0 अभिषेक गुप्ता द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं, अनुलोम विलोम, कपालभाति, धनुरासन, ताड़ासन, श्वास प्रश्वास तकनीकों तथा मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शिखा तिवारी, स्वागत डॉ0 शेफालिका राय, धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 विद्या सिंह ने किया। कार्यशाला में 52 छात्राएं एवं 28 छात्र ने प्रतिभाग किया। साथ ही श्रीमद्भगवद्गीता जयंती के अवसर पर एक छात्र-संगोष्ठी और गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गीता एक ग्रंथ नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है जो युगों-युगों से समस्त विश्व को प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन हर व्यक्ति को करना चाहिए क्योंकि यह जीवन में संशयों का समाधान करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ दीप नारायण ने कहा कि गीता मानव जीवन के हर स्तर पर संतुलन, कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ कुसुम लता ने कहा कि विद्यार्थियों को गीता का सिद्धांत आत्मसात करना चाहिए। फल की इच्छा कर्म के प्रति निष्ठा में बाधक बनती है। श्लोक गायन प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग के स्नातक और परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। स्नातक स्तर पर काजल यादव ने प्रथम, नीतू मौर्या ने द्वितीय तथा सुप्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातकोत्तर स्तर पर श्लोक गायन प्रतियोगिता में सुमन यादव ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय और प्रीति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी और डॉ नलिनी सिंह रहे। कार्यक्रम का आयोजन देववाणी क्लब और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का संचालन, संयोजन और धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश सिंह यादव,अरविंद कुमार, डॉ सत्येन्द्र कुमार,दीपक कुमार सिंह, डॉ संकठा सोनकर, डॉ शिखा तिवारी, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ अदिति सिंह, डॉ विद्या सिंह, डॉ मंजुला शुक्ला और डॉ रमेश चंद्र, धर्म चन्द्र, कमलेश शुक्ला, रामकेश सोनकर, जय प्रकाश सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इसी क्रम में एम. ए. हिन्दी विभाग की परिषदीय निबंध प्रतियोगिता साहित्य और समाज स्नातकोत्तर स्तर की आयोजित की गई। जिसकी संयोजिका डॉ नलिनी सिंह थीं।

# वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 का छठवां दिन

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में चल रहे 69वें अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 के छठवे दिन 01 दिसम्बर, 2025 को सेमीफाइनल मैच उत्तर रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे के बीच खेले गये, जिसमें उत्तर ने एकतरफा मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी टीम दक्षिण पश्चिम रेलवे को पहले सेट में 25-21, दूसरे सेट में 25-23 तथा तीसरे सेट में 25-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल का दूसरा मैच देर सायं तक पूर्व रेलवे एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के बीच खेला जा रहा था।

राष्ट्रीय स्तर की इस वालीबाल प्रतियोगिता को देखने हेतु भारी संख्या में वालीबाल प्रेमियों एवं खिलाड़ी सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



इस चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 02 दिसम्बर, 2025 को अपराह्न 03.00 बजे उत्तर रेलवे एवं दूसरे सेमीफाइनल के विजेता टीमों के साथ खेला जायेगा तथा महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर विजेता एवं उपजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित करेंगे।

# जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के बच्चों ने स्काउट गाइड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जेएस जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्काउट गाइड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 19 वीं भारत स्काउट गाइड एवं डायमंड जुबली के कार्यक्रम में की मेजबानी इस वर्ष 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा दिया गया। अलग-अलग जिलों से आए भारत स्काउट गाइड में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और छात्र सम्मानित हुए और अपने जिले का नाम रोशन किया। यह कार्यक्रम 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया जिसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। जिले के मड़िहान क्षेत्र के जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के आठ छात्रों ने भारत स्काउट गाइड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। सभी बच्चे अपने स्कूल आने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जगदीश सिंह पटेल एवं अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक मिर्जापुर सोनभद्र के द्वारा बच्चों के भविष्य की कामना की।साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भावना से खेलना चाहिए। जिससे शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा इस प्रदर्शन से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अभिभावक भी इससे खुश नजर आए। इसके अलावा प्रधानाचार्य राम मिलन यादव ने बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए माल्यार्पण किया और मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की।

# गड़बड़ा शीतला धाम के शहरहवा मेला में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माथा टेका



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** विंध्य कैमूर के तलहटी में स्थित गड़बड़ा धाम के शहरवा मेला में सोमवार को डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माँ शीतला के दरबार में मत्था टेकर दर्शन पूजन किया। गड़बड़ा धाम के बगल स्थित सेवटी नदी में स्नान करके पांच बजे भोर से हीं कतार में खडे हो गए। गड़बड़ा धाम के जयकारी से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। पांच बजे भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला जो शाम तक चलता रहा। उल्लेखनीय है की गड़बड़ा शीतला धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालु अपना डेरा जमा रखा था। दर्शन पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने जमकर गृह उपयोगी सामान की खरीदारी की हस्त्र निर्मित बांस की टोकरी एवं सौंदर्य प्रशाधन की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ डटी रही। मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई थीं जिसमें भूले भटके लोगो को उनके स्वजनों से मिलाया गया मेले में पॉकेट मारो उचक्को ने मध्य प्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र के सलाईया निवासी विमता साकेत का मंगलसूत्र गले से खींच लिया। घटना की जानकारी होने पर तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय ने कंट्रोल रूम में लगे सीसी टीवी कैमरे का फुटेज दिखने का प्रयास किया गया किन्तु सीसी टीवी कैमरा न खुलने के कारण महिला श्रद्धालु को बिना मंगलसूत्र के बैरंग वापस जाना पड़ा। तहसीलदार लालगंज ने पीड़ित महिला से हलिया थाने में तहरीर देने का निर्देश दिया। वही सीसी टीवी कैमरा का फुटेज नहीं खुलने पर मंदिर ट्रस्ट के ज्ञान चंद्र शुक्ला व सुभाष चंद्र शुक्ला को बुलाकर सीसी टीवी कैमरा के फुटेज दिखाने के लिए कहा लेकिन ट्रस्ट के प्रबंधक द्वारा फुटेज नहीं दिखा पाने पर ट्रस्ट के प्रबंधक को तहसीलदार ने फटकार लगाई सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर के निकास द्वार पर प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे। मेले में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक गड़बडा राजेश कुमार मिश्रा,सहायक चकबंदी अधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 30 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 12565 में ट्रेन मैनेजर द्वारा घर से नाराज होकर जा रही 12 वर्ष की लड़की को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 9 पर घर से नाराज होकर आयी 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15079 में एक यात्री द्वारा 12 वर्ष के एक लड़के को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 2 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे, पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल चौकी हल्द्वानी को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 1 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, हल्द्वानी को सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15010 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औडिहार को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15014 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे औडिहार पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोण्डा को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 75114 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 3 पर यात्री का छूटा एक ट्राली बैग मिला, जिसे सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त ट्राली बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15018 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट द्वारा यात्री का छूटा पिट्ठू बैग रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त पिट्ठू बैग सुपुर्द किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** विश्व एड्स दिवस पर मुसफ्फरगंज स्थित केबी कालेज में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा जागरूकता रैली निकाली गई। केबी कालेज से निकली रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस केबी कालेज पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडेट और अन्य छात्रों ने एड्स व एचआईवी को लेकर जागरुकता तख्ती हाथ में लेकर चल रहे थे।


स्वतंत्र भारत

## वर्गीकृत

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल 2012 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र अनुक्रमांक 2266264 वास्तव में कहीं खो गया है सन्दीप कुमार मिश्रा पुत्र-दिलीप कुमार मिश्रा माता-श्याम देवी पता-जानकीपुर, सिराथू कौशाम्बी।

सी.आर.-1879/ **D-27**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता के सरनेम की स्पेलिंग मेरे हाईस्कूल के सर्टिफिकेट में त्रुटिवश RAIS UDDIN SIDDIKI लिखा है। जबकि सही स्पेलिंग RAIS UDDIN SIDDIQUI है। जो मेरे आधार पैन में भी अंकित है। मोहम्मद रेहान S/o RAIS UDDIN SIDDIQUI R/o- 23C/3C/1B करामत की चौकी करैली-प्रयागराज।

सी.आर.-1879/ **D-36**

### सूचना

सूच्य हो कि मेरा सही नाम राधादेवी पत्नी पुत्तीलाल निवासी भठिया पोस्ट असन्द्रा जिला बाराबंकी है। सरकारी अभिलेखों में भी यही नाम अंकित है। एलआईसी पॉलिसी न. 215441793 में गलती से ज्ञान कुमारी अंकित हो गया है। अतः मुझे राधादेवी के नाम से जाना पहचाना जाए व पॉलिसी में मेरा नाम राधादेवी अंकित किया जाये।

सी.आर.-1880/ **D-41**

### सूचना

सूचित किया जाता है मेरे पास सुरक्षित रखा बैनामा/बिक्री विलेख सिलसिला नम्बर 5546, दिनांक 10-07-2013, संबंधी संपत्ति ग्राम कुदौली जलालाबाद वास्तव में गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज़ के किसी प्रकार का उपयोग वैध नहीं होगा अथवा दुरुपयोग माना जायेगा। सूरजपाल सिंह पुत्र गंगाराम अल्हागंज, शाहजहांपुर।

सी.आर.-1881/ **D-41**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मेजा प्रयागराज**
**मूलवाद 2600 सन 2017**
**दिनेश आदि बनाम विजय शंकर आदि**

दिनेश उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र सूर्यबली निवासी ग्राम केशव पट्टी, तहसील मेजा तप्पा-84 परगना खैरागढ़ इलाहाबाद (वादीगण)

**बनाम**

बैजनाथ उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र नन्द किशोर निवासी ग्राम केशव पट्टी तहसील मेंजा टप्पा 84-परगना खैरागढ़ इलाहाबाद (प्रतिवादीगण)

चूंकि ... ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 12 के 16 दिवस को बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षी रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि - 16/12/2025**
**न्यायाधीश**

सी.आर.-1879/ **D-CN**


# एकमुश्त समाधान योजना में हुए 54 पंजीकरण 2.93 हजार रुपये की वसूली



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत सोमवार को विद्युत उपकेंद्र हलिया, बरौधा, देवरी उत्तर में शिविर लगाकर एक मुश्त समाधान योजना के तहत 54 पंजीकरण कराया गया और दो लाख 93 हजार रूपये बिजली के बकाया बिल को जमा कराया गया है। विद्युत उपकेंद्र हलिया द्वारा आयोजित शिविर में कुल बीस उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के तहत लाभ के लिए पंजीकरण कराया है। इसी प्रकार विद्युत उपकेंद्र बरौधा के शिविर में बीस उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के लिए पंजीकरण कराया है विद्युत उपकेंद्र देवरी उत्तर के शिविर में एक मुश्त समाधान योजना के लिए 14 उपभोक्ताओ ने पंजीकरण कराया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से एक दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना ओटीएस को शुरू किया है जिसमें उपभोक्ता पंजीकरण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है। उपखण्ड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने बताया की एक मुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत उपकेंद्र हलिया, बरौधा, देवरी उत्तर के कर्मियों द्वारा लगाए गए शिविर में कुल 54 उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के लिए पंजीकरण कराया है जिसमे आठ उपभोक्ताओ द्वारा सम्पूर्ण बकाया बिल का भुगतान कर दिया गया है। शिविर में कुल 2लाख 93 हजार रूपये के बकाया बिल की वसूली किया गया है।


## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2025** को **15:00** बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 012602025 dated 29.11.2025 |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में SLN-ZBD खंड के ब्रिज संख्या 118 UP तथा AYC-SLN खंड के ब्रिज संख्या 80 पर 473 संख्या स्टील चैनल स्लीपरों को H-बीम स्टील स्लीपरों से बदलने तथा LKO-SLN-ZBD खंड में स्टील चैनल स्लीपरों के लिए आवश्यक कमी वाले फिटिंग्स के प्रतिस्थापन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹1,87,19,456.46 |
| धरोहर राशि | ₹ 2,43,600.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 09.12.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.12.2025 15:00 बजे |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3715/2025

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेन्डर ई निविदा सूचना संख्या एन-235-62 टेली टेण्डर 11-2025**

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना सं0:** एन-235-62 टेली टेण्डर 11-2025 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के पीएफए कार्यालय, पीसीएमडी कार्यालय, पीसीई कार्यालय, विधि कार्यालय और पीसीसीएम कार्यालय में वर्कस्टेशनों और कॉम्पैक्टर्स प्रावधान के साथ-साथ दूरसंचार सुधार से सम्बंधित कार्य का प्रावधान। **निविदा लागत: ₹ 27,85,103.73/-** (सताईस लाख पचासी हजार एक सौ तीन रुपये एवं तिहत्तर पैसे मात्र) **बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि) : ₹ 55,700/- ऑफर की वैधता:** 60 दिन **निविदा खोलने एवं बंद होने का स्थान तिथि तथा समय :** कार्यालय मण्डल सिग्नल एवं दूर संचार इंजी/टेली, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, दिनांक-23.11.2025 समय 11:00 बजे। **कार्य के पूर्ण करने की अवधि :** 03 (तीन) माह। मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। विस्तृत निविदा सूचना निविदा प्रपत्र योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट http/www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। नोटः निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी/टेली/मुख्य. गोरखपुर**
मुजाधि/सिगनल-70

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# पूर्वोत्तर रेलवे पर मल्टीट्रैकिंग का कार्य तीव्र गति से जारी

## मल्टीट्रैकिंग से लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समयपालन में सुधार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के अन्तर्गत मल्टी ट्रैकिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में छपरा ग्रामीण-बाराबंकी मुख्य रेल मार्ग पर तीसरी लाइन निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर अभी तक छपरा ग्रामीण-छपरा एवं कुसम्ही-डोमिनगढ़ रेल खण्डों में तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। गोण्डा-बुढ़वल ( 61.72 किमी.) तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोण्डा कचहरी-घाघरा घाट ( 45.42 किमी.) तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। इसके अगले चरण में घाघरा घाट-बुढ़वल तक तीसरी लाइन निर्माण, जिसमें घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल का निर्माण सम्मिलित है, पूर्ण कर लिया गया है। इस नव निर्मित तीसरी लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल 05 दिसम्बर, 2025 को निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात यह तीसरी लाइन कमीशन हो जायेगी। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा तथा जनआकांक्षाओं के अनुरूप अधिक गाड़ियों का संचलन किया जा सकेगा। गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना को पूरा करने में कुल लागत 1117 करोड़ रूपये आयेगी। घाघरा घाट-चौकाघाट स्टेशनों के मध्य घाघरा नदी पर बना यह तीसरा महत्वपूर्ण पुल है। पहले पुल का कार्य वर्ष 1898 में घाघरा घाट-चौकाघाट मीटर गेज लाइन के निर्माण के साथ ही पूर्ण हुआ। इस पुल का नाम भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन के नाम पर एल्गिन ब्रिज पड़ा। इस पुल को 1981 में गोण्डा-बाराबंकी खण्ड के आमान परिवर्तन के दौरान बड़ी लाइन मानक के अनुरूप बनाया गया। दूसरे पुल का निर्माण घाघरा घाट-चौकाघाट खण्ड के दोहरीकरण के दौरान वर्ष 2012-13 में हुआ और इसकी ओपनिंग 14 अप्रैल, 2013 को हुई। तीसरा पुल कमीशनिंग के लिए तैयार है। इस पुल की लम्बाई 1037 मीटर है, जिसमें 17 स्पैन है। इस पुल का फाउंडेशन डबल लाइन के अनुरूप किया गया है, जिससे यहाँ चौथी लाइन निर्माण के समय चौथे पुल के लिए फाउंडेशन की आवश्यकता नही होगी, जिससे समय, संसाधन एवं धन की बचत होगी।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05163/05164 औंड़िहार-सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन 89 फेरों हेतु निम्नवत किया जायेगा।05163 औंड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन औंड़िहार से 12.35 बजे प्रस्थान कर सिधौना रामपुर हाल्ट से 12.43 बजे, रजवारी से 12.53 बजे तथा कादीपुर से 13.04 बजे छूटकर सारनाथ 13.20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05164 सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन सारनाथ से 13.50 प्रस्थान कर कादीपुर से 14.02 बजे, रजवारी से 14.10 बजे तथा सिधौना रामपुर हाल्ट से 14.17 बजे छूटकर औंड़िहार 14.35 बजे पहुंचेगी।


## कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी

पत्रांक 354/न०पं०ब०/ई-प्रोक्योरमेण्ट/निर्माण कार्य/15वांवि0आ0/2025-26 दिनांक 29.11.2025

**निविदा आमन्त्रण सूचना/ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

समस्त ठेकेदारो/फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) व अवस्थापना निधि योजना से नगर पंचायत बरवर खीरी को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की जिलाधिकारी महोदय खीरी की स्वीकृति **दिनांक 30.07.2025** के कम में लिए ई-निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर **दिनांक 29.11.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 19.12.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक** अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा की समस्त निविदाओं को **दिनांक 20.12.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे** गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

| लिपिक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| न0 प0 बरवर-खीरी | न0 प0 बरवर-खीरी | न0 प0 बरवर-खीरी |



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## शेख हसीना को एक और मामले में पांच साल की जेल

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक के बाद एक ताबड़तोड़ सजाएं सुनाई जा रही हैं। सोमवार को ढाका की विशेष अदालत ने प्लॉट घोटाले के एक मामले में शेख हसीना को 5 साल, उनकी छोटी बहन शेख रहाना को 7

■ बहन और भांजी को भी सजा

साल और ब्रिटेन की सांसद एवं उनकी भांजी ट्यूलिप सिद्दीकी को 2 साल कैद की सजा सुना दी। यह सजा हसीना परिवार के लिए एक और करारा झटका है, जिस पर पहले ही भ्रष्टाचार और मानवता के खिलाफ अपराधों में फांसी तक की सजा हो चुकी है। ढाका के विशेष न्यायाधीश-4 रबीउल आलम ने शेख हसीना को पुरबाचल इलाके में प्लॉट आवंटन धोखाधड़ी के मामले में यह सजा सुनाई। बांग्लादेश के दुराचार निरोधक



आयोग (एसीसी) ने जनवरी 2025 में शेख हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पुरबाचल में सरकारी प्लॉटों के कथित अवैध आवंटन के आरोप में कुल छह अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए थे। इससे पहले ढाका की एक अन्य अदालत ने शेख हसीना को तीन अलग-अलग प्लॉट धोखाधड़ी मामलों में 7-7 साल की सजा सुनाते हुए कुल 21 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले में अदालत ने शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को 5 साल कैद और 1 लाख टका जुर्माने की सजा सुनाई, जबकि उनकी बेटी साइमा वाजेद पुत्रुल को भी 5 साल कैद की सजा दी गई।

## चक्रवात दित्वाह : श्रीलंका में अब तक 334 मौतें

**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते वहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के अनुसार, अब तक कम से कम 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। इसके अलावा बादुला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 मौतें दर्ज की गई हैं। डीएमसी के मुताबिक, इस आपदा ने देश भर में 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोगों को प्रभावित किया है। इतना ही नहीं चक्रवात दित्वाह के कारण नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिसके चलते पूरे शहर जलमग्न हो गए, बड़े पुल बह गए और कई महत्वपूर्ण इमारतें और सड़कें टूट गईं।

## 'संघर्ष रोकने का सुनहरा मौका खून-खराबा रोकना जरूरी'

**वॉशिंगटन।** तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष में स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसी बीच फ्लोरिडा

■ यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के बीच बोले ट्रंप

में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से जारी शांति वार्ताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अच्छी संभावना बन रही है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि हालिया बातचीत सकारात्मक रही। ऐसे में इस युद्ध को खत्म करने के लिए यह एक अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि अब खून-खराबा



रोकना बहुत जरूरी हो गया है। टंप ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है। हम चाहते हैं कि और लोग न मारे जाएं। यह मामला सीधे हमारे देश से जुड़ा नहीं, लेकिन अगर हम कई लोगों की जान बचा सकते हैं तो यह अच्छा होगा। उन्होंने दावा किया कि पिछले महीने युद्ध में 27,000 लोग मारे गए, और यह कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। ट्रंप ने इस बात पर भी जोर दिया कि यूक्रेन में भ्रष्टाचार की समस्या भी है, लेकिन फिर भी समझौते की संभावना मजबूत है। यूक्रेन की तरफ से यह बातचीत राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुसतेम उमेरोव की अगुवाई में हो रही है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। यह बैठक उस समय हुई जब ज़ेलेंस्की के एक करीबी सहयोगी ने अपने घर पर छापे के बाद इस्तीफा दे दिया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका उपयोगी तरीके से आगे बढ़ रहा है आने वाले दिनों में युद्ध को सम्मानजनक तरीके से खत्म करने के कदम तय किए जा सकते हैं।

## 'मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय, एक बेटे का नाम शेखर'

**वॉशिंगटन।** दिग्गज अरबपति और टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी पार्टनर शिवॉन

■ पॉडकास्ट में एलन मस्क का खुलासा

जिलिस आधी भारतीय हैं। निखिल कामत के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ये भी बताया कि उनके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है। मस्क ने बताया कि ये नाम अमेरिकी भौतिकशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है। पॉडकास्ट के दौरान



एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं, लेकिन मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय हैं। मेरे और उसके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है, जो चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है।' मस्क ने बताया कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस कनाडा में पली-बढ़ी हैं और जब वे एक छोटी बच्ची थीं, तब उन्हें गोद लिया गया था। शिवॉन जिलिस ने साल 2017 में मस्क की कंपनी न्यूरालिंक जॉइन की थी और वे फिलहाल कंपनी में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस एंड स्पेशल प्रोजेक्ट्स के तौर पर काम कर रही हैं। शिवॉन ने येल यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की है।

## मुनीर को सेना का सुप्रीम बनाने से बच रहे शहबाज!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुप्रीम यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाने

■ सीडीएफ बनाने से पहले पाकिस्तानी पीएम बिना बताए लंदन निकले

■ दावा-जानबूझकर देरी कर रहे

की प्रोसेस अटक गई है। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवंबर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, लेकिन पीएम शहबाज शरीफ ने अब तक इसपर साइन नहीं किए हैं। इससे पहले ही शहबाज 26 नवंबर को बहरीन चले गए थे, फिर 27 नवंबर को अनौपचारिक यात्रा पर लंदन रवाना हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर



की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़ें। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुपर चीफ यानी सीडीएफ बनाया जाना था। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल जाती यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन जाते।

## मलयेशिया के दूसरे बड़े राज्य सबा में हारे इब्राहिम

**कुआलालंपुर।** मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को सबा राज्य चुनाव में बड़ा झटका लगा। यहां आए चुनावी नतीजों में उनके सहयोगी बुरी तरह हार गए। यह उनके लिए तीन वर्षों में सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा रही। देश के सबसे बड़े दूसरे और गरीब राज्य में अनवर की गठबंधन पार्टी पकातन हरापन (पीएच) ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ एक सीट जीती। इससे पहले उसके पास सबा में सात सीटें थीं। मलयेशिया विश्वविद्यालय में एक एसोसिएट प्रोफेसर ली कुओक तियुंग कहते हैं, सबा चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि अनवर का गठबंधन बहुत बुरी तरह से हार गया।

## ट्रंप लंबे समय के लिए खत्म कर सकते हैं शरण देने की प्रणाली

**वॉशिंगटन।** बीते दिनों अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा

■ अमेरिका में सख्त आव्रजन नीति लाने का भी इशारा

प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है। इसके तहत अब ट्रंप की प्रशासन ने अमेरिका में आव्रजन (इमिग्रेशन) नीतियों को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे शरण देने की प्रक्रिया को लंबे समय के लिए रोकना चाहते हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे लोग देश में आ रहे हैं जिन्हें अमेरिका में नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी करने वाले अफगान नागरिक का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे लोग देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों को अमेरिका नहीं चाहते। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो अच्छे नहीं है। हमारे पास पहले से ही काफी समस्याएं हैं।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव : कई जिलों में मतदान टला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई ज़िलों में 25 से ज़्यादा नगर निगमों के चुनाव राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) द्वारा अस्वीकृत नामांकन पत्रों से संबंधित अपील प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं का पता चलने के बाद स्थगित कर दिए गए हैं। पहले 2 दिसंबर को होने वाले मतदान अब इन क्षेत्रों में 20 दिसंबर को होंगे। शेष सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुबह 7 : 30 बजे से शाम 5: 30 बजे तक जारी रहेगा। इन निकायों के परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए जाएँगे।

## भारत में इमरान की बहन के इंटरव्यू से खिसियाया पाक

### कहा, देश की बुराई करने पर शर्म आनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की बहन नोरीन खान नियाजी के भारतीय मीडिया को दिए इंटरव्यूज पर नाराजगी जताई है। तरार ने कहा कि नोरीन ने पाकिस्तान की छवि खराब की है, देश की बुराई करने वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोरीन ने भारत से जुड़े किसी मुद्दे जैसे कश्मीर या भारत में मुसलमानों की हालत पर कुछ नहीं कहा। तरार ने यह भी पूछा कि नोरीन ने भारतीय चैनल पर जाकर मोदी सरकार की बुराई क्यों नहीं की। नोरीन ने हाल ही में एकन्यूज एजेंसी से बात करते हुए पाकिस्तानी सेना चीफ आसिम मुनीर को तानाशाह बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया था। असीम मुनीर अब बड़ी ताकत हैं। हालांकि पाकिस्तान में पहले भी तानाशाह आ चुके हैं और उनका अंजाम अच्छा नहीं हुआ।

## ऑस्ट्रियन इंफ्लूएंसर की हत्या, एक्स गिरफ्तार

**वियेना।** ऑस्ट्रिया की एक जानी मानी हस्ती पिछले काफी दिनों से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने छानबीन शुरू की, तो उसकी लाश स्लोवेनिया के जंगलों में सूटकेस के अंदर मिली। इस घटना से पूरे यूरोप में सनसनी फैल गई है। लाश की पहचान ऑस्ट्रिया की मशहूर इंफ्लूएंसर स्टेफनी पीपर के रूप में हुई है। 31 वर्षीय स्टेफनी की मौत से उनके फैंस को भी गहरा धक्का लगा है। इस हत्याकांड को स्टेफनी के पूर्व प्रेमी ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को एक पार्टी से घर लौटने के बाद स्टेफनी अचानक गायब हो गईं थीं। 23 नवंबर की रात स्टेफनी ने अपनी एक दोस्त को मैसेज करते हुए बताया था कि वह सुरक्षित घर पहुंच चुकी हैं। इसके कुछ देर बाद ही स्टेफनी ने दूसरा मैसेज किया कि शायद उनके घर की सीढ़ियों में कोई छिपा है। स्टेफनी के पड़ोसियों ने बताया कि देर रात उनके घर से लड़ाई-झगड़े की आवाज आ रही थी। लोगों ने स्टेफनी के पूर्व प्रेमी को भी बिल्डिंग में देखा था। स्टेफनी के परिजन भी लाख कोशिशों के बाद उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे।

## भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंचा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का वर्तमान संकट इमरान खान बनाम सेना की लड़ाई से कहीं बड़ा है। अब सत्ता का दांव सिर्फ राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि सेना के संस्थागत प्रभुत्व, प्रांतों की क्षेत्रीय पहचान और अर्थव्यवस्था की बुनियादी जीवंतता से जुड़ चुका है। सैन्य रणनीति, जनसमर्थन का भूगोल और आर्थिक दिवालियापन एक दूसरे से टकराते हैं तो देश खतरनाक मायनों में पुनर्गठन के दौर में प्रवेश करता है। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है। विद्रोह की सुलगती चिंगारी से वह भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंच चुका है।

पाकिस्तानी सेना की रणनीति का पूरा ढांचा इस बात पर केंद्रित है कि राष्ट्रीय नैरेटिव, विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा पर उसकी पकड़ बनी रहे। इमरान को सिर्फ सियासी चुनौती नहीं,

■ विद्रोह की सुलगती चिंगारी से अस्थिरता और आर्थिक दबाव बढ़ा

संस्थागत नियंत्रण के लिए खतरा माना जा रहा है। आंतरिक खुफिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि पहली बार प्रजातंत्र नहीं, सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जन-आंदोलन जैसी मानसिकता उभर रही है। सूचना नैरेटिव से लेकर मीडिया पर नियंत्रण, राजनीतिक नेतृत्व के पुनर्विन्यास की कोशिश और पीटीआई कैडर को संगठित विरोध से बिखरे विरोध की ओर धकेलने के सेना के दबाव से जनसमर्थन घटने के बजाय बढ़ रहा है। पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने नाम उजागर किए बिना कहा कि समस्या यह नहीं है कि इमरान लोकप्रिय हैं। समस्या यह है कि संस्थागत वैधता पहली बार लोकप्रिय वैधता से कमजोर महसूस की जा रही है। यह स्थिति सेना के लिए सामरिक खतरा है, न कि केवल राजनीतिक असुविधा। पुलिस-सेना की कार्रवाई के बावजूद पंजाब में पीटीआई के प्रति जनमत बरकरार है। खैबर पख्तूनख्वा में सेना और केंद्र के प्रति असंतोष ऐतिहासिक रूप से बढ़ रहा है। पीटीआई अब प्रांतीय पहचान के प्रतीक के रूप में बदल चुकी है। सिंध यानी कराची में इमरान के लिए भारी समर्थन, लेकिन ग्रामीण सिंध पीपीपी के पीछे परंपरागत रूप से मजबूती से खड़ा है। बलूचिस्तान का संकट अलग प्रकार का है। इमरान बनाम सेना की लड़ाई से ज्यादा बलूच अस्मिता बनाम इस्लामाबाद का टकराव प्रमुख है। साउथ एशिया पॉलिसी कंसोर्टियम का आकलन है कि केंद्र व सेना की शक्ति इस्लामाबाद रावलपिंडी कॉरिडोर में सिमटी हुई है, जबकि इमरान की लोकप्रियता भौगोलिक रूप से राष्ट्रव्यापी और जनसांख्यिक रूप से गहरी है।

## एक नज़र

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** इंफाल में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों समेत सात लोगों को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कामजोंग जिले के फेकोह चौकी पर शुक्रवार को नियमित जांच के दौरान 57 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद किए जाने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के अज्ञात उग्रवादी समूहों से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार, पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक कार्यकर्ता को इंफाल पश्चिम जिले के खगेमपल्ली स्थित उसके आवास से रविवार को गिरफ्तार किया गया और वह चिकित्सकों, अस्पतालों, स्कूल वैन संघों, स्कूल, बेकरी, जिम तथा आम नागरिकों से जबरन वसूली करने में शामिल था। प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के दो सक्रिय सदस्यों को इम्फाल पूर्वी जिले के कांगला सिपाई और थौबल जिले के इंगोरोक से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान में चार आतंकी ढेर, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक पुलिस जांच चौकी पर हमले के बाद हुई झड़प में कम से कम चार आतंकवादी और दो पुलिसकर्मी मारे गए। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मध्य कुर्रम जिले के चिनाराक क्षेत्र में एक पुलिस चौकी पर हमला किया, जिसके बाद हमलावरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, जिसमें चार आतंकवादी मारे गये तथा छह अन्य घायल हो गये। गोलीबारी में दो कांस्टेबल मारे गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

### हांगकांग त्रासदी : मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

**हांगकांग।** हांगकांग में पिछले हफ्ते लगी भीषण आग में कम से कम 146 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच लोगों ने बड़ी संख्या में मदद आगे बढ़ाई है। ऐसे में अब तक करीब 900 मिलियन हांगकांग डॉलर (115 मिलियन यूएसडी) दान जमा हो चुका है। लेकिन जैसे-जैसे हादसे की जिम्मेदारी पर सवाल बढ़ रहे हैं, सरकार पर आलोचना रोकने के आरोप लग रहे हैं। आग से जले वांग फुक कोर्ट परिसर के बाहर बड़ी संख्या में लोग फूल, कार्ड और संदेश रखकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं स्थानीय निवासी कह रहे हैं यह समय एक-दूसरे की मदद का है।

### चीन में रिकॉर्ड 37 लाख लोगों ने दी सिविल सेवा की परीक्षा

**बीजिंग।** चीन में रविवार को 37 लाख से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा दी। चीन में सिविल सेवा के लिए उम्र सीमा को 35 साल से अधिक बढ़ाने के बाद यह पहली राष्ट्रीय परीक्षा थी। यह रिकॉर्ड संख्या देश में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों की मांग को दर्शाती है। राज्य संचालित समाचार एजेंसी ने बताया कि इस परीक्षा में औसतन प्रति सीट 98 आवेदक प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन रिक्तियों में से लगभग 70 प्रतिशत कॉलेज के नए स्नातकों के लिए आरक्षित हैं।

### सीरिया में लोकतंत्र अभी दूर, पर सुधार अच्छा : एमनेस्टी

**दमिश्क।** गैर सरकारी वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने कहा है कि सीरिया में नई सरकार ने सुधारों और संक्रमणकालीन न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है, लेकिन लोकतंत्र की कमी अभी भी है। बशर असद की सरकार गिरने के एक साल बाद कैलामार्ड का कहना है कि कानूनी सुधार योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का स्वागत होना सकारात्मक संकेत है।

### दहेज के लिए बहू को गला घोंट कर मार डाला

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र के कसोली गांव में दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने कथित तौर पर 28 वर्षीय विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़िता हिना को लंबे समय से दजेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। रविवार शाम को उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डी वाजपेयी ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति खुशनसीब, ससुर इंतजार, सास फरजाना और दो देवरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। वाजपेयी ने कहा कि आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम बनाई गई है।

## मेरी राह मेहनत व लगन से बनी है : शगुन पांडे



**मुंबई।** पॉपुलर शो 'सरू' इन दिनों दर्शकों के दिलों को जीत रहा है, खासकर सरू और वेद की खूबसूरत, और दिलचस्प लव स्टोरी की वजह से। लेकिन वेद बिरला की खामोश और दमदार मौजूदगी और गहरे जज़्बातों के पीछे एक और दिलचस्प कहानी चल रही है - उस एक्टर की, जिसने इस किरदार को इतने आत्मविश्वास और गहराई से निभाया है। शगुन पांडे बताते हैं कि ''वेद का सफर उनके करियर के सबसे चैलेंजिंग और खुद को बदल देने वाले दौरों में से एक रहा है। शगुन कहते हैं, ''लोगों को अक्सर लगता है कि टीवी एक्टर्स बस आते हैं और एक्टिंग करते हैं, लेकिन वेद को निभाने में मेरी पूरी लाइफस्टाइल बदल गई। 12 घंटे तक सेट पर रहने के बाद शूट से सीधा निकलकर दो घंटे के जिम सेशन में जाता हूं, क्योंकि इस काम की यही मांग है।'' एक्टर्स को लेकर लोगों में जो ग्लैमर वाली सोच रहती है, उसके उलट शगुन कहते हैं कि ''उनकी राह मेहनत, लगन और अनुशासन से बनी है, न कि किसी शॉर्टकट से। मैं कभी प्लान बी पर भरोसा नहीं करता। अनुशासन ही मेरी अलार्म घड़ी है - मेरा शरीर खुद बताता है कि कब उठकर काम करना है। लोग मुझे 'लकी' कहते हैं तो मैं मुस्कुरा देता हूं, क्योंकि वे मन में चल रही दुविधाओं, काम के लंबे घंटे और वो त्याग नहीं देखते।

## नए सफ़र को लेकर उत्साहित टीवी कलाकार!

साल 2025 एण्डटीवी के लिए नई एनर्जी और नए टैलेंट लेकर आया। एण्डटीवी चैनल के लोकप्रिय शोज़ में इस साल कई नए कलाकार जुड़े हैं। इनमें 'घरवाली पेड़वाली' में सावी के रूप में सीरत कपूर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू के रूप में संजय चौधरी और 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान के रूप में विपिन हीरो शामिल हैं। तीनों ही कलाकार अपने नए सफ़र को लेकर बेहद उत्साहित और आभारी हैं। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रहीं सीरत कपूर कहती हैं, ''मैंने सोचा भी नहीं था कि 2025 मेरे लिए इतना बड़ा सरप्राइज़ लेकर आएगा। सावी का जीवंत किरदार निभाना मेरे लिए खुशी की बात है।'' इधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू का किरदार निभा रहे संजय चौधरी ने कहा ''इस लोकप्रिय शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मलाइका को लेकर उसकी दीवानगी कहानी में एक प्यारा और नया एंगल लाती है जिसे एक्स्प्लोर करने के लिए मैं उत्साहित हूं।'' उधर, 'भाबीजी घर



पर हैं' में मलखान का किरदार निभा रहे विपिन हीरो कहते हैं, '''भाबीजी घर पर हैं' से जुड़ना मेरे लिए दूसरी बड़ी शुरुआत जैसा है। मैं कोशिश करूंगा कि किरदार की असलियत को बनाए रखते हुए उसमें अपनी ताज़गी जोड़ सकूं।'' गौरतलब है कि एण्डटीवी पर 'हप्पू की उलटन पलटन' रात दस बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात साढ़े दस बजे सोमवार से शुक्रवार प्रसारित है। 'घरवाली पेड़वाली' शो का प्रसारण जल्द ही प्रारंभ होने वाला है।

## खालिदा जिया की हालत अब भी गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 80 वर्षीय जिया की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। खालिदा जिया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छाती में संक्रमण हुआ था, जिससे उनके हृदय और फेफड़ों पर असर पड़ा। चार दिन बाद उनकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बिगड़ने के कारण उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़्वी ने रविवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी स्थिति और बिगड़ी नहीं है, लेकिन बहुत सुधार भी नहीं हुआ।

बाजार दर्पण







